मेरा यह लोभी मन (पेटू) हाथी है। इस हाथी ने हर घड़ी बल मांगा है। इसके चंगुल से हजारों-लाखों में से एकाध बचा हो तो हो, अन्यथा इसने सबको पददलित कर दिया है।

This avaricious mind of mine is an elephant (gluttonous, with an unsatiated hunger) which has asked for more energy (fulfilment of desires) time and again. Well, a rare case out of a million might have survived (escaped) its (mind's) wrath or madness; otherwise, as the fact is, it has trampled every being to death.

62

त्रेशि ब्वछि मो क्रे शिनावुन;
यान्य् छ़ययि ताज संदारुन दिह।

फ्रठ चोन धारुन तॅ पारून,
कर व्वपकारुन स्वय छै क्रय ।।

भूख-प्यास से इस (देह) को तड़पाना नहीं । ज्योंही (भूख-प्यास के मारे यह) बुझने लगे, तभी इसको संभालना । तेरे व्रतोपवास और साज-सिगार पर फिटकार है । उपकार कर, वही तेरा परम् कर्तव्य-कर्म है ।

Do not cause it (body of yours) yearn for food and water. Maintain it (or feed it with food and water) as it languishes. Fie upon (cursed be) your fasts and adornment (with religious marks etc.) ! Do good to others (selflessly) for that is the real religious practice (which will see you through).

63

ज़नम प्रॉविथ व्यभव ना छ़ोडुम,
लूभन भूगन भॅरुम न प्रय् ।
सोमुय आहार स्यठा ज़ोनुम,
च़ोलुम द्रख-वाव पोलुम दय् ।।

जन्म पा कर मैंने विभव (सुख-ऐश्वर्य) की चाह नहीं की । लोभ और भोगैश्वर्य को प्रिय नहीं माना । युक्ताहार को ही पर्याप्त माना । इससे मेरा दुख-दैन्य दूर हुआ और मैंने दई (देव) की पूजा की ।

Having attained this human form I never desired (hankered after) luxuries (comforts and affluence). Nor was I ever given to enjoyment of pleasures (and luxuries) or avarice. Normal diet in normal measures was just enough for me. Surely, this very attitude dispelled all my griefs and miseries. Lo ! I worshipped my Lord thus (in complete dedication of my self).

64

ख्यनॅ ख्यनॅ करान कुन नो वातख्,
न ख्यनॅ गछ़ख अहंकारी ।
सोमुय ख्य मालि सोमुय आसख्,
समि ख्यनॅ मुच़रनै बरॅन्यन् तॉरी ।।

खान-पान के अतिरेक से किसी उद्देश्य को नहीं पायेगा और निराहार (व्रतोपवासी) बन कर अहंकारी बन जायगा । खाना युक्त हो, (न कम न अधिक), उसी से समरसता रहेगी । और युक्ताहार-विहार (समरसता) से ही बन्द द्वार खुल जायेंगे ।

Eating too much (Indulging your senses, sensory organs or sensory objects) will not help you achieve your object (will lead you astray from the ultimate goal) and starvation (refraining from them in an unnatural way) will make you an egotist. Your food or diet (enjoyment or fulfilment of desires etc.) must be normal (neither little nor much) for that will make you normal and lead to an equipoise (an equilibrium of mind). The closed doors (plexi) will be opened to you if you remain within normal limits and have a mental equlibrium.

65

ख्यथ गँडिथ श्यमि ना मानस्,
ब्रान्थ यिमौ त्रॉव तिमै गय खॅसिथ ।
शास्त्र बूजि़थ छु यमॅ भय कूर–
सु ना पोच़ तॅ दनी लॅसिथ ।।

खाने-पहनने से ही मन की शान्ति प्राप्त नहीं होती । जिन्होंने झूठी आशा को त्याग दिया, वे ही उन्नति-शिखर पर पहुंचे । शास्त्र पढ़-सुन कर मनुष्य को यम-भय अति क्रूर दिखने लगता है । जिस धनी (भाग्यवान्) को ऋण न मिला अर्थात् जिसने झूठी आशाओं का सहारा नहीं लिया, वही आनन्द का भागीदार बना ।

Peace of mind cannot be attained by eating and dressing up alone. Those who abandoned false hopes reached the zenith (of rise and well being). The fear of Death stares so heartlessly in the face of one (horrifies one) who has listened to (and read) the holy scriptures. Verily, he (that fortunate being) alone attained Bliss who did not seek the support of those (false hopes). [He who abandons all hopes and surrenders to Him attains Bliss or the final Beatitude.]

66

ह्यथ करिथ राज फेरिना,
दिथ कॅरिथ तृप्ति ना मन ।
लूभ व्यना जीव मरिना,
ज़ीवन्त मरि तय सुय छुय ग्यान ।।

राज्य पा कर और उसका उपभोग करके भी मन संतुष्ट नहीं होता । राज्य त्याग कर भी मन की तृप्ति नहीं होती । लोभ-हीन होकर जीव (मानव) मरता नहीं । यदि कोई जीते जी ही मर जाय तो वही (तत्व) ज्ञान है ।

You cannot satisfy yourself (your mind) even if you are made a king and asked to enjoy the fruits of your kingdom. And how can you feel satiated if you abdicate sceptre and crown. He who discards avarice does not die (is not reborn). Verily, the self-realisation is to die while one is alive. [Controlling one's senses and weaning them away from their objects to the extent of being dead to worldly life and being completely detached is to be 'Jivanmukta' (liberated soul in a living frame.]

67 (क)

कुस मरि तय कस् मारन,
मरि कुस तय मारन् कस् ।
युस हर-हर त्रॉविथ घर-घर करे,
अदॅ सु मरि तॅय मारन् तस्

कौन मरे और किसको मारें, यह तो बता ? जो हर-हर (शिवनाम का जाप) तज कर घर के कार्यों (भौतिक-सुख-वैभव) में ही उलझा रहे, वही मरेगा और उसी को मारेंगे भी ।

Who will die or who will be killed, tell me if you know ? Listen ! Verily, he does die or is killed who abdicates the practice (recitation of Shiva's name :

'Har Har !') and indulges himself in worldly pleasures. [Attachment to and indulgence in worldly objects ensnares a man and he is involved in the cycle of births – is dead and born time and again.]

67 (ख)

ग्वर शब्दस युस यछ्-पछ् बरे,
ग्यानॅ वगि रटि च्यतॅ त्वर्गस् ।
यन्द्रयै शोम्‌रिथ आनन्द करे,
अदॅ कुस मरि तयॅ मारन कस ।।

गुरु शब्द पर जो प्रतिपूर्वक आस्था रखे, ज्ञान की वल्गा (लगाम) द्वारा चित्त-अश्व (मन के चंचल घोड़े) को वश में रखे। जो इन्द्रिय-शमन कर सके। उसी को आनन्द प्राप्ति होगी। ऐसी स्थिति में कौन मरे और किस को मारे ? अर्थात् ऐसी आत्मा मरण-भय से रहित होगी।

He who has full faith in his preceptor's word, holds the horse of his mind (fickle as it is) with the reins of his knowledge (self-realisation) and does restrain his senses, will, surely, attain Bliss. How will such a realised soul die or be killed ? [They alone are free from the cycle of births who have attained self realisation]

68

शील तॅ मान छ्युय पोज़ क्रंजे,
म्वछि यॅमि रोट मॅल्य् योद वाव ।
होस्त युस मस्त वालॅ गण्डे,
ति यस् तगि तॅय सु अदॅ निहाल ।।

ख्याति एवं मान छलनी में जल समेटने जैसी प्रक्रिया है। अर्थात् व्यर्थ यत्न है। हाँ, पवन को मुट्ठी में बाँध लेने जैसी पहलवानी जो कर सके, जो हाथी को केश के धागे से बाँध सके यह सब जिससे संभव हो—वह अवश्य निहाल (आत्मज्ञान से समृद्ध) हो जाएगा।

Making name and fame are as futile for pursuit of Truth as drawing water with sieve (vain attempts as churning water). He who is strong enough to hold air in his hand or tether an elephant with a single hair, will surely be the recipient of His blessings. [Attainment of Truth is a very difficult, almost impossible, task which needs Herculean efforts. Labouring hard for earning name and fame is contrary to the spiritual pursuit.]

69

ज़ल थमवुन हुतवह तुॅरनावुन्[1],
ऊर्ध्वगमन पूर्यव चर्यथ् ।
काठ धेनि द्वद श्रमनावुन्,
अन्तिह सकलुय कपट-चर्यथ् ।।

बहता हुआ (नदी या वर्षा का) जल रोकना, अग्नि-ज्वाला का शमन, पैरों द्वारा ऊर्ध्वगमन (भूमि में ऊपर उठ कर आकाश मार्ग की ओर वायु में चलना), काठ की धेनु (गाय) से दूध प्राप्त करना—ये सब अन्ततः कपट-चरित हैं। (यहाँ पर योग-सिद्धियों का घटियापन व्यक्त किया गया है।

पाठभेद – १. शमनावुन

Stopping a downpour or running stream, extinguishing fire, levitating (or walking on air above earth), milking a wooden cow (or dead cow)—all these are but occult performances (or mystic miracles), nothing short of a legerdemain. [Lalla has derided the 'Siddhis' (miraculous achievements in Yoga) as these are the will-o'-the-wisp for an aspirant.]

70

यॅमि् लूभ मन्मथ मद चू्र मोरुन्,
वतॅ नॉशि मॉरिथ ति लोगुन दास ।
तॅमि सहज् ईश्वर गोरुन,
तॅमिय सोरुय व्यंदुन स्वास् ।।

जिसने लोभ, मन्मथ (काम) और मद (अहंकार) रूपी चोर मारे और इन बटमारों को मार कर जो दास (जन-सेवक) बना । वही सहज ईश्वर का जिज्ञासु है और उसी की दृष्टि में यह सब राख (निस्सार) है ।

He who has crushed the robbers (as avarice, cupidity, passion and ego), of his vitals, and has become a servant of the people after annihilating the bandits (lust, desire and ego), is the real aspirant to the Perpetual, Unobstructed One, and to him all these worldy pleasures or temptations are but dirt and dust.

71

मारुख मारॅभूत काम-क्रूध-लूभ,
न तॅ कान बॅरिथ मारि नय पान् ।
मनै ख्यन् दिख स्वव्यचा्रॅ शम,
विषय तिहुंद क्याह् क्युथ दोर ज़ान् ।।

काम, क्रोध, लोभ घातक हैं—इनको मार कर समाप्त कर दे, अन्यथा ये तुझको अपने तीरों का लक्ष्य बनायेंगे । जान-बूझ कर इनको सुविचारों के खाद्य द्वारा शान्त स्थिति में ले आ । यह दृढ़ता से जान ले कि इनके विषय क्या व कैसे हैं ।

Crush to death your mortal enemies viz., passion, anger and avarice, or else they will crush you with their darts. Feed them with pious thoughts in a calculated way and calm them down. Be firm in your discretion and understand their (of passions etc.) objects as also their behaviour.

72

रंगस् मंज़ छुय ब्योन-ब्योन लबुन,
सोरुय चालख बरख स्वख् ।
चख रुॅश त वैर गालख,
अदॅ डेंशख शिव सुंद म्वख ।।

विश्व-रंगस्थल में उसके (ईश्वर के) विविध नाम-रूप हैं । इस विविधता में ही उसे पाना बड़ी बात है । सब कुछ यदि सह लेगा तो सुख पायेगा । क्रोध, घृणा और वैर समाप्त कर दे, तभी शिव का मुख देख पायेगा ।

You will find His different forms on the stage of this world. Finding Him out in this diversity is a task. If you tolerate everything, you will be happy. Verily, you will be able to see Lord Shiva if you crush (put an end to) anger, hatred and enmity in you.

73

लूभ मारुन सहज् व्यच़ारुन,
द्रोग ज़ानुन कल्पन् त्राव ।
निशि छुय तॅय दूर मो गारुन,
शून्यस् शून्या मीलिथ् गौ ॥

लोभ तज दे, सहज (स्वात्मानुभूति) का विचार कर । उसका पाना बहुत महंगा पड़ता है । कल्पना-मात्र छोड़ दे । वह तेरे निकट है, दूर ढूंढ़ने की आवश्यकता नहीं । वह शून्य के साथ शून्य मिल जाने के अतिरिक्त कुछ नहीं ।

Abandon (part with) your avarice; meditate on your natural Perpetual Self. Attaining Him costs much : imagination is of no avail. He is near you, do not travel far and wide in search for Him. He is very much in you. Behold ! the void has merged in the transcendental void.

74

पर तॉय पान यॅमि् सोम मोन्,
यॅमि ह्यु् मोन द्यन क्यो राथ् ।
यमिसॅइ अद्वय मन सांपुन्,
तमी ड्यूँठुय सुर-गुरुनाथ ॥

जिसने अपने पराये को समान माना; जिसने दिन और रात में समदृष्टि अपनाई, जिसका मन अद्वय (द्विधा-रहित) हुआ, उसी ने सुरगुरुनाथ (परम् शिव) के दर्शन किये ।

He alone could have glimpse ('darshan') of the Supreme Being (Supreme Shiva) who treated alike (equally) himself and others, who did not distinguish between day and night (was in constant meditation round the clock), and whose mind was free from duality.

75

नाथ ! ना पान ना परज़ोनुम्,
सदॉइ बूदुम यि क्व दिह् ।
च् बो बो च् म्युल नो ज़ोनुम,
च् कुस ब्व क्वस्स छु संदिह् ॥

हे स्वामी, न मैंने अपने आप को पहचाना न पराये को । सदा इस शरीर को दुख देती रही । 'तू मैं है', 'मैं तू हूं'—यह मेल का रहस्य मैं समझ न पाई । इसी सदेह में रही कि तुम कौन हो और मैं कौन हूं ।

My Lord, I never made any distinction between mine and other's. I always inflicted suffering on this cursed body. 'You are I', 'I am You'—this mystery of identification was always beyond my comprehension. Consequently, I was overtaken by a feeling of uncertainty about You and myself. [My doubt remained about the answers to these questions: – 'Who are You ?' and 'Who am I ?']

76

शिव शिव करान् हम्सॅ गथ स्वरिथ,
रुज़िथ व्यवहॉर्य द्यन् क्यो राथ ।

लागि रुस्त अद्वय युस मन कॅरिथ,
तॅसि् न्यथ् प्रसन सुरगुरुनाथ ।।

शिव-नाम जपते हुए, हंस गति (सोऽहम्) का ध्यान धारण कर जो दिन-रात व्यवहारी (सांसारिक कार्यरत) रहे और अपने मन को निस्पृह और द्वित्व भावहीन बनाये, उसी पर सुरगुरुनाथ (परम शिव) नित्य प्रसन्न रहते हैं।

The Supreme Being is pleased with (blesses) him who, while busy with his worldly errands day and night, recites the name of Shiva with every breath, is free from any desire or attachment or duality, and is one with the Perpetual Unobstructed Sound 'So'ham' (That am I !).

77

कन्यौ गेह तॅजि् कन्यौ वनवास्,
व्यफोल मन ना रॅटिथ तॅ वास ।
द्यन राथ गॅंज़रिथ पनुन श्वास,
युथुय छुख तॅ त्युथुय आस् ।।

कइयों ने गृह त्याग दिये, कई बनवास करने लगे। चंचल मन अगर नियन्त्रित न हुआ तो सब विफल है, कहीं भी सुख नहीं मिलेगा। रात-दिन श्वासोच्छ्वास का हिसाब रख अर्थात् साँस के हर उतार-चढ़ाव में उसका ध्यान धर, फिर जिस भी स्थिति में तू है, वैसे ही रह। स्थान-परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं।

Some have renounced their homes and hearths and others have taken to forests. Well, if the mercurial mind is not brought under control, one can never have peace or happiness. Meditate on Him with every breath you draw in or out day and night (Be immersed in Him), and remain in that state wherever you are (whether it be home or forest).

78

कलन कालॅ ज़ॉल्य् योदवै च्य गोल,
व्यन्दिव गेह् वा व्यन्दिव वनवास ।
ज़ॉनिथ सर्वगथ प्रभु अमोल,
युथुय जा़न्यख[1] त्युथुय आस ।

यदि काल के जाल (समय-चक्र) के साथ-साथ तेरी कलना (इच्छाएं) मिट जायें, फिर तुम गृहस्थी रहो चाहे वनवासी बन जाओ। यह जान कि प्रभु सर्वगत और निर्मल है, तू जैसे उसको समझेगा, वैसी ही तेरी प्राप्ति होगी।

If the vicissitude of time (its rotating wheel) drives away your desires, you are treading the right path, no matter whether you are a householder (worldly man) or a recluse (in seclusion). Know you that the Supreme Being is omnipresent and spotless; for you will attain only what you take That to be.

79

च्यदानन्दस ग्यानॅ प्रकाशस,
यिमौ च्यून तिम ज़ीवन्तय् म्वख्तॅ ।

पाठभेद – १. ज़ानख

विषमस समसारनिस पाश्यस,
अबोद्य् गंडाह् श्यथ-श्यॅत्य् दित्य् ।।

जिनको चित्त का आनन्द और ज्ञान के प्रकाश की उपलब्धि हुई, वे ही जीवन-मुक्त हैं। संसार के इस विषम पाश को मूर्ख लोग सौ-सौ गाँठ दे-दे कर उलझाते रहते हैं।

They alone are 'Jivanmuktas' (liberated souls in living frames) who attain bliss of mind and light of knowledge (self realisation). The foolish (Unintelligent) are complicating the knotty wordly snare by tying many more knots. [Involvement due to attachment deepens and human soul is further drawn into the cycle of births and the consequential tribulations and ailments]

80

लोलुक नार ललि ल्वलि ललनोवुम,
मरनय म्वयस तॅ रूज़स नॅ ज़रै ।
रंगरॅछि ज़ातुसॅइ क्याह् नॅ रंग गोम,
बो दपुन चोलुम क्याह् सन करै ।
रावनॅ मंज़य रावुन रोवुम,
राविथ अथि आयस भवसरै ।
असान गिन्दान सहज़ॅइ प्रोवुम,
दपॅनुय कोरुम पानस सरै ।।

प्रीत-ज्वाला को अपनी कोख में भर कर मैंने सह लिया। मरने से पूर्व ही मर गई, किंचित् भी बची न रही। मेरी जाति निर्वर्ण थी, फिर भी सभी रंग मैंने अपना लिए। 'मैं हूँ!' यह प्रवृत्ति मुझ से छूटी, और क्या कर सकती। मैं खो गई, उसी में से मेरा खोना खो गया—खो कर ही भवसागर में मिल गई (प्रकट हुई)। हँसते-खेलते मैंने सहज-प्राप्ति की। यही कथन ही मैंने आत्मबोध का आधार बनाया।

I, Lalla, endured (fondled in my lap) the red flames of love and yearning for Him. I became extinct before my death. I was born colourless and creedless, yet I put on me all the outer colours. What more could I achieve except that I was rid of ego (I-ness or mine-ness) ! I was lost and in that state I as well lost the sense of having been lost (transcendental state of the subtle consciousness) till I was traced (manifested) in this worldly ocean. Playfully I attained the Perpetual, Unobstructed Self and this dictum I tried on myself. [This refers to the transcendental cognition of the Supreme Self.]

81

लोलकि व्वखलॅ वालिज पिशिम्,
क्वकल चॅजिम तॅ रूज़ॅस रसॅ ।
बुज़ॅम तॅ ज़ॉजिम पानस चुशिम्,
कवॅ ज़ानॅ तवॅ सीत्य् मरॅ किनॅ लसॅ ।।
बोय ना म्वयस तॅ बोय ना मरॅ,
यलि अछौ डीशिथ कनौ बुज़िथ केंह बाव[1] ।।

प्रीति के खरल में मैंने दिल को पीसा। कुवासना मिट गई और मैं शान्त रही। फिर मैंने दिल को भूना-पकाया और उसका स्वाद चखा। कैसे जानूँ कि इस (क्रिया) से मैं मर जाऊँगी या जीवित रहूंगी। जब मैं आँखों से देख और कानों से सुनूंगी तो मैं न मरी और न मर जाऊँगी। (पाठभेद)—जो कुछ मैंने देखा-सुना, उसको जब मैं व्यक्त कर सकूँ तो मैं सदैव जीवित हूँ।

पाठभेद—१. यलि अॅछौ डेशॅ तॅ कनौ बोज़ॅ ।

I ground my heart fine in the mortar of love. The evil lust in me was rooted out and I was calm and quiet. Then I roasted and boiled it (heart) and had its taste. How do I know whether I die or survive in this practice Verily, I shall never die (nor did I ever die) if I could express 'anything' after I see Him with my own eyes and hear Him with my own ears.

82

पोत ज़ूनि व्वथिथ मोत बोलनौवुम्,
दग ललनॉवम दयि सँज़ि प्रये ।
लॅलि-लॅलि करान लाल वुज़नोवुम,
मीलिथ तस मन श्रोच्योम् दहे ॥

निशा के अन्तिम प्रहर में जब चन्द्रास्त होने को था, उस घड़ी जागकर मैंने इस चंचल मन को बहुत समझा-बुझा कर परमार्थ की ओर प्रवृत्त कर दिया। दई की लगन के कारण मैंने व्यथा-वेदना प्रसन्नभाव से सह ली। 'मैं लल्ला हूँ !' 'हाँ' मैं लल्ला हूँ !' यही पुकार-पुकार कर मैंने अपने प्रिय (इष्ट) को जगाया। उससे मिलकर मेरा मन-युक्त दस इन्द्रियों का यह देह पावन हो गया।

Having awoken in small hours (last quarter of night as the moon was about to set), I set my heart at Him while I was cheerfully bearing the pangs of separation. Calling 'I am Lalla !', 'I am Lalla !' I awakened my darling deity. My body and mind were sanctified after I had His 'darshan'.

83

श्य वन च़टिथ शशिकल वुज़ॅम्,
प्रकत होंज़ॅम पवनँ सूतिय ।
लोलकि नारॅ वॉलिज़् बुज़ॅम,
शंकर लोबुम् तमिय सूॅतिय ॥

छः वन (शक्ति के छः चक्र) लांघ कर मैं आई और शशिकला को मैंने उजागर कर लिया। अर्थात् जब मैंने सांसारिक बन्धन के विभिन्न प्रलोभनों को योगादि क्रियाओं द्वारा नियंत्रित कर लिया तभी उस चन्द्रकला तक पहुंची जो परम् शिव का स्थान है। इसके लिए मुझे प्राणाभ्यास द्वारा प्रकृति को सुखाना अथवा एक प्रकार से होमना पड़ा और प्रीत (देवानुराग) की आंच से अपना हिया (दिल) भूनना पड़ा। इसी (योगादि तप) द्वारा मैं शंकर को पा सकी ।

The orb of Moon (Shiva's abode) was manifest only when I crossed the six plexi. This could be possible only when I curbed the several temptations of worldly ties with breath-control and self-mortification, I roasted my heart in the fire of love and thereby I could find Shankar (Supreme Being).

84

दमी ड्यूँठुम शबनम् प्यवान
दमी ड्यूँठुम प्यवान सूर,
दमी डींठॅम् अजिगटॅ रातस
दमी ड्यूँठुम द्रहस नूर।
दमी ऑसॅस ल्वकट कूरा
दमी सपनिस जवाँ पूर,
दमी ऑसॅस फेरान थोरान
दमी सपनिस दज़िथ सूर ॥

(सांसारिक वैचित्र्य तथा रूप-परिवर्तन का वर्णन करते हुए 'लल्ला' कहती है) —

अभी मैंने शबनम पड़ती देखी और क्षण भर में ही पाला पड़ता पाया। अभी रात का अधंकार देखा तो अभी दिन का उजाला देखा। अभी मैं अल्पायु बाला थी, दम-भर में ही पूर्ण-यौवना बनी। अभी मैं चलती-फिरती थी और अभी जल कर राख बन गई।

Describing the ever-changing and transitory nature of worldly objects, Lalla says:—

Just now I saw dew-drops forming and in a moment's time I saw the drops freezing into frost. Just now I saw darkness of the night and in a moment's time I saw the broad day light. Just now I was a small girl and in a moment's time I became a young woman. Just now I was roaming and strolling and in a moment I was reduced to ashes.

85

दमी डींठॅम नद वहवॅनिय
दमी ड्यूठुम सुम न तॅ तार।
दमी डींठॅम थॅर फ्वलॅवॅनिय,
दमी ड्यूँठुम गुल न तॅ खार॥

अभी मैंने प्रवाहमयी नदी देखी तो अभी जल का ऐसा विस्तार कि जिस पर न कोई पुल और न कहीं पार उतरने को स्थान; अर्थात् जिसका कहीं ओर-छोर ही नहीं। अभी मैंने विकासमान पुष्प-लता देखी; पर अभी देखा—न कहीं फूल था और न कांटे।

Just now I saw a river flowing by and in a moment's time I saw such an expanse of water which had no bridge (over it) nor any ferry (to cross by). Just now I saw a flower-laden branch (or flowering creeper) and in a moment's time I saw that there was neither any flower nor any thorn.

86

दमी डींठम् ॅगज्य् ॅ दॅज़वनिय,
दमी ड्यूँठुम दुॅह न त नार।
दमी डींठम पाण्डवन हंज़ मॉजी,
दमी डींठॅम क्रॉजी मास॥

अभी मैंने जलता चूल्हा देखा और अभी देखा तो न कहीं धुआँ था और न अग्नि। अभी पाण्डवों की मां को (सुख-सम्पन्न) देखा तो अभी (माता कुन्ती को) कुम्हारिन के घर में शरणागत मौसी के रूप में पाया। (यहाँ पर कुन्ती माँ के शक्तिसंपन्न पाण्डवों सहित राजा से रंक बनने की कथा का संकेत है)। वाख का पूर्ण सार है सब दिन होत न एक समान।

Just now I saw the hearth ablaze with flames and in a moment's time I saw that there was neither smoke nor fire. Just now I saw Kunti (mother of the Pandavas) in the hey dey of her grandeur as the Pandavas' mother and in a moment I saw her in a potter's house as an old aunt. [The wheel of fortune keeps on moving : nothing is permanent here. Prosperity or penury—all are transient.]

87

गाटुला अख वुछुम ब्वछि सीत्य मरान्,
पन ज़न हरान पुहनि वावॅ लाह् ।
न्यश बोध अख वुछुम वाज़स मारान्,
तनॅ लल बो प्रारान् छ़े्न्यम् ना प्राह् ॥

(सांसारिक विषमता का अनुभव व्यक्त करते हुए 'लल्ला' कहती है) :—

मैंने एक बुद्धिमान को भूखों मरते देखा मानो पौष-पत्रन (पतझड़) से वृक्षों के पर्ण झर झर गिर रहे हों। एक बुद्धिहीन को देखा अपने रसोइए को पीटते हुए। (यह वैषम्य जब से देखा) तब से मैं 'लल्ला' उस क्षण की टोह में हूँ, जब मेरे सभी भवबन्धन छूट जायें।

[Expressing the worldly disparities Lalla says :—]

I saw a wise man dying of starvation in the same way as a green tree is defoliated with the cold winds of early winter. I saw a foolish person beating up his cook (Looking to this disparity) I, Lalla, am on the look-out for that moment when my worldly ties are severed.

88

कॅंच़न दितिथम गुलालॅ यच़्इ,
कॅंच़न ज़ोनुथ नॅ दिनस वार ।
कॅंच़न छ़ॅनिथम् नॉल्य् ब्रह्म हॅच़्य,
भगवानॅ चानि गॅच़् नमस्कार ॥

कइयों को तूने (हे विधाता !) भर-भर गुने-लाला दिये, (अर्थात् सुख-संतति से मालामाल कर दिया) और कइयों को कुछ भी न देना तक उचित न जाना। कइयों के गले ब्रह्म-हत्याएं (लड़कियाँ ही लड़कियाँ) मढ़ दीं। भगवान्, तुम्हारी गतिविधि को नमस्कार हो। (ईश्वर, तेरी लीला तू ही जाने।)

(सम्भवतः 'लल्ला' के काल में कन्या-जन्म समाज की कुरीतियों के कारण दण्डनीय माना जाता था।)

O Lord, on some you plentifully bestowed sweet scented flowers (You made them prosperous) and to some others You were not kind enough in granting any boons, yet to some You have passed on curses and curses (curse invoked by a Brahman's murder, 'viz', birth of a daughter, inter alia, was treated as a curse). Obeisances to Your will (doings, sportive manifestation or illusion), my Lord ! (Your doings are beyond my comprehension).

[Birth of a daughter, presumably, was a curse in Lalla's time for the social evils that went with it.]

89

कॅंच़न द्यु्तथम ओरय आलव,
कॅंच़व रचायि नालै व्यथ् ।
कॅंच़न अॅछि लजि मसच्यथ तालव,
कॅंच़न पपिथ गय हालव ख्यथ् ॥

कइयों को तूने अपने आप ही बुलाया अर्थात् जन्मतः ईश-कृपा का भागीदार बनाया और कुछ वे हैं जिन्होंने वितस्ता को ही गले लगा लिया। कुछ हैं कि हाला पीकर उनकी दृष्टि छत की ओर एकटक जम गई है। और कइयों की पकी फसलों को टिड्डियाँ खा गईं।

Some You called out of your own accord (They were born with Your grace awaiting them) and some quaffed at the Vitasta (practised hard penances). Some got intoxicated and bewildered with the liquor (were lost in love for you, or were stunned with the mystic experiences), while there were some whose ripe crops were eaten away by the locust swarms (their labour for attainment was lost).

90

कैंच़न रॅजि छय शिहिज बूज़्,
न्यबर नेरौ शुहुल करौ ।
कैंच़न रॅजि छय बर प्यठ हूज़्,
नेरौ न्यबर त ज़ंग ख्ययौ ।
कैंच़न रॅजि छ़य अदल-तॅ-बदल,
कैंच़न रॅञ्जि छय ज़दल छ़ाय ।।

कइयों की रानियां (पत्नियां) छायादार चनार-सी हैं—बाहर आये कि उसकी छाया तले राहत मिल जाय । कइयों की बीवियां द्वार की कुत्तियाँ जैसी हैं, बाहर आये नहीं कि काटने लगीं । कइयों की पत्नियाँ गडबड़ करने और उलझन बढ़ाने वाली हैं तो कुछ पत्नियाँ ऐसी हैं जो धूप छाँह की तरह आवश्यकतानुसार सहायक होती हैं ।

There are some whose wives are like shady chinar trees. They (you) go near and feel comforted with the shade. There are some whose wives are like bitches at the door : they (you) go out (or come in) and are snapped at by them. There are some whose wives create confusion and complication for them. Yet there are some whose wives are of a mixed temperament and behave as the need arises : like sun and shade they stand by them.

91

कैंह छी न्यंदरि हॅती वुदी,
कैंच़न व्वदॅन्य् न्यसर प्ययी ।
कैंह छी स्नान कॅरिथ अपुतिय,
कैंह छी गेह बॅजि़थ ति अक्रयी ।।

कुछ हैं, जो दिखते निद्रामग्न हैं, पर होते हैं जागृत और कुछ वे हैं जो जागते हुए निद्रारत रहते हैं । कुछ स्नान करके अपवित्र ही होते हैं और कुछ गृहस्थ धारण कर भी अक्रिय होते हैं, अर्थात् कर्म लिप्त नहीं होते । कहने का सार यह है कि मानव शरीर कर्त्तव्यपरायण रहते हुए भी आत्म-स्वातन्त्र्य द्वारा परम् पद पा सकता है ।

There are some who apparently asleep are wide awake. There are some who apparently awake are fast asleep There are some who even having bathed are dirty (sullied, not sanctified). Yet there are some who even being worldly men (householders) are fully detached from worldliness. One can be a true seeker or aspirant for the Truth and get emancipated even if one is discharging one's duties as a human being in this mortal world]

92

ग्रटॅ छु फेरान ज़ेरे ज़ेरे,
ओहकुय ज़ानि ग्रटुक छ़ल ।

ग्रटॅ यलि फेरि तयॅ ज़ॉव्युल नेरे,
गूँ वाति पानै ग्रटॅ-बल ।।

चक्की निरन्तर घुमाते रहो तो घूमती रहेगी, किन्तु चक्की के चक्कर का रहस्य यदि कोई जानता है तो वह है उसका अक्ष। जब चक्की का यह अक्ष चले तो महीन आटा पिसकर निकल आये और गेहूँ स्वतः चक्की के पाटों के निकट पहुंच जाता है। अर्थात् यदि साधक लक्ष्य तक पहुंचने का सतत यत्न करता रहे तो वह ध्येय को पायेगा ही।

The (upper) grindstone moves only when it is set into motion. Its axis-handle alone knows the secret of its circular motion. Only when the upper millstone moves, you get finely ground flour out around it. The grains of wheat are automatically carried between the upper and nether stones for being crushed and ground. [Obviously, constant practice with steadfast devotion will take us to our destination.

93

यथ सरस सिरि फोल ना व्यची,
तथ सरि सकली पोञ्य् च्यन्।
मृग सृगाल गण्ड्य ज़लहस्ती,
ज्यन् ना ज्यन् त तोतुय प्यन ।।

जिस सर (सरोवर) में राई का दाना भी समा न सके, उसी सरोवर के पानी से सबकी प्यास बुझती है। मृग, शृंगाल, गैंडा और जल-हस्ति (जल-हाथी)—सब इसी में उत्पन्न होते ही गिर जाते हैं।

The lake (spring) which cannot contain even a grain of black mustard, quenches the thirst of all. Deer, jackal, rhinoceros and hippopotamus-all these are born out of it and instantly get drowned in to it.

94

त्रयि न्यंगि सराह् सॅरि सरस,
अकि न्यंगि सरस अर्शस जाय।
हरम्वॅख कवॅ सरॅ अख सुम सरस,
सति न्यंगि सरस शिन्याकार ।।

तीन बार सरोवर को जलमय-ही-जलमय (आप्लावित) देखने की याद है। एक बार मात्र अर्श (गगन) पर स्थान (टिकने का थल) देखा ऐसा स्मरण है। एक बार की याद है कि हरमुख से कौंसर तक एक पुल देखा। सात बार सरोवर को शून्याकार (विलीन) होते देखा। (परम पद-प्राप्ति कर 'लल्ला' को पूर्वजन्मों की स्मृति पर भी नियन्त्रण प्राप्त हो सका-जलप्रलय, महाप्रलय और सृष्टि का ज्ञान भी उनसे तिरोहित न रहा।)

I recollect to have seen the lake deluged three times. In one of the three deluges I remember to have seen a foothold on the sky. I also recollect to have seen once a bridge from Harmukh to Kaunsar spring [from 'Sahasrar' (brain) to Manipurak (heart]. Seven times, I recollect to have seen this lake submerged in void. [Lalla could remember her previous births as also the several aeons as water Deluge, the great Deluge and the beginning of creation on this planet.

95

कुस डिंगि तँ कुस ज़ागि,
कुस सर वतरि तेली ।
कुस हरस पूज़ि लागि,
कुस परमॅ पद मेली ।।

कौन सुप्त है और कौन जागृत ? कौन-सा सरोवर है जिससे अनवरत जल बूंद-बूंद रिसता (बह निकलता) है ? कौन सी ऐसी वस्तु है जो हर (शिव) के पूजार्ह हो ? वह कौन सा परम्पद है, जो (साधनोपासना के फलस्वरूप) प्राप्य है ?

Who is asleep and who is awake ? Which is this spring (lake) whereform the ceaseless stream is oozing (flowing drop by drop) ? Which of the things is fit for the worship of Har (Lord Shiva)? Which is that supreme place fit to be attained ? [The questions posed are only to define that Supreme Deity and the means to attain That.]

96

मन डिंगि अक्वल ज़ागि,
दॉड्य सर पंचयॅन्द्य् वतरि तेली ।
स्वव्यचारॅ पोञ हरस पूज़ि लागि,
परमॅ पद चीतनॅ शिव मेली ।।

मन निद्रारत है और 'अकुल' जागृत—अर्थात् जब जीवात्मा सुप्त होती है तो वह उसकी मनस्थिति कहलाती है और जीवात्मा, प्रकृति, देश, काल, पंचत्व की अनुभूति से ऊपर उठती है तो वह सदा जागृत होती है। सुदृढ़, सदा रहने वाला सरोवर पंचेंद्रियां हैं, जिनसे सदा जल निःसृत होता है। स्वात्म-चिंतन का जल है जिससे हर (शिव) की पूजा की जाती है। इस (साधनोपार्जन) से जो परम्पद प्राप्य है, वह है शिव-चैतन्य की उपलब्धि।

Mind is asleep and the Nameless is awake, i. e., when the body (with its soul) is asleep we call it a sleeping state of mind. Once this mind is above nature (with its manifestations in the form of five elements, the senses and the sensory objects), it is always awake. The lake (spring) constitutes the five senses from which water remains oozing. Self-introspection and meditation is the water which can be offered to Har (Shiva). This spiritual practice will make you attain that supreme place which is called 'the consciousness of Bliss' (Shiva chaitanya.')

97

शिव गुर तॉय केशव पलनस्,
ब्रह्मा पायरेन व्वलॅस्यस् ।
युगी यूगॅ कलि परज़ान्यस्,
कुस दीव अश्ववार प्यठ चड्यस् ।।

शिव घोड़ा है और केशव (विष्णु) काठी। ब्रह्मा रिकाबों की शोभा बढ़ाता है। योगी योग-कला से पहचानता है कि वह कौन-सा देव है जो इस अश्व पर चढ़कर सवारी करने वाला है।

Shiva is the horse and 'keshav' (Vishnu) the saddle. Brahma, the

Creater, is adorning the stirrups. Verily, the yogi, with the help of yoga, can find out who the rider on the back of this horse is.

98

अनाहत ख-स्वरूफ शुन्यालय
यस नाव न वरॅण न गुथ् न रूफ् ।
अहं व्यमर्श नाद-बिन्दुय यस वोन,
सुइ दीव अश्ववार प्यठ चड्यस् ।।

जो अनाहत-ओ३म् की अनश्वर ध्वनि है, जो आकाश-स्वरूप (सर्वत्र व्याप्त) है, जिसका वास शुन्यालय (दिशा-कालातीत) सहस्रार है, जिसका न कोई वर्ण है न गोत्र और न ही कोई रूप। जिसके विषय में कहा जाता है कि आत्मविमर्श से (तत्वनिरूपण में) वह नाद व बिंदु का ही प्रतिबिंब है। वही है देवता जो अश्व पर चढ़कर सवारी करता है।

Verily, it is the Perpetual Unobstructed sound of the sacred syllable Om which is permeating everything (and is like sky or void), which has the void of the brain (Sahasrar) as its abode (beyond time and space), which has no colour, no family, no caste and no form, and about which it is said that by self-introspection (and meditation) it is known as the reflection of 'Nada' (sound) and 'Bindu' (point). This very 'Unobstructed sound' is the deity riding the horse.

99

ज़ननि ज़ायाय रॅत्य् तयॅ कॅतिय,
करिथ व्वदरस बहु कलीश ।
फीरिथ द्वार बज़नि वॉत्य् तॅतिय,
शिव छुय क्रूठ तॅय च़ेन व्वपदीश[1] ।।

जननी से भले-चंगे स्वस्थ उत्पन्न हुए, यद्यपि उनके उदर को बहुत क्लेश दिये। फिर-फिर कर वे वहीं लौट आये और उसी द्वार की प्रतीक्षा करने लगे। शिव का पाना कठिन है। ध्यान रख यह उपदेश है।

टिप्पणी में दिए हुए अन्य 'ललवाख' से इसका अर्थ स्पष्ट होता है। इसका तात्पर्य है कि—तुमने गर्भ में ही जो नियम बांधा था उसे स्मरण कर। जीते जी ही तू मरे, तब तुम्हारा मर्तबा (पद) ऊंचा होगा।

Healthy and shapely, we were born from our mother, although we inflicted tortures on her while inside her womb and while coming out of it. Time and again we returned to this form of creation and wanted to be born of a human womb Attaining Shiva is an uphill task, mind you, and take this lesson.

[You have to be dead to this worldly lust and then only you can know the Supreme Being.]

100

ग्वसय शेल[2] पीठस तॅ पटस,
स्वय शेल[3] छय प्रथवुन दीश ।
स्वय शेल[4] शूबवॅनिस ग्रटस्,
शिव छुय क्रूठ तॅय चे़न व्वपदीश ।।

१. नियम कर्योथ गरबा, च्यतस कर बा प्ययी ।
मर्नॅ ब्रोंठॅइ मरबा, मॅरिथ मर्तबॅ हुरी ।।

शब्दभेद—२. ३. ४. शिल

जो शिला पीठ (चौकी) और पट (पाषाणमय सम-तल सड़क) पर है, वही शिला पृथ्वी-तल पर है। वही शिला शोभायमान चक्की में है। शिव-प्राप्ति दुष्कर है। इस उपदेश को सावधानी से समझ ले।

The stone you find in the pulpit and the road is also found on the surface of this earth. That very stone adorns the beautifully running grindstone or the turning mill. To know Shiva is an uphill task, mind you, and take this lesson (for your guidance).

101

यॅहै मातृ-रूप पय दिये,
यॅहै भार्या-रूप करॅ विशीष।
यॅहै माया-रूपॅ अन्ति जुव ह्यये,
शिव छुय क्रूठ तॅय च़ेन व्वपदीश।।

(नारी की महिमा वर्णन करते हुए 'लल्ला' कहती है)

माता के रूप में यही (शिशु को) दूध पिला कर उसका भरण-पोषण करती है और यही (नारी) भार्या-रूप में विशेषत: अपनी (संगिनी) बन जाती है। यही अन्तत: माया रूप धारण करके प्राण-हरण तक कर लेती है। शिव-प्राप्ति कठिन है। तनिक सोच-समझ ले, यह उपदेश है।

Describing the greatness of a woman, Lalla says :

It is the woman who as a mother suckles (man as a child) and nurtures him. It is again the woman who as wife becomes our life-long partner. Verily, it is the woman who as 'maya' (illusion) takes away one's life. To attain Shiva is an uphill task, mind you, and take this lesson.

102

रव मतॅ थलि-थलि तॉपितन्,
तॉपितन् व्वत्तम दीश।
वरुन मतॅ लूक् घरॅ अॅच़ितन्,
शिव छुय क्रूठ तॅय च़ेन व्वपदीश।।

कभी हो सकता है कि रवि थल-थल (हर स्थल) को प्रकाशमान न कर दे? अर्थात् सूर्य-ताप सर्वत्र उपलब्ध है, वह (सूर्य) मात्र उत्तम देश ही नहीं तापता। वरुण (जल देवता) भी घर-घर में प्रविष्ट हुए बिना नहीं रहता। अर्थात् ईश्वर-प्रदत्त सूर्य-जल आदि जिस प्रकार भेदभाव रहित सबके लिए हितकर हैं, उसी प्रकार शिव भी सबका है, सबके लिए है। इसी तत्व (शिव) का समझना कठिन है। ज़रा ध्यान देकर यह उपदेश सुन ले।

Is it ever possible that the sun does not shine alike on every particle and does so only on the best ones? Verily, never. Varuna, the god of water, enters every house (place). Sun and water reach everything, are useful for everything, and are available to all. Similarly Shiva belongs to all and is meant for all. Yet, knowing Shiva is an uphill task, mind you, and take this lesson.

103

शिव छुय ज़ॉव्युल ज़ाल वाहरॉविथ
क्रँज़न मंज़ छुय तॅरिथ क्यथ्।

जिन्दॅ नै वुछॅहन अदॅ कति मॅरिथ,
पान मंज़् पान् कड़ व्यचॉरिथ क्यथ् ॥

शिव महीन जाल बिछाये हुए (सर्वत्र व्यापक) है । देखो तो, सब शरीरों (अस्थि-पंजरों-पदार्थों) में किस प्रकार रच-बस गया है । यदि तू जीते-जी उसका साक्षात्कार न कर पाया तो मर कर फिर क्या-कैसे पायेगा । विवेक और चिन्तन कर स्वात्म में से ही अहंतत्त्व निकाल दे ।

Shiva has spread His fine net everywhere (is omnipresent). Behold, He permeates so subtly every body. How will you see Him (Shiva) after you die if you do not see (recognize) Him while you are alive ? Introspect your self and meditate, and drive away your ego from your body (mind).

104

असे प्वन्दे ज़्वसे ज़ामे,
न्यथॅइ स्नान करि तीर्थ न,
वह्‌य् वहरस न्वनुय आसे,
निशि छुय त परज़ान्तन् ॥

वही (शिव ही) है, जो हंसता है, छींकता है, खांसता है, जम्हाई लेता है । तीर्थों पर वही नित्य स्नान करता है । सारा साल वह अनवरत निर्वसन (दिगम्बर) रहता है । वह तो तुम्हारे निकट है उसे पहचान ले । अर्थात् अण्ड-ब्रह्माण्ड की सभी गतिविधियों का प्रेरक (शिव) तुम से दूर नहीं ; मात्र पहचान (प्रतिभिज्ञा) की कमी है ।

It is He (Shiva) who laugh, sneezes, coughs and yawns. It is He who bathes at shrines everyday. Throughout the year He remains naked. He is very much near you : recognize Him. [Shiva, the inspirer of the macrocosmic and microcosmic activities, is not far away from you. You have only to realise (recognise) Him.]

105

शिव छुय थलि थलि रोज़ान,
मो ज़ान ह्योन्द तॅ मुसलमान ।
त्रुख अॅय छुख तॅ पान् पज़् नाव,
स्वय छै साहिबस सीत्य् ज़ानी ज़ान ॥

शिव स्थल-स्थल पर (सर्वत्र) व्यापक है । हिन्दू और मुसलमान में कोई भेदभाव न कर । यदि तू बुद्धिमान है तो अपना अस्तित्व (आत्म-तत्व) पहचान । वही वास्तव में साहिब (शिव) के साथ तुम्हारी जानकारी है ।

Shiva is all-pervading (present in each particle); never differentiate between a Hindu and a Musalman. If you are shrewd and intelligent, know thy own self : therein lies your acquaintance with God.

106

तन्तॅर गलि तॅय मन्थॅर म्वचे,
मन्थॅर् गोल तॅय मोतुय च्यथ ।
च्यथ गोल तॅय कॅह ति ना कुने,
शून्यस् शुन्याह मीलिथ गौ ॥

तंत्र (आगम शास्त्र-कथन) की इति हुई तो मन्त्र (रहस्यपूर्ण जप-तप योगादि क्रिया) शेष रहा-अर्थात् कथनी (ज्ञानोपार्जन) की सीमा के परे ध्यानोपासना का क्षेत्र बचा रहता है। (और जब) मंत्र भी मिटा तो मात्र चित्त (चिन्मय तत्त्व) बचा रहा। चित्त भी जब मिट कर शिवतत्त्व में मिल गया तो कहीं कुछ न रहा अर्थात् सब अभावमय हो गया-शून्य में शून्य विलीन हो गया।

Tantra (occult) yields to 'mantra' spell), and 'mantra' yields to the consciousness (of mind). But when the mind wanes away, nothing is left. Verily, the void merges with the transcendental void.

107

भान् गोल तॅय प्रकाश आव जूने,
चन्दर गोल तॅय मोतुय च्यथ।
च्यथ गोल तॅय केंह् ति ना कुने,
गय भूर् भुवः स्वर् व्यसर्जिथ क्यथ्॥

भानु (सूर्य) अस्त हुआ तो चन्द्र-ज्योत्स्ना फैल गई। चन्द्र भी छिप गया तो चित्त बचा रहा। चित्त (चिन्मय आभास) भी मिटा तो कहीं कुछ न रहा-सब देश-काल की परिधि से परे हो गया और भूः भुवः (आधिभौतिक, आध्यात्मिक और आधिदैविक तत्त्व) सब नामेशष हो गये; भूमि, आकाश और अवकाश सब ब्रह्मतत्त्व में विलीन हो गये।

The moon shone only after the sun set. As the moon disappeared, the consciousness (of mind) was left. But when the mind also waned away, nothing was left. Verily, the past, present and future (or physical, spiritual and metaphysical)–matter, spirit and the void-all merged into the transcendental void (or disappeared in eternity).

108

अभ्यॉसी सव्यकॉस्य् लय व्यथु,
गगनस सगुन म्यूल समिचूटा।
शून्य् गोल अनामय म्वॅतु,
योहै व्वचदीश छुय बटा॥

जब योगाभ्यास द्वारा दृश्यमान संसार का यह विस्तार लय हो जाता है; जब सगुण (ब्रह्माण्ड) गगन (आकाश-अवकाश) में मिल जाता है अर्थात् जब जीवात्मा योगादि अभ्यास द्वारा अपनी सीमित सत्ता को सीमातीत ब्रह्मतत्त्व में लीन कर देती है तो शून्य (ब्रह्माण्ड-युक्त अवकाश) भी नामशेष हो जाता है - बचा रहता है मात्र अनामय (रोग-शोक-उपाधि विहीन) शिवतत्त्व। हे ब्रह्मण्! यही उपदेश (तत्त्व निरूपण) है।

When by constant practice the manifest (visible) objects vanish away, when the qualified universe merges within the ether, and when the void also vanishes, the Imperishable (Perpetual, Changeless, Nameless) Being alone is left. O Brahman (wise), this is the true teaching (doctrine of the universe).

109

वाख मानस क्वल अक्वल ना अते,
छ्‌वपि मुद्‌रि अति ना प्रवीश।

रोज़ान शिव शकॅथ ना अते,
म्वति यै कुँह् त सुय व्वपदीश ॥

वहाँ (परमतत्त्व) में न वाणी की गति है न मन की पहुंच। वहां 'कुल' (३६ तत्त्वों की सृष्टि) और 'अकुल' (सगुण सृष्टि से परे मनस्तत्व-आकाशादि) की भी पहुंच नहीं। मौन-मुद्राओं का भी वहाँ कोई प्रवेश नहीं। (और तो और) नाम-रूप-मय शिव और शक्ति भी वहाँ (परम्-पद में) नहीं रहते। इस सबसे परे जो कुछ बचा है—वही प्राप्त है—उसी को पाने की शिक्षा है।

There, verily, speech and mind, defined lineage (manifestation of the 36 elements) and the undefined transcendental (nameless or superconscious) feeling have no approach. Nor have quietism and yogic postures of mind (or 'Hathayoga, exercises) any access to Him. Nor even Shiva and Shakti have their abode There (the Supreme Abode). Whatever is beyond all these is your destination, which you must know and attain. [This is the lesson for you, O wise.]

110

च् ना बो ना ध्येय ना ध्यान्,
गौ पानै सर्व क्रिय मॅशिथ।
अन्यौ ड्यूंठुख कॅंछ् ना अनवय,
गयि सथ लयि पर पॅशिथ॥

वहाँ न 'तू' है न 'मैं' हूं न ध्येय है और न ध्यान। सर्वक्रयी (विश्वकर्त्ता) स्वयं भी (उस स्थिति में) गुम है। अन्धों ने इस दृष्टान्त का कोई अर्थ नहीं पाया-अर्थात जो वस्तुत्त्व और आत्मतत्त्व के रहस्यों से अनभिज्ञ है एसे ज्ञान-चक्षुहीन लोगों को यह बात अर्थहीन लगी, किन्तु जब सत् (सज्जनों) ने पर (उत्तम-ईश तत्त्व) का साक्षात्कार किया तो वे तल्लीन हो गये। (अन्यार्थ) जब साधक को परमशिव (शिवदृष्टि) मिली तो सप्त भुवन लय हो गये-एक परम् शिव की सत्ता शेष रही।

Neither You nor I nor the object of meditation and nor even the process of meditation are There. The All-doing (Lord) is Himself lost There. It is beyond Trinity, and even trans-Trinity feeling should vanish. The worldly blind (worldly men without the true knowledge or realisation) could not follow the formula and branded it as meaningless. But when the true of heart and practice (the devout) had a glimpse ('darshan') of the Supreme Shiva, they got merged with Him and attained final beatitude (or the true devout had His 'darshan' and found nothing but Shiva all around).

111

तूॅरि सलिल खोतॅ तॉय तूरे,
ह्यॅम्य त्रि गै ब्यन-अब्यन् व्यॅमर्शा।
चैतन्य रव् भाति सब समे,
शिवसय चराचर जग पशा।

शीत जब सलिल (जल) पर अभिभूत होती है तो वह जम कर यख बनता है या हिम का रूप धारण करता है। विमर्श से काम लिया जाय तो जल के इन तीन रूपों (सलिल,

यख और बर्फ़) में भेद होते हुए भी मूलतः कोई भेद नहीं। जब चैतन्य (विवेक-रूपी) रवि इन पर चमकता है तो ये सब समान (एकाकार) होते हैं। तब चराचर जगत् शिवमय दिखाई देता है।

Water, when frozen with intense cold, changes into snow or ice. If you dispassionately think over the three forms (of water) you will find that these three are fundamentally the same and there is no difference whatsoever. When the discerning sun shines on them, they become uniform in every respect. Verily, the entire world—manifest as mobile and stationary—then appears permeated with Shiva.

112

चॅय दीवॅ गरतस तॅ धरती स्रज़ख,
च्यै दीवॅ दितिथ क्रंज़न् प्राण।
चुॅइ दीव ठनि रुस्तुय वज़ख,
कुस ज़ानि दीव चोन परमान॥

हे देव! तुम्हीं इस सृष्टि और धरती पर छाये हुए हो। हे देव! तुम्हीं ने इन भौतिक शरीरों में प्राण फूँक दिये। ध्वनिहीन (निस्स्वन) होते हुए भी, हे देव, इस ब्रह्माण्ड में तुम्हारी ही गूंज-अनुगूंज है। हे देव! कौन तुम्हारा परिणाम (माप-तोल) जान सकता है?

O Lord, You permeate this creation and earth. O Supreme Deity, You have put life in these various creatures (forms of creation). O Lord, it is your voice (sound) resonating this Cosmos, Voiceless (Soundless) You are though. Who, indeed, O Master, can fathom You? [Verily, none.]

113

कुन्यर अॅय् बोज़ख कुनि नो रोज़ख्,
कुनिरन् कोर्नम् हुनी आकार।।
कुनुय असिथि द्वन हुन्द जंग गोम्,
सुय बेरंग गोम कॅरिथ रंग॥

अगर तू समझे एकेश्वरवाद क्या है तो तुम्हारी (अहं) सत्ता कहीं न रहेगी। इसी एकत्व ज्ञान ने मेरा (स्व) आकार लय कर दिया—अर्थात् 'मैं' उस (परम तत्व) में मिट गई। एक होते हुए भी दुई (द्वित्व) की यह जंग जारी है। स्वयं वह बेरंग (निर्वर्ण) है, किन्तु मुझे रंग (वर्ण-भेद) में रंग गया।

If you comprehend what monotheism (That there is one God) is, you will be totally lost (lose your ego). This very knowledge of Oneness merged my I-ness (ego) with Him (or I got lost in Him). Even though we are one, the conflict of duality (of mind) is my bane. He, the undefined Colourless One dyed me in this colour (subjected me to this worldly illusion).

114

यिमै श्यॅ च्यॅ तिमय श्यॅ म्यॅ,
श्यामगला च्य व्यन तॉठिस,
योहै व्यन-अभीद च्यॅ तॅ म्यॅ,
चॅ श्यन् स्वामी बो श्यय मुशॅस्॥

हे श्यामगला (नीलकंठ), जिन छः विशेषणों से तू युक्त है, वे ही छः विशेषण मेरे भी हैं। किन्तु तुम्हारे बिना मैं विपत्ति में पड़ी हूं। तुममें और मुझ में यही भिन्नता—भेद है कि तुम छः के स्वामी हो और मुझे छः लूट गये। [यहाँ छः विशेषणों के अनेक अर्थ लिए गये हैं—मनुष्य के विषय में छः से काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य अथवा पंचेन्द्रियाँ और मन या शैशव, वार्द्धक्य आदि छः अवस्थाएं – अर्थ लिया जाता है और नीलकण्ठ के विषय में छः विशेषणों से सर्वज्ञ, सर्वव्यापक, निरपेक्ष, सर्वशक्तिमान, निर्विकार, निर्गुण आदि अर्थ अभिप्रेत हैं। परन्तु शैवमतवादी शिवाद्वैत के विश्लेषण में यह मानते हैं कि साधक जब तक छः (विकारों) के अधीन है तब तक वह (शिव तत्व से) दूर है और जब वह उनका स्वामी बनता है तो साधक निज स्वरूप (परम्पद) को पाता है।]

O Blue-throated One (Shiva), the six attributes You have are in me too, but without You I am miserable. (The six attributes of a man are : passion, anger, bewilderment, arrogance, avarice and jealousy, whereas the six attributes of Shiva are—the qualities of All-knowing, All pervading, All-powerful, Changeless, Dispassionate or Unmoved, and Undefined). The only difference between You and me is that You are the Master of those six qualities (attributes) whereas I am a slave to (bound by) them. [The figure six is open to many interpretations. Non-dualistic Shaiva philosophy upholds Shiva as the final goal.]

115 (क)

लल बो द्रायस कपसि-पोशिचि सॅच़्इ,
कॉड्य तॅ दूञ् कॅरनम् यचुइ लथ।
तु॑यि यलि खारिनम् ज़ॉयिजि तु॑ये,
वोवॅर्य वानॅ गयम् अलांज़्इ लथ।।

मैं 'लल्ला' उसी उमंग और चाव से इस संसार में आई थी जिस प्रकार कपास के डोडे से फूल खिल उठता है। परन्तु बेलने की रगड़ और धुनिये की धुनकी ने तब मेरी खूब गत बनाई, जबकि महीन रेशे बना-बना कर मेरा कण-कण उड़ा दिया गया। जुलाहे के करघे पर पहुँच कर मैं लटका दी गई।

I, Lalla,was manifest here (in this world) like a blooming cotton flower (white, downy and fibrous symbolic of ambitions and aspirations) but I was subjected to tortures (as cotton is ginned and carded) when ginned, carded and spun at various stages. I was hung by the weaver on his loom as I reached there (in the form of spun yarn for being woven into cloth).

115 (ख)

दोब्य् यलि छॉवनस् दोब्य्-कजि प्यठॅइ,
सज़् तॅ साबन मॅछ़नम यचु॑इ।
सु॑च्य यलि फिरनम् हज़ि हज़ि कॉच़्इ,
अद ललि म्यॅ प्रॉवॅम परम-गथ।।

(वस्त्र के रूप में) जब धोबी ने मुझे पत्थर पर दे पटका और भर-भर साबुन-सोडा मल-मल कर मुझे साफ कर दिया, फिर दर्जी ने कैंची से मेरे अंग-अंग काट लिए (इतनी सब यातनायें सह और अवस्थाएं लाँघकर) तब मैं कहीं परम् गति को पा सकी।

Then the washerman dashed me (in the form of a cloth) against his plank (or slab) and cleahsed me with a heavy lather of soap and washing soda. The tailor then cut me through and through with a pair of scissors. Then alone could I attain that Supreme Bliss. [For attaining Supreme Bliss or final beatitude an aspirant has to undergo a series of tortures-both physical and spiritual.]

116

दीशि आयस दश दीशि च़लिथ¹,
च॒लिथ चो़टुम शुन्य् ग्रदॅ वाव ।
शिवॅइ ड्यूठुम् शायि शायि मीलिथ,
षह्॒ तॅ त्र्यॅ त्रोपिमस त शिवॅइ द्राव ॥

दस दिशाओं में घूम-फिर कर अपने देश से मैं यहाँ आई। यों इन बन्धनों से मुक्त हो कर मैंने तूफान बन आकाश को भेद दिया अर्थात् योगाभ्यास द्वारा मैंने चिदाकाश में प्रवेश किया। देखा तो वहाँ सर्वत्र शिव-ही-शिव व्यापक था। जब मैंने छः (पँचेन्द्रिय व मन) और तीन (मलत्रय) के कपाट बन्द कर दिये तो वहाँ शिव तत्व ही मूल कारण सिद्ध हुआ।

Having come from my country, I roamed far and wide in all the ten directions till I reached here. Liberating myself from the worldly bondages, I made a cyclone of myself and rent the skies (void). [I entered the void of mind with hard penances of practice.] There I found Shiva premeating every atom. When I shut down the six (five senses and mind) and the three (Trinity or the Triad), the net result was manifest in Shiva and Shiva alone.

117

स्वप्न द्राव वह्नि तॅ मल गौ वथिथ,
यलि ग्य अनलाहॅ द्यु तमस् ताव ।
कतुर ज़न गयस लोल्ह व्यगलिथ,
यलि कठकोश चो़ल निशि र व द्राव ।
लल बो रूज़्॒स त्यलि शिहलिथ,
यलि च्यतम प्यौ बो तस नाव ॥

स्वर्ण को जब मैंने अनल (अग्नि) में तपाया और जब वह भट्टी में से तप कर निकला तो उसकी मैल जल (मिट) गई। जब सूर्य निकला, बर्फ पिघल गई तो मैं जमी हुई यख की तरह प्रीत की मारी पिघल गई। मैं 'लल्ला' जब शान्तमन बनी, जब मुझे यह सुधि आई कि 'मैं' उसी का नाम है। जो कुछ है वह परम शिव ही है।

The dross (impurity) of gold burnt away when I put it into fire (furnace). When the sun rose, the snow melted and I, frozen with (frosted by) love, also melted. I, Lalla, sat quiet (having lost worldly hopes, sat despaired and, calm) and composed when I recollected that 'I' is but a name of His.

[The entire creation is Shiva's Manifestation.]

118

शुन्युक मॉदान कोडुम पानस्,
म्य ललि रूज़्॒म न ब्वद् न होश ।

पाठभेद—१. तीलिथ

भेदो सग्निस पानय पानस,
अदॅ कमि गिलि[1] फोल ललि पम्पोश ।।

मैंने शून्य का एक सीमातीत मैदान (क्षेत्र) पार किया । मुझ 'लल्ला' को कोई सुध-बुध न रही । (जब) स्वात्म तत्व के भेद (रहस्य) से मैं अभिज्ञ हुई, तब (देखते ही बनता था कि) 'लल्ला' के लिए कीचड़ से कमल खिल उठा ।

I traversed across a boundless field of void, and I, Lalla, lost consciousness of myself (and my whereabouts). When I myself came to know the secret of my Self, the lotus came to bloom then for me, Lalla, in my muddy body (or amidst the weeds). [Knowledge of the Self is the light in darkness like the lotus that is born of marsh or mud.]

119

मिथ्या कपठ असथ त्रोवुम,
मनस कोरुम सुय व्वपदोश ।
ज़नस अन्दर कीवल ज़ोनुम्,
अनस ख्यनस कुस छुम द्वीश ।।

मिथ्या, कपट और असत्य का त्याग किया, यही उपदेश मैंने मन के उपयुक्त समझा । जन-जन में मैंने 'केवल' (एक परम् तत्व) को जाना फिर भला अन्न खाने में किसी से कोई द्वेष (घृणा) क्यों हो ! जब सर्वजन में एकात्मा (शिव तत्व) का वास है तो किसी से घृणा क्यों की जाय ।

The teaching I took recourse to was that I abandoned untruth, cheating, hypocrisy and evil. I realised (the presence) of that Supreme Being in every human (and creature). Why should then I have any bias against taking food ? [When That Supreme Shiva is abiding in every being, why should there be any hatred in us for any one around us.]

120

आयस ति स्योदुय तॅ गछ॒ ति स्योदुय,
स्यदिस होल म्य कर्य्‌म् क्याह ।
बो तस् ऑसुस आगरै व्यज़ॅइ,
व्यदिस तॅ व्यंदिस कर्‌यम् क्याह ।।

सीधी ही आई थी और सीधी ही जाऊँगी भी—अर्थात् जन्म से ही मैंने सरल-सहज स्वभाव अपनाया और मरणपर्यन्त मेरा जीवन-व्यवहार सरल रहेगा । (ऐसे में) मुझ सीधी का कोई टेढ़ा-तिरछा (कुटिल जन) क्या बिगाड़ेगा । मुझे वह (परम् तत्व) आदि-स्रोत से ही जानता है, मुझ जानी-पहचानी को वह क्या करेगा ।

I came here directly and I shall return directly. What harm can any wicked man do to me, the simple one. [I had a simple, humane (unobstructed or natural) temperament by birth and I shall remain so till my death. I need not be afraid of any evil or wicked force, therefore.] That Supreme Being knows me from my source and, as such, He cannot harm me, acquainted as I am with Him.

पाठभेद—१. हिलि (काई में)

121

लल बो चायस स्वमन बाग्'-बरस,
वुछुम शिवस शक्'थ मीलिथ तॅ वाह् ।
तॅत्य् लय कॅरॅम् अमृतॅ-सरस,
जिन्दै मरस तॅ म्यॅ करि क्याह् ।।

मैं 'लल्ला' जब स्वमन-रूपी बाग के द्वार से भीतर गई तो देखा – शिव शक्ति से मिला हुआ था । मैं आनन्द-विभोर हुई और वहीं मैं अमृत-सर में विलीन हो गई । मैं तो जीते जी ही मर गई—मुझे काहे की चिन्ता है ।

I, Lalla, went within (my mind) by the garden-door, and Lo ! I saw Shiva and Shakti in communion. Overwhelmed with supreme joy, I was immersed in that lake of nectar. I need not have any worries now as I died while I was alive. [This, verily is the stage of a 'Jivanmukta'.]

122

अन्दर ऑसिथ न्यबर छोंडुम्,
पवनन रगन कॅरनम् सथ् ।
ध्यानॅ किन्य् दय ज़गि कीवल ज़ोनुम्,
रंग गौ संगस मीलिथ क्यथ ।।

भीतर था तब भी मैं उसको बाहर ढूंढती रही । प्राणायाम (प्राणापान-व्यानोदान-समान के विधिवत् नियन्त्रण) ने मेरी रगों को साँत्वना दी । ध्यानादि योग क्रिया द्वारा मैंने जगत में दई की एकता (कैवल्य) का अनुभव किया । इस प्रकार रंग (विश्व) संग (विश्वात्मा) में निमज्जित होकर एकाकार हो गया ।

He was very much within me and yet I looked for Him without. The vital airs comforted my air-tubes when I controlled them Meditation and yoga made me realise His Oneness and uniformity in this world. There was thus a communion of this universe with that Universal Soul, and all became One.

123

सम्सारस आयस तपसॅइ,
ब्वद्धि प्रकाश लोबुम सहज् ।
मय्'म न कुँह् तॅ मरॅ न काँसि,
मरॅ नेछ तॅ लसॅ नेछ ।।

मैं तपस्विनी बनकर इस संसार में आई । बुद्धि-ज्ञान प्रकाश से मैंने सहज (स्वात्म-परमात्म-बोध) पा लिया । न मेरा कोई मरेगा ओर न मैं ही किसी के लिए मरूँगी । मरूं तो वाह-वा ! जीवित रहूं तो वाह-वा ! अर्थात् आत्म-बोध जीवन-मरण की अपेक्षा से परे है ।

I was born as a hermitess in this world. I attained 'Sahaj' (the Perpetual Unobstructed Sound—Self-realisation) with the light of knowledge (intellect). None of mine (related to me) shall die, nor shall any body lose me if I die. All cheers if I die ! All cheers if I survive ! [knowing thy Self is beyond the limit of birth and death.]

124

द्वादशान्तॅ मण्डल यस दीवस-थजि,
नासिक पवनॅ दॉर्य अनाहतॅ र व ।

स्वयम् कल्पन अन्ति च़ाज,
पानय सु दीव तॅ अर्चुन कस ।।

जिसने द्वादशान्त मण्डल (ब्रह्मरंध्र) को देवस्थली (परम शिव का आवास) समझा, प्राण वायु का नियन्त्रण करके जिसने अनाहत ध्वनि, (ओ३म् की अनुगूंज) सुनी—अर्थात् हृदय से नासिका द्वार तक के श्वासोच्छ्वास में जो ओ३म का ही आभास पाता रहा और अन्ततः जिसका अपने बारे में कल्पना-भरमाना मिट गया—वह स्वयं 'देव' है। फिर अर्चन किसका ?]

नए वर्ष के पदार्पण के साथ ही कॉशुर समाचार का यह वार्षिक अंक आपको सादर प्रस्तुत किया जा रहा है। नए वर्ष की शुभ कामनाओं के साथ-साथ हम क्षमायाची हैं कि कुछ विकट परिस्थितियों के कारण हमें जनवरी मास का यह अंक जो अब जनवरी एवं फरवरी को इकट्ठा करके निकाला जा रहा है, कुछ देर से आपके पास पहुंच रहा है। खेद प्रकट करते हुए भी हम यह अनुभव करते हैं कि प्रस्तुत अंक को देखकर आप सब को असीम हर्ष होगा क्योंकि इस बार हमने संपूर्ण ललवाख को हिन्दी एवं अंग्रेज़ी अनुवाद तथा टीका सहित विशेष परिशिष्ट के रूप में यहां समाविष्ट किया है। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत अंक को योगेश्वरी (मां लल्लेश्वरी) के प्रति भावभीनी श्रद्धान्जलि के रूप में सर्मपित किया है। प्रस्तुत अंक के लेखकों एवं सहायकों के प्रति हम अपना आभार प्रकट करना चाहते हैं। वास्तव में लल्लेश्वरी के जीवन, जीवन-दर्शन आदि के सम्बन्ध में जितने भी लेख आप पढ़ेंगे उनसे आपका ज्ञान बढ़ेगा और आपकी कई भ्रान्तियां दूर होंगी।। ललवाख का अनुवाद भी बोधगम्य है और कोई भी साधक अथवा विद्यार्थी प्रस्तुत अंक से लाभान्वित हो सकता है। इन्हीं कारणों से यह अंक संग्रहणीय होगा और आत्मचिन्तन या अवसाद के क्षणों में आपका संबल बनेगा। "संसार मायाजाल है और सत्य इससे परे; किंतु आत्मचिंतन एवं अभ्यास से मनुष्य सत्य जान सकता है और अज्ञान के फलस्वरूप चल रहे जन्ममरण चक्र से अपने आप को मुक्त कर सकता है। वर्ण-या जाति-भेद मनुष्य द्वारा निर्मित दीवार है जिसको गिराकर एक साधक अभ्यास एवं लगन से सत्य को प्राप्त कर सकता है। मनुष्य को अपनी परिस्थितियों से विचलित नहीं होना चाहिए। सुख और दुख में एक-सा रहकर कभी भी अपना मानसिक संतुलन नहीं खोना चाहिये। शांति, धैर्य तथा प्रेम मनुष्य को अपने ध्येय तक पहुंचा सकते हैं। क्रोध, मोह, अहंकार को छोड़कर ही मनुष्य आत्मज्ञान प्राप्त कर सकता है।"—ये हैं उस योगेश्वरी लल्ला के उद्गार जो हमारे जीवन में मशाल बनकर हमारा मार्ग दर्शन कर सकते हैं। उसी मां के प्रति श्रद्धान्जलि अर्पित करने का यही उचित एवं श्रेष्ठ ढंग होगा कि हम उन के बताये मार्ग पर चलकर और वर्ण-जाति-भेद से ऊपर उठ कर ईश्वर के प्रति अपना जीवन अर्पित करें जिससे हम सच्चे मानव बनकर इन सांसारिक बन्धनों से मुक्ति प्राप्त कर सकें।

शिवरात्रि मुबारक

शिवरात्रि के शुभ और मंगलमय त्यौहार पर सारी बिरादरी को हमारी बधाई एवं शुभकामनायें। वर्ष भर का यह सर्वश्रेष्ठ त्यौहार २२ तथा २३ फरवरी को मनाया जा रहा है। यह पुण्य पर्व हमें बराबर इस बात का स्मरण कराता है कि सृष्टि का आरम्भ शिव और पार्वती के प्रणय से ही हुआ था। वास्तव में प्रकृति और पुरुष के मिलन के रहस्य को शिव और पार्वती को प्रणय-सूत्र में बांध कर हम कश्मीरियों ने उसे शिवलग्न का लाक्षणिक रूप दिया है। इसी पर्व को हम आदि काल से प्रति वर्ष शिवरात्रि या महारात्रि के रूप में मनाते आ रहे हैं। यही हमारी हेरथ कहलाती है। इन दिनों हम सभी श्रद्धा एवं भक्ति से महाशिवरात्रि का आयोजन करते हैं और अपने आराध्यदेव शिव की स्तुति करते हैं। इसी के ठीक एक दिन बाद शिव-चतुर्दशी का पुणीत पर्व है जो बुधवार, २४ फरवरी को पड़ता है। भगवान शिव की अनुग्रहप्राप्ति के लिये इस दिन व्रत रखा जाएगा

और आराधना होगी । हमें इस बात का गर्व होना चाहिये कि यह सांस्कृतिक परम्परा हमारे विचार-दर्शन की आधार शिला है। महर्षि दयानन्द का बोध-उत्सव भी इसी पुण्य पर्व से जुड़ा हुआ है जो एक और रूप में ज्ञान का बोध कराने का महान् अवसर है । जहां शिव है वहां कल्याण है। हम पुनः सभी को 'मुबारिक!' कहकर भगवान् शिव से यही प्रार्थना करते हैं कि सब का कल्याण हो ।

जनवरी–फरवरी मास के उत्सव और पर्व

पौष शुक्ला सप्तमी जो रविवार, ३ जनवरी को थी, को हमने दार्शनिक-संत-विद्वान् सिख गुरु, गोविन्द सिंह जी एवं परमहंस स्वामी रामकृष्ण के परम्प्रिय शिष्य स्वामी विवेकानन्द जी की जयन्तियां मनाकर आत्मलाभ प्राप्त किया। माघ शुक्ला तृतीया जो शुक्रवार, २९ जनवरी को थी, को हमने गौरी तृतीया (गोर त्रय) मनाकर इस बात का स्मरण किया कि किस प्रकार आदि काल में आज के दिन शिव पार्वती के प्रणय की बातचीत चली थी। शनिवार ३० जनवरी को शहीदी दिवस था और इस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि थी। इस दिन हमने गांधी जी को भावभीनी श्रद्धान्जलियां अर्पित की और यह संकल्प दोहराया कि मानव-धर्म की रक्षा के लिए हम सदा कटिबद्ध रहकर बड़े से बड़ा त्याग करेंगे। इस दिन माघ शुक्ला चतुर्थी थी जिसे हमने त्रिपुरसुन्दरी के जन्म-दिवस त्रिपुरा चोरम या तिक्य चोरम के रूप में भी मनाया। त्रिक दर्शन के अनुयायियों के लिये यह दिन विशेष महत्व का था। माघ शुक्ला पंचमी, जो रविवार, ३१ जनवरी को थी, हमने बसन्त पंचमी या श्री पंचमी के रूप में मनाई। बसन्त को ऋतुराज माना जाता है, इसलिए सभी नये और शुभ कार्यो का सूत्रपात इसी ऋतु में किया जाता है। नई उमंगें फूटती हैं और एक नई जवानी का सा अनुभव होता है। बसन्त पंचमी का गौरव और भी बढ़ जाता है जब हम इस दिन कृष्ण की दीवानी मीरा की जयन्ती भी मनाते हैं। मीरा ने ऐसा प्रेममार्ग प्रशस्त किया था जिससे वह अपने आराध्य में लीन हो गई थी। माघ शुक्ला सप्तमी जो मंगलवार, २ फरवरी को पड़ी, सूर्य जयन्ती के रूप में मनाई गई। इस दिन भक्तजनों ने काश्मीर में मट्टन स्थित मार्तण्ड तीर्थ की यात्रा करके पुण्य कमाया और अपने पितृगण की क्षुत्पिपासा की शान्ति की कामना करते हुए तर्पणादि किया। माघ शुक्ला अष्टमी जो बुधवार, ३ फरवरी को थी, को हमने भीष्माष्टमी के रूप में मनाकर पुण्यात्मा भीष्म पितामह का स्मरण किया। शनिवार, ६ फरवरी को माघ शुक्ला एकादशी थी जिसे हमने भीमसेन एकादशी के रूप में मनाया। भगवत्-लीला देखिये कि एकादशी की रात इतनी लम्बी हो गई थी कि भीम का व्रत डगमगाने लगा था। रविवार, ७ फरवरी को ईदुल्-ज़ुहा का पवित्र दिन था जो काफी धूम से मनाया गया। इस अवसर पर हमारे भाइयों को हमारी ओर से मंगल कामनाएें ! बुधवार, १० फरवरी को माघ शुक्ला पूर्णिमा (काव पुनिम) का पुण्य दिवस था जब हमने काकभुशुंडि का स्मरण किया। ऋषि लोमश के शाप से वह कौआ हो गये थे और भगवान राम की अनन्य भक्ति से ही उनका शाप छूट गया था। फाल्गुण कृष्ण द्वितीया, जो १२ फरवरी को थी, को हमने परमहंस स्वामी राम कृष्ण की जन्मतिथि मनाकर उनके बताये मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प किया।

शनिवार, २७ फरवरी को मुहर्रम मनाया जायगा। पश्चाताप का यह दिन हमारे भाइयों के लिए विशेष महत्व का है।

* * * * * *

'कॉशुर समाचार' को पढ़िये तथा अपने बन्धु-बान्धुओं को भी इसके बारे में परिचित करायें।

लल्लेश्वरी का जीवन और जीवन-दर्शन*

जानकी नाथ भान

विश्व के इतिहास में १४ वीं शताब्दी में एक युग-परिवर्तन हुआ। इसका प्रभाव भारत पर भी पड़ा। भला, काश्मीर इस परिवर्तन से कैसे बच सकता। काश्मीर के प्रसिद्ध शासक अवन्तिवर्मन के दिन समाप्त हो चुके थे और काश्मीरियों का सामाजिक जीवन अस्तव्यस्त हो रहा था। शैवमत का बोलबाला था। विद्वान् पंडित संस्कृत भाषा का ही प्रयोग किया करते थे और जन-साधारण प्राकृत और अपभ्रंश का। २०० वर्ष से अधिक तक एशिया भर में महायान बुद्ध धर्म और उपनिषद् दर्शन का प्रचार होता रहा जिससे तसव्वुफ को जन्म मिला। काश्मीर में इस तसव्वुफ का प्रचार बुलबुलशाह जैसे मुसलमान सन्तों ने किया था। काश्मीर की धरती में आकर तसव्वुफ का रंग बदल गया और शैवमत और तसव्वुफ के संसर्ग से ऋषिमत या ऋषि परम्परा को जन्म मिला। ललद्यद इसी ऋषि परम्परा की प्रतीक-प्रवर्त्तिका हैं, जिन्होंने देववाणी में बोली लिखी जाने वाली श्रुति और स्मृति का मन्थन कर उसे काश्मीर घाटी के इतिहास में प्रथम वार जनसाधारण की भाषा में और अध्यात्मवाद और दैनिक जीवन के अनुभवों के ताने बाने में संवार कर सरल छन्दों और सूक्तियों के रूप में जन-कल्याण के लिए प्रस्तुत किया।

पृष्ठ भूमि

चौदहवीं शताब्दी का चौथा-पांचवां दशाब्द। काश्मीर में सुलतानियत का दौर दौरा था। सुलतान अलाउद्दीन ने काश्मीर का राज्य संभाला था और वहां की जनता एक विचित्र वातावरण से घिरी हुई थी। सुलतानियत की मनमानी, पुराने धर्म और विश्वास की लहर, मूर्ति-पूजा और मस्जिद में नमाज़, तसव्वुफ और हठयोग--इन दोनों धाराओं का एक अद्भुत सम्मिश्रण था। एक ओर लोग मन्दिरों और मस्जिदों में जाकर पूजा-पाठ करते और नमाज़ गुजारते और दूसरी ओर छल-कपट और दमन-चक्र का बाजार गर्म रहता। पशुओं का वध हो रहा था और इन दोनों संस्कृतियों की एक होड़ सी चल रही थी।

जन्म और शैशव

तसव्वुफ और पुरातन (सनातन) धर्म के इस झुटपुटे में, श्रीनगर से पांच मील की दूरी पर, पांद्रेठन में एक पवित्र हिन्दू घराने में एक बालिका का जन्म हुआ। इस बालिका का जन्म किस तिथि को हुआ और इसका शैशव कैसा था, इसके सम्बन्ध में ठीक से मालूम नहीं। वास्तब में यह अनुसंधान का विषय है। यह भी मालूम नहीं कि जन्म के समय इसके माता पिता ने इस बालिका का क्या नाम रखा। इतना कहा जा सकता है कि उन दिनों की प्रथा के अनुसार अल्प आयु में ही इसका विवाह रचाया गया होगा। विवाह के बाद ससुराल जाकर दूसरा नाम धारण करने की प्रथा तो बहुत समय से चली आ रही है; तदनुसार इसका भी नाम बदल गया।

विवाह और वैवाहिक जीवन

एक प्रसिद्ध लोक-कथा के अनुसार लल्लेश्वरी ने जब प्रथम मानव योनि में जन्म लिया था तो उनके एक पुत्र था और सातवें जन्म में वही पुत्र उनके पति के रूप में पाम्पुर में पैदा हुआ, जिसके साथ लल्लेश्वरी का विवाह हुआ। ससुराल वालों ने इसका नाम पद्मावती रखा। दैव की विडम्बना कहिये ससुराल में पैर धरते ही इसकी सास ने इसे परेशान करना शुरू किया। इसके पतिदेव दिन भर अपने काम पर चले जाते और यह अकेले में सास के अप-

* "कश्मीर की कवित्रियां" क्रम में सन १९५६ में आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से प्रसारित लेखक की रेडियो वार्ता से।

वचन सुनती रहती। शाम को वह काम से लौटते और अपनी मां से पद्मावती की शिकायतें सुनते रहते। कहा जाता है कि यह उनकी सगी सास नहीं, वल्कि सौतेली सास थी। कुछ भी हो सास ने उनका जीवन नरक बना रखा था। और तो और, बारह वर्ष तक पद्मावती का खाना किस तरह परोसा जाता था, यह भी सुनिये। थाली में एक बाट रख कर उस पर चावलों की ज़रा-सी परत फैलाई जाती और पद्मावती के सामने रखी जाती। पद्मावती शांति से वह थोड़े से चावल खा लेती और वाट और थाली धोकर फिर रसोई में रख देती। विवाह हुए को बारह वर्ष से कुछ ज्यादा समय हो चुका था। एक रोज़ की बात है कि पद्मावती प्रातः घाट पर पानी भरने जा रही थी कि पड़ोसिनों ने मज़ाक किया----क्यों री, आज तुम्हारे यहां बड़ा उत्सव हो रहा है। बड़े स्वादिष्ट भोजन-व्यंजन खाओगी ना ? पद्मावती धीमे स्वर में वोली : चाहे छोटा बकरा कटे या बड़ा, मेरा बाट चलता रहेगा। कहीं पास में ही इसके ससुर खड़े थे। वह पद्मावती की बात सुनकर शशोपंज में पड़ गये। घर आकर रसोई के पास खड़े हो गये----बारह वर्ष बाद अपने घर का भेद खुल गया। वह अपनी घरवाली पर बिगड़ गये। लेकिन पद्मावती के लिए यह भी एक मुसीबत खड़ी हो गई। रोज़ उसके लिए कोई न कोई नई मुसीबत खड़ी हो जाती, लेकिन पद्मावती इन सब मुसीबतों के होते हुए भी उफ् तक न करती। यह थी उसकी तितिक्षा और इतनी अगाध थी उसकी सहन-शक्ति।

हर परिवार में कोई न कोई धन्धा चलता रहता है और परिवार का धन्धा स्त्रियों का धन्धा होता है काश्मीर में ऊन और पशम की कताई होती थी और जितना ही बारीक धागा काता जाता उतना ही वह कीमती और अच्छा माना जाता। बेचारी पद्मावती सास के डर से बारीक पशम कातती फिर भी उसकी सास को वह कभी पसन्द न आया। एक रोज पद्मावती का चर्खा और सब सामान उसने नदी में फिकवा दिया। कहा जाता है कि कंवलककड़ी के बारीक तंतुओं से भी बारीक कताई पर भी उसकी सास उसे परेशान करती। लेकिन ऐसे अंधकारमय जीवन में पद्मावती का एक ही सहारा था : 'मीरा के प्रभु गिरिधर नागर'। ईश्वर में उसका अटूट विश्वास था ससुराल के पास ही कहीं कोई शिव-मन्दिर था, वहां जा कर यह गुप-चुप पाठ पूजा कर आती। कहते हैं इसे उन दिनों कुछ सिद्धियां भी प्राप्त हुई थीं। यह सब उसकी सास को कैसे भाता। उसे मौका मिल गया, वह और भी भड़क उठी और उसने अपने लड़के को भी भड़का दिया। पद्मावती का जीवन कुंभीपाक नरक से भी भयावह और कंटकाकीर्ण बन गया।

त्याग और वैराग्य

अब पद्मावती अपने प्रिय की दीवानी वनी। उसने सांसारिक आवरण और वेशभूषा को धिक्कारा। वह फकीरों और तुर्या अवस्थ के संतों की तरह मस्तानी बनी। किन्तु प्रकृति ने इसे एक नया आवरण प्रदान किया। कहा जाता है कि नाभिस्थान के अधःभाग में लटकते मांस ने इस की गोपनीयता पर आवरण डाल दिया। अब पद्मावती ललद्यद के नाम से प्रसिद्ध हुई। 'ललद्यद' शब्द में ही इस का इतिहास छिपा है। 'लल' लटकते मांस को कहा जाता है और 'द्यद' शब्द आदरसूचक सर्वनाम के रूप में किसी भी पक्की आयु की स्त्री के साथ प्रयुक्त होता है। यहीं से वह ललद्यद और लल्लेश्वरी के नाम से और आगे जाकर लल आरिफा और लल मोज्य के नाम से प्रख्यात हुई। अभी वह त्याग की देहरी पर ही थी कि सास ने नदी से पानी लाने को कहा। वह नदी से घड़ा भर लाई। आपाधापी में किसी ने पत्थर मारा। घड़ा फूट जाने पर भी कन्धे पर ही धरा रह गया। घर के सब बर्तन भर गये, फिर भी घड़े में पानी बचा रहा। अपनी सास से कहा -- इस पानी को जमाऊँ या ताल में बदल डालूं -- आखिर उस पानी से वहीं पर एक तलैया बना दी। पाम्पुर में यह जगह 'ललत्राग' के नाम से प्रसिद्ध है।

अब ललद्यद गृहस्थी का त्याग कर चुकी थी। उसके समक्ष सभी एक से थे -- क्या हिन्दू, क्या मुसलमान, क्या स्त्री, क्या पुरुष। मस्तानी बन कर मारे-मारे फिरना और दीवानगी में रहना -- यही उसका जीवन था। कहा जाता है कि एक दिन पास से उन दिनों के एक बड़े सूफी सन्त शाह हमदान गुज़र रहे थे। ललद्यद ने नजर बचा कर

जाना चाहा । छिपने की जगह नहीं मिली तो एक तंदूर में जा गिरी । बेचारा भटियारा परेशान था कि यह क्या हुआ कि थोड़ी देर में वह अग्नि-परीक्षा में उत्तीर्ण होकर स्वर्ण वेशभूषा में बाहर निकल आई । इसके बाद शाह हमदान के साथ उसका संवाद हुआ । इन दोनों के वाक्यों को देखने से पता चलता है कि उन दिनों तसव्वुफ और शैव-शास्त्र की एक नोक-झोंक सी चल रही थी। शेख नूरूद्दीन, जिसे नुंद ऋषि कहा जाता है, ललद्यद के एक और समकालीन थे । उनके साथ भी इनका शास्त्रार्थ सा हुआ था । और ललद्यद ने अन्त में कहा था :----

ईश्वरीय ज्ञान के समान और कोई भी प्रकाश नहीं,
ब्रह्म की तलाश और पिपासा के समान कोई भी तीर्थ-यात्रा नहीं,
भगवान के समान और कोई बांधव नहीं, और
ईश्वरीय भय से बढ़कर और कोई सुख नहीं ।

यह भी एक और कहानी है कि मिर्ज़ा काकजी को ललद्यद ने दीक्षा दी थी । ललद्यद के दो सौ अस्सी वर्ष बाद काश्मीर में इस संत कवि का अविर्भाव हुआ था ।

अवसान

जिस की प्रभात वेला मालूम न हो सकी, उनका क्या अवसान । ललद्यद का अवसान कब, कैसे और ठीक कहां पर हुआ, यह भी मालूम नहीं । इनके श्रीमुख से जो वाणी प्रवाहित हुई और जिस ज्ञान का सोता फूट पड़ा, उससे यही अन्दाजा लगाया जा सकता है कि यह किसी गुफा में समाधिस्थ हो गई होंगी । यही कारण है कि कबीर और नानक की तरह लल्लेश्वरी भी हिन्दू और मुसलमान दोनों जातियों के लिए शिरोधार्य हैं और दोनों समान रूप से इनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । इन्हीं के श्रीमुख से सुनिये कि 'लल' क्यों इनका नाम पड़ा :---

मल वॉदि ज़ोलुम जिगर मोरूम ।
त्यलि लल नाव द्राम, यलि दल्य ऑविमस तती ।।

मैंने मन का मैल जलाया और संकल्प-विकल्प का दमन किया । तब ही मेरा नाम संसार में 'लल' प्रसिद्ध हुआ जब मैंने पिय के सामने आतम-समर्पण किया ।

'ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म' को ही इन्होंने संसार से मुक्ति पाने का साधन माना :

अकुय ओंकार युस नाभि धरे,
कुम्बय ब्रह्माण्डस सुम गरे ।
अकुय मंथर युस च्यतस करे,
तस सास मंथर क्याह ज़न करे ।।

एक ओम् कार को जिसने नाभिस्थान में धारण किया, अपने आपको जिसने ब्रह्माण्ड के समान समझा, एक ही मंत्र ओम् का जिसने चिन्तन किया--- उसको हज़ार मंत्र से क्या काम ।

प्रकृति अपरिवर्तनशील है और आदि के अन्त तक विविध रूपों में रही है । जड़-चेतन के संसर्ग से संसार की उत्पत्ति हुई है, लेकिन आदिदेव और संसार के कारण अपरिवर्तनशील रहे हैं और रहेंगे भी -- यही बात इन्होंने इस वाक्य में कही :---

असी आस्य तय असी आसव, असी दौर कर्य पथवथ
शिवस सोरि न ज़्योन त मरुन, रवस सोरि न अतगथ ।

आसम् चैव भविष्यामः सर्वे वयम् अतः परम् । भूतकाल में हम ही थे और भविष्य में हम ही होंगे । हम ही अनादिकाल में थे । शिव (जड़) का जीना-मरना कभी समाप्त नहीं हुआ, न होगा, और न सूर्य का उदय होना या अस्त होना रुक जायेगा ।

दीक्षा और गुरु-शिष्य परम्परा

इन के कुल-पुरोहित सिद्ध श्रीकण्ठ शैवमत के प्रवर्तक वसुगुप्त और अभिनवगुप्त से प्रभावित थे । उन्होंने ही इन्हें दीक्षा दी । आश्चर्य की बात है कि जिस जन्म में पुत्र होते समय इन्होंने अपने कुलगुरु सिद्ध श्रीकण्ठ से पूछा था कि इस बच्चे का मेरे साथ क्या सम्बन्ध है, सातवें जन्म में नये आवरण में जन्मे उसी पुत्र के साथ ललद्यद ने शादी रचाई । उस समय कुलगुरु से पुनः सम्बन्ध पूछा था । और वह दंग रह गया था । उसी कुलगुरु से इन्होंने दीक्षा ली थी और अब देखिये कि अपनी गुरुपरम्परा के प्रति सम्मान और गुरु की प्रशस्ति में इन्होंने क्या कहा :---

गोरन वोनुम् कुनुय वचुन
न्यबरॅ दोपनम् अन्दर अचुन
सुय ललि गव वाख त वचुन
अदॅ ललि ह्योत नंगय नचुन ।

[मेरे गुरू ने मुझे एक ही शब्द के वाक्य की दीक्षा दी। बहिर्मुख न रह कर अंतर्मुख होने को कहा--लल्ला ने वही मंत्र दीक्षा-शिक्षा के रूप में ग्रहण किया और बाद में आवरणरहित नाचना शुरू किया अर्थात् आवागमन से मुक्त हो गई।]

ललद्यद कितनी लोकप्रिय रही है। यह इसी बात से सिद्ध होता है लि शीतल स्वभाव, सधैर्य, माधुर्यमयी और तितिक्षा एवं शीलसम्पन्ना किसी भी वधू को 'लल' कहा जाता है।

तपस्या और जीवन-दर्शन

ऐसा लगता है कि ललद्यद ने १२ वर्ष तपस्या की थी। वह सास के कटु बर्त्ताव को चुपके से पी जाने की तपस्या थी या उसके बाद की--यह मालूम नहीं, किन्तु ललद्यद ने यातनाओं से तंग होकर किसी बेढंगे मौके पर गृहस्थी जीवन छोड़ दिया होगा :---

लल बो द्रायस लो लरे, छांडान लूसुम दोह तय रात,
पंडित वुछुम पनने गरे, सुय मे रोटमय तिश्तुर त साथ।

मैं दीवानी, पिय की मतवाली, दिन-रात उसी की खोज में रही और अंत में मैंने देखा कि पंडित (पिय) मेरे ही पास मेरे घर में मौजूद हैं--मृग की कस्तूरी की जिज्ञासा समाप्त हो गई और मैं चाहती भी क्या--वही मुहूर्त और नक्षत्र था और मैं उसी में लय हो गई।

इनकी साधना में कुण्डलिनी योग--षडचक्रों पर अनुभव-प्राप्ति और दार्शनिक जीवन का विचित्र समन्वय है। (सोहंगम्) और 'अनहद नाद' की भी इन्होंने चर्चा की है और अद्वैतवाद में अहं को ठुकरा दिया है। शैवमत को आधार बना कर एक शिव की उपासना का उपदेश इन्होंने इन शब्दों में किया है :--

अज़मा गायत्री हम्स हम्स ज़पिथ,
अहम् ऑविथ सुय अदे रठ।

कबीर का 'पांच-पचीसी' और शँकर का 'शिवं केवलोऽहं' की चर्चा इन्होंने इस प्रकार की :---

ऑसस् कुनी तै सांपनस स्यठा,
नज़दीख ऑसिथ गयस दूर।
ज़ाहिर बातिन कुनुय ड्यूठुम,
गॅयम स्यथ च्यथ ५४ चूर॥

'तत् त्वम् असि' अमर वाक्य की चर्चा इन्होंने इस प्रकार की :---

ओरॅ ति पानय योरॅ ति पानय,
पानय पानस छुनॅ मेलान।
प्रथम अच्यस नै मुलेह दानी,
सुय हा मालि चय आश्चर जान॥

आत्मा की अमरता इन्होंने अपने इस वाक्य में कही :---

कुस मरितय कसू मारन,
मरि कुस तय मारन कस।
युस हर हर त्रोविथ परॅ गरॅ करे,
अद सुय मरे ते मारन तस।

एकमात्र साधन योग-प्राणायाम आदि को ही माना।

दमादम कोरमस दमन हाले,
प्रज़ल्योम दीप तॅ ननेयम ज़ाथ।

मूर्ति-पूजा को इन्होंने घृणित बताया :---

दीव वटा दीवर वटा, हेरि बोनॅ छु ईकवाठ।
पूज़ कस करख हूत वटा कर मनस त पवनस सँघाठ॥

अहिंसावाद में इनका विश्वास था और इन्होंने पशु-हत्या के विरोध में जनता को ऐसा हीं उपदेश भी दिया :---

लज़ कासी, शीत न्यबारी,
तृण जल करी आहार।
यि कमि व्वपदीश कोरुय हूतबटा
अचीतन बटस सुचेतन कठ द्युन आहार॥

श्लेषमय भाषा में इन्होंने 'आचार' और 'शील' का यह पाठ पढ़ाया :---

आचार हांज़नि हुंन्द गयोम कमन,
नदर्य छिव तै ह्यथिव मा।
ती बूज़ त्रुक्यव तिम रूदि बतन,
बेनुन छुव त चीनिव मा।

'आचार' शक्ति की यह भनक मेरे कान में पड़ी कि यहां का सब कुछ नश्वर है। बुद्धिमान पंडितों ने यह बात समझी और अपना जन्म सफल किया।

मंदिर, मस्जिद और वाह्य आडम्बर को धिक्कारते हुए अभ्यास और वैराग्य को योग के बल से जगाने का उपदेश इन्होंने इस प्रकार दिया :---

जल थमवुन हुतवह शमनावुन,
ऊर्धव-गमन परिर्वजिथ चरिथ ।
काठ धेनि दोद श्रमनावुन,
अन्त सकलुय कपट चरिथ ।

बहते जल को रोकना, आग को ठंडा करना, धरती से ऊपर उठ कर आकाश पर चलना, और लकड़ी की गाय से दूध दुहना—ये सब कपटभरी बातें हैं ।

'युक्ताहार विहारस्य युक्त चेष्ठस्य कर्मसु,
युक्त स्वप्नाव बोधस्य योगो भवति दुःखहा ।

साधारण और सामान्य जीवन बिताने का यह उपदेश ललद्यद ने इन शब्दों में दिया :---

ख्यनॅ ख्यनॅ करान कुन नो वातख़,
न ख्यनै गच्छख़ अहंकारी ।
सोमुय ख्य मालि सोमुय आसख़,
समि ख्यनै मुच़रनय बरन्यन तारी ।

संस्कार प्रबल हैं लेकिन उनसे भी प्रबल है ईश्वर का अनुग्रह---इस अनन्य भक्ति और आत्म-समर्पण में इनका विश्वास था । अभ्यास और वैराग्य किसे कहते हैं, इसका वर्णन इन्होंने इस प्रकार किया :--

केंच़न दितुख तोरय आलव, केंच़व रटॅय नालय व्यथ

और सांसारिक विभूतियों में पड़ कर साधक कितना पतित हो जाता है और भाग्यहीन का परिश्रम किस प्रकार विफल होता है, यह भी इन्होंने अपने इस वाक्य में कहा:--

केंच़न अछि लजि मस च्यथ तालव,
केंच़न पपिथ गयि हालव ख्यथ ।

यों तो इन्होंने अपने जीवन में कई चमत्कार कर दिखाये, किन्तु उनको हेय समझा । कहा जाता है कि एक बार सिद्ध श्री कण्ठ के सामने अपनी गृहिणी कला का ह्रास करते करते यह रत्ती भर पारा रह गई । ये सब सिद्धियां और विभूतियां प्राप्त होते हुए भी इन्होंने साधक अभ्यासी को इनसे बचने का संदेश दिया ।

उपसंहार

दर्द भाषा कुल में पैशाचिक भाषाओं में पूर्ण भारत-ईरानी कुल की काश्मीरी भाषा का जो प्रथम साहित्य मिलता है वह इसी लल्लेश्वरी के वाख (छन्दों या वाक्यों) के रूप में है। इस सम्बन्ध में अलग अलग मत हैं कि इनके वाक्यों की संख्या वास्तव में कितनी है। श्रुतियों के रूप में होने के कारण इन वाक्यों के कई रूपान्तर बने हैं। कदाचित् इसीलिए यह संख्या १०१, २०१ और ३०१ है। इनके वाक्यों के बहुत से अंश काश्मीरी भाषा की उक्तियां बन गये हैं । इनकी भाषा प्राचीन कश्मीरी का आदर्श है जिसमें 'मयख़ाना' जैसे ठेठ फारसी के शब्द भी हैं और नाभिस्थल, क्लेश, आवागमन, हुतवह जैसे विशुद्ध संस्कृत के शब्द भी। ये वाक्य कश्मीरी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं । तसव्वुफ और दर्शन, योग और भक्ति, शैवमत और अद्वैतवाद, तात्विक दर्शन और साधारण युक्त जीवन का समन्वय करने वाली इस जनसुधारिका के वाक्य और बातों के होते हुए भी, भाषा, भाव, अर्थगौरव, पदलालित्य, व्यंग्य और अलंकार की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं और इसी लिए आदर्श माने जाते हैं । इनको कांट, प्लैटो और शंकर जैसे दार्शनिकों की कोटि में रखा जा सकता है । आचार-विचार की शिक्षा देने के कारण इन्हें दत्तात्रेय मुनि की कोटि में रखा जा सकता है । हठयोग और योग की शिक्षा देने और युग प्रवर्त्तिका के रूप में इन्हे पतंजलि और गोरख की परम्परा में रखा जा सकता है ।

तो यह है उसी धरा को अमरता प्रदान करने वाली लल्लेश्वरी की जीवन-गाथा और संदेश जिसने कैय्यट, मम्मट, बिल्हण, कल्हण, क्षेमेन्द्र, आदि दार्शनिकों, वैयाकरणों, ज्योतिर्विज्ञान-विशारदों, अलंकाराचार्यों, शासकों और उच्च कोटि के लेखकों को जन्म दिया ।

कश्मीरी भाषा के साहित्य में लल्लेश्वरी का वही स्थान है, जो उर्दू में चन्द्रभान, ब्राह्मण 'कश्मीरी' और वली 'दक्कनी' का, संस्कृत में बाल्मीकि का, हिन्दी में चन्द वरदई का और अंग्रेजी में चॉसर का ।

लल—वाख़

प्रो० रहमान राही

कश्मीरी कविता की समीक्षा करने वालों में साधारणत: यह प्रवृत्ति पाई जाती है कि वे अपना अधिकतर ध्यान आलोच्य कविता की पृष्ठभूमि, उसकी बाह्य विशेषताओं और उसकी कच्ची-पक्की बातों की ओर देते हैं। उदाहरणत: 'ललवाखों' पर अपनी लेखनी उठाते हुए वे उन विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक परिस्थितियों, घटनाओं तथा वैयक्तिक प्रवृत्तियों की चर्चा करते हैं जो उनके विचार में इस काव्य-रचना की पृष्ठभूमि में काम करती रही हों। वे हमसे कहते हैं कि 'लल-वाखों' की रचना पद्धति क्या है अर्थात् उसमें कितने पद हैं या उसमें कौन से छन्द आदि प्रयोग में लाये गये हैं। 'ललवाखों' के अर्थ का स्पष्टीकरण करते हुए विभिन्न विचार-प्रवृत्तियों और दार्शनिक प्रेरणाओं के साथ उनका सम्बन्ध जोड़ने की कोशिश की जाती है। विवाद का विषय यह होता है कि वास्तविक जीवन में इनकी उपयोगिता क्या है, या फिर उसकी प्रसिद्धि और लोकप्रियता पर प्रसन्नता व्यक्त की जाती है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि गवेषणा और व्याख्या का यह काम अपने स्थान पर बहुत आवश्यक है और किसी साहित्यिक रचना का मूल्यांकन करते समय इस प्रकार का अन्वेषण भी काम आता है, मगर जिसको यथार्थ में समीक्षात्मक अध्ययन कहा जाता है, वह न तो इन बातों से आरम्भ होता है और न ही मात्र इन्हीं बातों पर समाप्त होता है। समालोचक का पहला काम इस चीज़ को परखना है कि वह जिस विषय का अध्ययन करता है वह सीधा-सादा साहित्य है या नहीं और यह बात केवल साहित्यिक और सौन्दर्यबोध की कसौटी से परखी जा सकती है। असाहित्यिक कसौटियों पर चढ़ाकर अच्छे और बुरे पद्यों में भेद करना सम्भव नहीं। राजनीतिक तथा आर्थिक पृष्ठभूमि के न्यूनाधिक समान होने के बावजूद चॉसर और गोबर, गालिब और ज़ौक अथवा ललद्यद एवं शेख-उल्-आलम के काव्य में आकाश-पाताल का अन्तर है। एक ही व्यक्ति की रचना होते हुए भी महमूद गामी या महजूर की लिखी सभी कविताएं साहित्य के क्षेत्र में सम्मिलित नहीं की जा सकतीं।

कश्मीरी शायरी की प्रतिनिधि कृतियों का अधिकांश भाग पद्यमय है। पद्यमय काव्य से अभिप्राय है वह रचना, जिसमें कवि अपने किसी आन्तरिक अनुभव या स्थिति को कभी-कभार ही अभिव्यक्ति देता है। यह अभिव्यंजन सीधे भी हो सकता है और लक्षणा से भी होता है। कभी कवि अपने किसी भाव या अनुभव को सीधे व्यक्त करता है और कभी अपने भावाभिव्यंजन के लिये बाह्य दृश्य या परिस्थिति के प्रतिबिम्ब का सहारा लेता है और कभी-कभी ऐसा भी होता है कि वह अपने विभिन्न व्यक्तिगत अनुभवों का नवीकरण करके अपनी कल्पना को को उड़ाकर अपने से इतर किसी और के भाव या अनुभूति को काव्य का रूप प्रदान करता है। पहली स्थिति में चूँकि कवि का तात्कालिक उद्देश्य विशुद्ध रूप से अपने किसी भाव या अनुभूति का अभिव्यंजन करना होता है और चूँकि यह अभिव्यंजन कम-से-कम बाह्य आधार ढूंढता है इसलिये काव्यात्मक रचना साधारणत: छोटी व संक्षिप्त होती है और इसमें कवि को ध्वनि के उतार-चढ़ाव, शब्दों की बू-बास और इनकी छाया-माया एवं उन की लय-ताल का अत्याधिक ध्यान रखना पड़ता है।

वर्तमान से पूर्व की पद्यबद्ध कविता में प्रेरणाएँ प्रधान रही हैं----धर्म और प्रेम। कश्मीरी-काव्य के प्रथम युग की सर्वश्रेष्ठ रचना 'लल-वाख' गिनी जाती है। 'लल वाखों' की मूल प्रेरक स्थिति वह है जिसको हमने धर्म या मज़हब का नाम दिया है और जाति एवं प्रकार की दृष्टि से हम इसके अधिकांश भाग को काव्यमय कह सकते हैं तथापि 'लल-वाखों' की कविता और उदाहरणत: अरनीमाल की कविता में एक विशेष अन्तर है और अगर उसकी उपेक्षा न की जाए तो 'लल-वाखों' का ठीक-ठीक मूल्यांकन अत्यन्त कठिन है।

वियोग की बेचैनी का भाव और मिलन की एक उड़ान भरती हुई उत्सुकता जिसका सीधा-सादा अभिव्यंजन हुआ है---एक भाव है, जो सीधे सादे तरीके से और नाम लेकर व्यक्त किया गया है। 'लल-वाखों' में भी भावनाओं और अनुभूतियों का अभिव्यँजन हुआ है और बड़ी शिद्दत के साथ गहरे तत्व-चिन्तन से हुआ है ; परन्तु हम जिस विशिष्ट विशेषता की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं वह यह है कि 'लल-वाखों' में अपने आप ही किसी अनुभूति या भावना का प्रतिनिधित्व नहीं होता, बल्कि उसमें अनुभूति का महत्व एक सर्जित भाव है, एक घनिष्ठतम एवं चमकदार दार्शनिक विचार-प्रणाली जिस में अनुभव का जोश और सान्निध्य, करामात एवं स्वप्न का सरूर होता है। अर्थ की दृष्टि से यदि देखा जाये तो 'लल-वाख' शैवमत नामक एक विशेष दर्शन का, तर्क एवं साधना की वास्तविकता व विशेषता तथा कुछ सूफियाना सच्चाइयों का वर्णन प्रतीत होता है परन्तु इस संकलन के अच्छे वाखों में यह दर्शन और सत्य अनुभूत भावों का रूप धारण करता है, मात्र विचार के क्षेत्र में इसके सही या गलत होने के बारे में मतभेद हो सकता है परन्तु 'लल-वाखों' में जब वही विचार काव्यानुभूति बनता है तो इसकी सत्यता पक्की हो जातो है, बल्कि एक दृष्टि से सत्य और असत्य का प्रश्न ही लगभग असंगत और अनावश्यक बन जाता है।

इन पद्यों में बुद्धि एवं अनुभूति, भावना एवं विचार एक दूसरे में ऐसे मिल जाते हैं कि ख्याल को उपमाओं द्वारा पाया, पहचाना और वर्णित किया जाता है। यह भावना और दर्शन की वह सामर्थ्य है, जो एक दार्शनिक विचार को भी ज्वाला की आंच या शबनम की ठंडक की तरह अनुभव करती है। 'लल-वाखों' की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें मानसिक स्थिति या अनुभूति वर्णन नहीं की जाती बल्कि शब्दों के रूप में उस अवस्था की जैसी स्थिति सृष्ट की जाती है। वाखों में कोई विचार मात्र-विचार की स्थिति में प्रस्तुत नहीं किया गया है, बल्कि उस विचार से जिस मानसिक स्थिति का अनुभव रचनाकार को हुआ है, वही मानसिक स्थिति अलंकारिक ढंग से रचना के रूप में आ गई है। ऐसी रचना को हम भी पढ़ते समय वैसी ही मानसिक स्थिति---बेचैनी और तड़प का अनुभव करते हैं। इसलिये हम 'लल-वाखों' में उपमाओं, लक्षणाओं और अलंकारों की बहुलता पाते हैं।

सूफियाना अनुभवों और विचारों को काव्यरूप देने की कोशिशें 'लल-वाखों' तक सीमित नहीं रही हैं जिस प्रकार पहले ही कहा गया है धार्मिक प्रेरणाएं कश्मीरी शायरी के एक बहुत बड़े भाग के आधार का काम करती हैं। चुनांचि यह आवाज़ चौदहवीं सदी की 'लल' से चलकर उन्नीसवीं सदी के कवियों एवं बीसवीं सदी के कुछ कवियों तक भी विविध ध्वनियों तथा अनुमानों से सुनने में आती हैं; मगर 'लल-वाखों' और उनके बाद की अधिकांश सूफियाना शायरी में अनेक विशेषताओं के कारण अन्तर हो सकता है। सर्वप्रथम जो सत्चेतना एवं भावना---जो एकता एवं शिद्दत 'लल-वाखों' में यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होती है, बाद की कविताओं में उसका अभाव प्रतीत होता है और सत्य यह है कि मौलिक त्रुटि के कारण बाद के किसी सूफी कवि की रचना को 'लल-वाखों' जैसी प्रधानता एवं लोकप्रियता नहीं मिली।

शेख-उल्-आलम के नाम पर जो 'श्रूख' प्रसिद्ध हैं, बाह्य रूप-रंग से वे भी 'लल-वाखों' से मिलते-जुलते हैं। विषय की दृष्टि से भी दोनों में पर्याप्त समानता है, अगर भेद है तो केवल यह कि एक दहकता हुआ अंगारा है और दूसरा राख से लिपटी चिंगारी। 'लल-वाख' और शेख-उल्-आलम के 'श्रूखूं' की दार्शनिक एवं अनुभूतिपूर्ण पृष्ठभूमि में कितनी समानता क्यों न हो, किन्तु पृष्ठभूमि के विषय एवं साहित्यिकता की सही भूमि तक पहुंचते-पहुंचते दोनों के अभिव्यंजन में बहुत बड़ा अन्तर उत्पन्न हो गया है।

'लल-वाखों' के मुकाबले में शेख साहब के 'श्रूख' कोई जीवन्त अनुभव व्यक्त करने के स्थान पर पाठक या साधक को सम्बोधित मानो एक संस्मरणात्मक या अनुभवजन्य शिक्षाप्रद नुक़्ता प्रस्तुत करते हैं। शेख-उल्-आलम के अधिकांश 'श्रूख' हमारी बुद्धि को तो अवश्य छू लेते हैं; परन्तु मन में घर नहीं कर सकते। इन श्लोकों में जो उपमा और लक्षणा हैं, सर्जनात्मक से अधिक व्याख्यात्मक हैं; वे दृष्टांत तो प्रस्तुत करती हैं ; परन्तु प्रतीक नहीं बन सकतीं।

ललद्यद : संक्षिप्त जीवन एवं साहित्यिक परिचय

निर्मल 'कुसुम' काचरू

काश्मीरी भाषा का साहित्यिक एवं भाषा-वैज्ञानिक-महत्व है । यह भारत के संविधान में स्वीकृत भाषाओं में से एक है । प्राचीनता वैविध्य गुण व परिमाण की दृष्टि से भी अत्यन्त समृद्ध है । सभी भारतीय भाषाओं के इतिहास की तरह काश्मीरी साहित्य के इतिहास को भी हम चार[1] कालों में बांट सकते हैं । ललद्यद का समय काश्मीरी साहित्य का आदि काल है । इस काल का समय हम १२०० से १४०० ई० के लगभग मान सकते हैं ।

काश्मीरी भाषा में लिखा पहला ग्रंथ १३ वीं शताब्दी ई० में राजानक शतिकंठ का "महानय प्रकाश" है । इस का प्रकाशन जम्मू-काश्मीर अनुसंधान विभाग ने किया है । दूसरे कवि, जिन के कुछ पद्य (वाख[2]) हमें ललद्यद व नुंद ऋषि[3] के काव्य में मिलते हैं, का नाम है सिद्ध मोल (सिद्ध श्री कंठ) । इन दोनों कवियों का काव्य ऐतिहासिक महत्व का है । लल्लेश्वरी से पहले के साहित्य व भाषा के रूप से यह स्पष्ट हो जाता है कि लल्लेश्वरी से पहले ही काश्मीरी भाषा का साहित्यिक रूप निर्मित हो चुका था, यद्यपि भाषा में प्रौढ़ता व परिपक्वता लल्ली की ही देन है ।

सिद्ध मोल (सिद्ध श्री कंठ) पांपुर के निवासी थे । यह अपने समय के बड़े विद्वान् और शैव दर्शन के ज्ञाता थे । यही सिद्ध मोल ललद्यद के गुरु थे । कहा जाता है कि लल्ली और सिद्ध मोल में प्रायः सूक्ष्म तत्वों पर परामर्श होता था इन परामर्शों में लल्ली के विचारों की गहनता व प्रौढ़ता स्पष्ट दिखाई देती है ।

इनके नाम के साथ कई जनश्रुतियां जुड़ी हुई हैं । इन जन श्रुतियों में अभी और छानबीन करने की आवश्यकता है । इनके जन्म व मृत्यु संवत् का पक्का पता नहीं है, और उनका पूरा असली नाम[4] क्या था यह भा अज्ञात है ।

कुछ इतिहासकारों ने लल्ली का समय ७३५ हिज़री अर्थात् सन् १३३५ तथा कुछ ने ७४८ हिजरी या सन् १३४८ (अलाउद्दीन) का समय बताया है । कई प्रमाणों से ७४८ हिजरी या सन् १३४८[5] का जन्म संवत उचित लगता है ।

लल्लेश्वरी का जन्म ऐसे समय में हुआ जब हिन्दू शासन अंतिम सांसें ले रहा था । उन की बाल्यावस्था व जवानी मुसलिम शासन में बीती । यह समय धर्म में ही नहीं बल्कि राजनीति में भी विषमता का युग था तथा विभिन्न सम्प्रदायों व विचारों के संघर्ष का काल था । अपने समय की विषमताओं को उन्होंने एक सच्चे कवि की भान्ति देखा था । आपने काव्य में (वाखों) में उन्हें प्रकट भी किया । एक महान् कलाकार के कर्तव्य को लल्लेश्वरी नहीं भूली । इन दुःखों और विषमताओं से छुटकारा पाने का रास्ता भी इन्होंने बताया । इन्होंने जो

---

[1]कालविभाजन :--- श्री प्रेम नाथ बज़ाज के अनुसार 'शायर इनसानियत' की भूमिका में :--

१. पहला दौर-- शत्तिकंठ से शेख नूरुद्दीन तक २. दूसरा दौर-- हब्बा खातून से अरनिमाल तक

३. तीसरा दौर-- महमूदगामी से वहाब परे तक ४. चौथा दौर-- आधुनिक युग महजूर से प्रारंभ होता है ।

[2]वाख उस समय का बहुत प्रचलित छंद है । इसके चार चरण हैं ।

[3]ललद्यद के समाकालीन ।

[4]पंडित गोपी नाथ रैना ने अपनी किताब में लिखा है कि इन के माता-पिता ने इन का नाम पद्मावती रखा था परन्तु इस का अभी कोई प्रमाण नहीं मिला है ।

[5]श्री प्रेमनाथ बज़ाज व श्री आनंद कौल बाम्बज़ेई ने भी इसी समय को माना है ।

रास्ता दिखाया वह अपने समय की परिस्थितियों के अनुकूल था। वह था आध्यात्मिक दृष्टिकोण, व समाज के गहन अंधकार को आध्यात्मिकता का आलोक देना। उन का 'लल्लवाख' इसी शिक्षा से भरा पड़ा है। आज की तरह निर्माण का वैज्ञानिक रूप उन्होंने भले ही न दिया हो पर वह सच्ची मानव कलाकार थीं। मानव की पीड़ाओं और दुःखों को दूर करने का रास्ता उन का अपना था, जो अपने समय से प्रभावित था।

उन की भाषा सरल, प्रवाह पूर्ण है जो आज भी जनता की समझ में आती है। उन्होंने अपने समय की व्यावहारिक काश्मीरी का प्रयोग किया है। तभी वह हिन्दू तथा मुसलमान दोनों में सर्वप्रिय हो गई। मुसलमान उन्हें लल्ल आरफा और हिन्दु उन्हें ललद्यद के नाम से पुकारते थे। वह दोनों की मां थीं। ठीक भी है, एक सच्चा कलाकार मज़हब की संकीर्णताओं से दूर होता है। वह सब को एक मानव के नाते देखता है।

कबीर की तरह ललद्यद ने समय की मांग को पहचाना। तभी एकता व प्रेम का उपदेश दिया —

शेव छुई थलि-थलि रोज़ान
मो ज़ान ह्योंद त मुसलमान
त्रुखय छुख त पान परज़ान
सोय छय साहबस सीत ज़ानी ज़ान

[शिव (भगवान) हर जगह रहता है। वह सर्वव्यापक है। हिन्दू व मुसलमान को अलग-अलग मत समझ, दोनों एक हैं? अपने आप को जानना ही भगवान को समझना है।]

इन्होंने ईश्वर व मानव को अलग-अलग नहीं देखा। इन के 'वाखों' से पता चलता है कि यह मानव को ही ईश्वर समझती हैं ----मानव अमर है, वह पहले भी था आज भी है, वह आगे भी रहेगा। कितनी महान सचाई और जीवन का सुन्दर आशावादी दृष्टिकोण ललद्यद ने दिया है—

असी आस्य त असी आसव
असी दोर करच पत-वथ
शिवस सोरि न ज्योन त मरुन
रवस सोरि न अत गत।

[भूत में भी हम ही थे भविष्य में भी हम ही होंगे। हमारा ही सदा आना-जाना रहा है। शिव के लिए आवागमन कभी समाप्त न होगा जैसे सूर्य का उदय व अस्त कभी समाप्त न होने वाला है]

सारांश में मानव की परंपरा सदा उसे जीवित रखती है और जीवित रखेगी।

यह मूलतः आध्यात्मवादी कवयित्री थीं। कबीर की तरह इन के काव्य में रहस्यवाद का पुट भी मिलता है। इनका 'लल्लवाख' आध्यात्मिक व रहस्यवादी भावनाओं से भरा है। कबीर की तरह इन्होंने आत्मा परमात्मा की एकता, माया का प्रपंच, संसार की असारता, परमात्मा की सर्वज्ञता के बारे में बहुत कुछ लिखा है। ललद्यद में ईश्वर को पाने की तड़प थी वह पंडितों और मौलवियों के पास इस उद्देश्य से गई कि वे उसे ईश्वर का मार्ग बताएं लेकिन कोई उन्हें कुछ न बता सका।

छांड्योम बवनन ब्ययि दोन दीशन
नेब निशान लोबुम न कुने
प्रछ्योम मलन त बेयि तप ऋष्यन
तिम लग्य बूज़ि-बूज़ि स्यने।

[मैंने भगवान को सब दिशाओं और सब जगह ढूंढा परन्तु उसका अतापता कहीं न मिला मुल्लाओं, तपस्वियों, मुनियों से भी पूछा। वे भी न बता पाए।]

कबीर की भांति पंडितों की मूर्खता व अज्ञान पर इन्होंने काफी चोट की है। वह कहती हैं यह पंडित ऐसे पढ़ते हैं जैसे पानी बिलोते हों पानी में से भी कहीं क्या मक्खन निकलता है? इन पंडितों की पढ़ाई निरर्थक है। दिन-प्रति-दिन इनका अहंकार बढ़ता जा रहा है। गीता पढ़ना उनके लिए अच्छा बहाना है। पढ़-पढ़ कर भी ये पंडित थोथे हैं। कबीर ने कहा है :--

पोथी पढ़-पढ़ जग मुआ, पंडित भया न कोय।
एक आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय।

बहती नदियां भी इनकी मूर्खता से सूख जाती है। अपने बुरे गलत कार्यं पर इन्हें दुःखी होना चाहिए पर उल्टा गौरव करते हैं।

ललद्यद शैव दर्शन की ज्ञाता थी। इन के काव्य में स्थान-स्थान पर, ओम्, ब्रह्मांड, शिव, परशिव, चित-

ज्ञान कुंडली-ब्रह्म आत्मा परमात्मा की एकता, आदि शब्द मिलते हैं :--

क्याह कर पांचन दहन त् काहन
वोखशन यथ ल्यजि करिथ यिम गै
सारी समहन यथ रज़ि लमहन
अद क्याजि् राविहे काहन गाव

[मैं पांच (तत्व) दस (इन्द्रियां) और ग्यारह (इन्द्रियां और मन) को क्या करूंगी। जो इस हांडी रुपी शरीर को डिगा गए यानी विषयों की तरफ ले गए, यदि सब ही इक्ट्ठे होकर एक ही रस्सी को खींचते यानी सब परमात्मा की ओर लग जाते तब वह गाय क्यों खो जाती जो सभी ग्यारह स्वामियों की अपनी थी अर्थात् ईश्वर को पाने में वे क्यों असफल रहते ?]

जहां एक ओर उनका काव्य अध्यात्मिक रहस्यवादी भावनाओं से ओतप्रोत है वहां भावों में पवित्रता व ऊंचाई है । अपने समय की सामाजिक व्यवस्था को भी उन्होंने आंख खोल कर देखा था ? इन्होंने अपने समय में गरीब-अमीर, ऊंच-नीच का भेद-भाव होते देखा था । एक को भूसे की रोटियां खाते और दूसरे को अपने रसोइए को खाना अच्छा न बनाने पर मारते देखा था । बुद्धिमान व काम करने वालों को भूखा मरते देखा था। कायर व आलसियों को पेट भर खाते देखा था :--

गाट्ुला अख वुछुम बोछि सीत मरान
पन जन हरान सु पोहनि वाव
न्यश बोद अख वुछुम वाज़स मारान
तन लल ब प्रारान छोनम न प्राह ।

[मैंने एक बुद्धिमान को भूख से इस प्रकार मरते देखा जिस प्रकार पतझड़ की हवा से पत्ते झरते हैं। मैंने एक मूर्ख को देखा जो अपने रसोइये को मारता था। तभी से मैं लल्ली इस दुनिया से विरक्त हो गई ।]

इन का जन्म पांपुर के पास रसमपुर नाम के गांव में श्रीनगर से नौ-दस मील की दूरी पर हुआ । इन के पिता खेती-बाड़ी कर आजीविका कमाते थे, सीधे-साधे सरल स्वभाव के थे । पर लल्ली बचपन से ही प्रतिभाशाली थी । उन दिनों बाल-विवाह का चलन था । बचपन में ही उन का विवाह कर दिया गया था । उनका वैवाहिक जीवन बहुत कष्ट-पूर्ण रहा । सास और पति के अत्याचार अपनी सीमा पार कर गए । उन के काव्य एवं जीवन पर इन तकलीफों का बहुत प्रभाव पड़ा है । वह कहती हैं —

ज़नम प्राविथ विभू न छोडुंम,
लूभन-भूगन हरम न प्रय ।
सोमुय आहार स्यठा ज़ोनुम,
चीलुम दौख दोद पोलुम दै ।

[जन्म पाकर मैं ने धन-दौलत की इच्छा न की। लोभ-भोग आदि की कामना नहीं की । थोड़ा खाना भी मैं ने काफी समझा । मैंने दु:ख दर्द व गरीबी सहन की और ईश्वर की पूजा करती रही]

उन के काव्य में है उनके जीवन के अनुभव और वह जीवन जो उन्होंने जिया है ।

चालुन छुई बुज़मल व त्रट
चालुन छुई मंदिन्यन गटकार ...

[तुझे तूफानों को, कठिनाईयों को सहन करना होगा । यदि दिन में ही रात हो जाए तो भी तुझे मौन एवं शान्त रहकर सहना होगा]

उन के कष्ट दिनों दिन बढ़ते ही गए । कष्टों की पराकाष्ठा ने उन को बहुत बदल दिया । कुछ ने उन्हें पागल समझा, कुछ ने भगवत्-प्रेम में लवलीन पुजारिन । मीरा की तरह लोगों ने उन पर अनेक आरोप लगाए । वह घबराई नहीं । वह असाधारण व्यक्तित्व की रमणी थी । उन्होंने कहा—

युस हा मालि गेल्यम त मसखर करयम,
सु हो मालि मनस खर्यम न ज़ॉह, ।
शेव पनुन यलि मे अनुग्रह कर्यम,
लूक ह्यडुन मे कर्यम क्याह ।

[जो मुझ पर ताने कसेगा, मेरा मजाक उड़ाएगा, मुझे बुरा भला कहेगा---वह मुझे बुरा नहीं लगेगा । मेरे शिव (भगवान्) जब मुझ पर अनुग्रह करेंगे तो लोगों का मजाक उड़ाना मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकेगा ।]

ललद्यद के काव्य में हमें निर्गुण भक्ति के दर्शन होते

हैं। सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य में भक्ति निर्गुण व सगुण दो धाराओं में मिलती है । निर्गुण भक्ति भी दो शाखाओं में मिलती है :—

(१) ज्ञानाश्रयी शाखा (२) प्रेममार्गी शाखा। ज्ञानमार्गी शाखा का आधार वेदान्त है। शैव-शक्ति व नाथ संप्रदाय ने इसे रुप दिया है। प्रेम मार्गी शाखा सूफी दर्शन से प्रभावित है जिसमें भगवान् की प्राप्ति प्रेम द्वारा मानी गई है। ललद्यद ज्ञान मार्गी संत कवयित्री हैं। लेकिन उन पर कबीर की तरह सूफी मत का भी प्रभाव है।

कबीर की तरह ही लल्ली का भगवान निराकार है। उन के काव्य में स्थान-स्थान पर शिव, ओमकार, साहिब व दय (भगवान्) शब्द आते हैं लेकिन लल्ली का शिव साकार शिव नहीं वह लिंग का भी रूप नहीं है और मन्दिर में भी नहीं है। वह कबीर के राम की तरह निराकार, नित्य व निरंजन है :—

जाके मुख माथा नहीं, नाहीं रुप कुरुप
पुहुप वास ते पातरा ऐसा तत्व अनूप।

कबीर की ही तरह वह परमात्मा की सर्वव्यापकता में विश्वास करती हैं। वह कहती हैं कि ईश्वर केवल मन्दिरों में ही नहीं,सर्वत्र हैं। अपने गुरु सिद्धमोल तक को संबोधित करते हुए कहती हैं : –

दिव वटा दिवर वटा,
हेरि बोन छुई यीकवाठ ।
पूज़ कस करख हूत बटा,
कर मनस त पवनस संगाठ।

[देवता भी पत्थर का है और मन्दिर भी पत्थर का है। ऊपर (मन्दिर) और नीचे (देव मूर्त्ति) सब एक हैं। हे मूर्ख पंडित ! इन दो में से तुम किसे पूजोगे--सच्चे ज्ञान को ढूंढ, आत्मा को परमात्मा में लीन कर।]

एक और 'वाख' में कहती हैं--- "वही पत्थर सड़क में लगा है और वही मन्दिर मैं भी। वही पत्थर पवित्र मूर्त्ति में भी है। वही पत्थर चक्की का रुप भी है। शिव (सच्चाई, वह भगवान) इन पत्थरों में नहीं मिलेगा वह इन पत्थरों से परे है। इन वाखों को पढ़ते-पढ़ते कबीर की ये पंक्तियां याद आती हैं :--

पाहन पूजे हरि मिलै, तो मैं पूजूं पहार
ताते यह चाकी भली पीस खाए संसार।

ललद्यद के जन्म की तरह मृत्यु के बारे में भी अनुमान पर ही निर्भर रहना पड़ता हैं। यह अनुमान है १३८४ से १४०० ई० तक।

संक्षेप में लल्लेश्वरी का काव्य व दर्शन न केवल काश्मीरी साहित्य की निधि है बलिक भारतीय साहित्य में भी इस का महत्वपूर्ण स्थान है, विशेषकर संत परंपरा में सर रिचर्ड टैम्पल पर लल्ली के वाखों का इतना प्रभाव था कि उन्होंने अपनी पुस्तक "दि वर्ड आफ लल्ला" में लल्ली के दर्शन को कई विकसित दर्शनों की बुनियाद माना है।

लल-द्यद का जीवन परिचय

शम्भुनाथ भट्ट 'हलीम'

१९४७ ईस्वी की बात है जब महात्मा गांधी ने कहा था कि बैर और विरोध का जो घना अंधकार इस समय उत्तर भारत में छाया हुआ है, उसमें अगर मुझे प्रकाश की किरण कहीं दीखती है तो वह जगह कश्मीर है।

प्रकाश की वह किरण थी आपस का भाईचारा, आदमी-आदमी के बीच भेद न मानना और हिन्दू-मुसलमानों का एक दूसरे के साथ प्यार का बर्त्ताव करना।

कड़ी कसौटी के समय भी कश्मीर के लोगों ने अपनी टेक नहीं छोड़ी। क्यों? क्योंकि उसके पीछे साल दो साल की नहीं सदियों की परम्परा है। इस परम्परा को जिन संतों, सूफियों, भिक्षुओं और योगियों ने कायम रखा, बढ़ाया और फैलाया, उनमें लल्लेश्वरी का स्थान बहुत ऊंचा है।

लल्लेश्वरी चौदहवीं सदी के बीच से पन्द्रहवीं सदी के शुरू तक रहीं। यह जमाना कश्मीर के इतिहास का खास जमाना था। इस ज़माने में हिन्दू शासकों के बाद कश्मीर में मुसलमान बादशाहों का दौर शुरू हो गया था। साथ ही ईरान और बदख्शान से इस्लाम के प्रचारक भी कश्मीर में आकर बसने लगे थे। इनमें मशहूर मुसलमान प्रचारक सईद मीर अली हुए हैं। इनको शाह हमदान कहते थे। श्रीनगर में आज भी इनकी एक ख़ानक़ाह है, जहां लोग बड़ी श्रद्धा से ज़ियारत (यात्रा) करने आते हैं।

इस जमाने में मुसलमान सूफी भी कश्मीर पहुंचे थे। इस्लाम के प्रचार में वे भी अपने ढंग से सहायता करते थे।

उस समय कश्मीर के ज्यादातर लोग शैव मत के मानने वाले ब्राह्मण थे। भारत के और हिस्सों की ही तरह यहां भी विद्वान लोग संस्कृत में लिखते-पढ़ते थे। यह भाषा लोगों की समझ में नहीं आती थी। धर्म की प्रथाएं कुछ ऐसी रूढ़ियां-सी बन गईं थीं जो इस्लाम के नये उसूलों के मुकाबले में लोगों को टेढ़ी लगने लगी थीं।

ऐसी हालत में इस्लाम और ब्राह्मण धर्म के बीच टकराहट होना लाजमी था। डर इस बात का था कि जोश में आकर दोनों मतों के मानने वाले एक-दूसरे के खिलाफ बैर-विरोध के बीज न बोयें। इसके लिये एक ऐसे राह दिखाने वाले की जरूरत थी, जो युगधर्म को समझकर अपनी सीख दे।

सौभाग्य से ऐसा ही हुआ। लल्लेश्वरी के रूप में ऐसी आत्मा ने जन्म लिया जो उस ज़माने में भारत की परम्परा की रक्षक बनी।

लल्लेश्वरी का जन्म १३३५ ई० में एक कश्मीरी ब्राह्मण के घर में हुआ था। उन दिनों कश्मीर पर सुल्तान अला-उद्दीन का राज्य था। कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से कोई तीन मील दक्षिण-पूर्व में पांद्रेढन नाम का एक गांव है। पुराने जमाने में इस गांव का नाम पुराणाधिष्ठान था। लल्लेश्वरी यहीं पर पैदा हुईं।

लल्लेश्वरी का असली नाम क्या था, इसका पता नहीं। यह भी ठीक मालूम नहीं कि बचपन में लल्ल ने पढ़ाई-लिखाई की या नहीं। इतना जरूर कहा जाता है कि उन दिनों के ब्राह्मण बच्चों को घर पर ही गीता और धर्म की पुस्तकें पढ़ाया करते थे। इसलिये लल्लेश्वरी की पढ़ाई भी घर पर हुई होगी। लल्ल ने लिखा है:--

परान-परान ज्यव-ताल फजिम।

पढ़ते-पढ़ते मेरी जीभ और तालू तक घिस गये। जो भी हो इतना तो सही है कि लल्लेश्वरी शुरू से ही तेज़ बुद्धि और सूझ-बूझ की स्त्री थी।

उस ज़माने में बाल-विवाह का रिवाज था। लल्लेश्वरी का ब्याह भी छोटी उम्र में पाम्पोर में रहने वाले एक ब्राह्मण लड़के के साथ किया गया। पाम्पोर श्रीनगर से

करीब आठ मील दक्षिण में एक कस्बा है। यहीं आसपास की पठारों पर केसर का खेती होती है।

ससुराल में लल्लेश्वरी का नाम पद्मावती रखा गया। ससुर उन्हें बहुत चाहते थे, लेकिन सास सौतेली थी और वह बहू के साथ बहुत ही कठोर बर्त्ताव करती थी।

कहते हैं, बहू की जिस थाली में वह चावल परोसती थी, उसमें वह हर रोज एक पत्थर रखती थी। ऐसा वह इसलिये करती थी कि परोसे हुए चावल बहुत दिखाई दें। बहू ने बारह बरस तक सास की इस ज्यादती के विरुद्ध जरा भी शिकायत नहीं की। थाली मांजकर चुपचाप सास को लौटा देती थी साथ ही वह पत्थर भी, जो फिर उसकी थाली में रखा जाता था।

एक बार उस घर में बड़ी दावत हुई। बहू उस दिन भी बर्त्तन मांजने घाट पर आई। वहां पड़ोसिन ने उससे पूछा, "बहन, आज खूब पकवान खाये होंगे?" इसपर लल्लेश्वरी ने कहा :--

'होण्ड मॉरितन किन कठ, ललि निलवठ चलि न जांह। --'बड़ी दावत हो या छोटी, बहू का पत्थर से कभी छुटकारा नहीं।'

यह बात उसके ससुर के कान में भी पहुंची। उसने घर जाकर सारा हाल पूछा। जब उसे सही बात का पता चला तो उसने अपनी बीवी को खूब डांटा। लल्ल की सास ने समझा कि बहू ने शिकायत की होगी। इससे वह और भी कठोर बन गई और बहू को पहले से भी ज्यादा सताने लगी। मगर लल्ल ने बचपन से ही सीखा था कि कष्ट सहन करना नारी का धर्म है, उसी का उसने पालन किया। कश्मीर में आज तक लल्ल की सहन शक्ति बहुओं के लिए आदर्श है।

लल्लेश्वरी चर्खे पर बड़ा ही महीन सूत कातती थी। फिर भी सास उसे फटकारती थी। कहती थी, इतना मोटा सूत क्यों कातती है?

बहू के विरुद्ध सास ने इतना ही नहीं किया, उसने अपने बेटे के भी कान भरे। उससे लल्लेश्वरी का जीवन बहुत ही दुखी हो गया।

लेकिन वह जिस उद्देश्य को पूरा करने आई थी, बचपन की उस तपस्या ने उसी के लिये लल्लेश्वरी को तैयार किया।

भारत के और संतों की तरह लल्लेश्वरी के बारे में भी कई बातें कही जाती हैं और चमत्कार भी प्रचलित हैं। वे सच हों या न झूठ, लेकिन उनसे लल्लेश्वरी के जीवन की कई बातों पर प्रकाश पड़ता है।

कहते हैं, ससुराल में लल्लेश्वरी रोज़ सुबह उठकर वितस्ता नदी पर जाती थी। वहां वह नट-केशव भैरव के पवित्र स्थान पर कुछ देर जप-तप करने बैठ जाती थी। वापस आते हुए पानी का घड़ा भर लाती थी।

एक दिन विमाता के भड़काने पर लल्ल के पति यह देखने गये कि वह सवेरे कहां जाती है और क्या करती है। पति में अक्ल की कमी थी उसे पत्नी का जप-तप पागलपन लगा। जब वह नदी से पानी का घड़ा भरकर लाई तो पति ने गुस्से में उसका घड़ा ही फोड़ दिया। मगर अचरज की बात कि पानी नीचे नहीं गिरा। बहू ने चुप चाप घर के सब बर्तन उस जल से भर दिये, फिर भी पानी नहीं चुका। तब उसने जल बाहर फेंक दिया। जहां वह गिरा वहां एक तालाब बन गया। इस तालाब को 'लल-त्राग' कहते है।

एक तरफ लल्ल अपने ससुराल में कष्ट सहन करने से तपस्वी जीवन का अनुभव पा रही थी तो दूसरी ओर उसकी ज्ञान की प्यास बढ़ती जा रही थी।

उन दिनों कश्मीर में सिद्ध श्रीकण्ठ शैवमत के बड़े पंडित थे। वह लल्लेश्वरी के मायके के कुल-पुरोहित थे। ज्ञानी होने के अलावा वह योगी भी थे। बचपन से उन्हें लल्लेश्वरी की प्रतिभा का परिचय था। इसलिये वह लल्लेश्वरी को ससुराल में भी ज्ञान-ध्यान की बातें समझाते थे।

आखिर एक समय ऐसा आया जब लल्लेश्वरी घर-गृहस्थी के बन्धनों को छोड़कर प्रेम-दिवानी मीरा की तरह भक्ति और तपस्या में लीन हो गई।

घर छोड़ने के बाद लल्लेश्वरी ने अपने कुलगुरू सिद्ध श्रीकण्ठ से दीक्षा ली। मगर थोड़े समय में ही वह अपने गुरू से भी आगे बढ़ गई। सिद्ध श्रीकण्ठ ने स्वयं कहा है :--

गव चाठ ग्वरस खॅसिथॅइ
सुय वर दितम् देवा।
—शिष्य गुरु से भी बढ़ गया है। हे देव, मुझे भी ऐसा वर दे।

घर का जंजाल छोड़ने के बाद लल्लेश्वरी जगह-जगह घूमती रही। इसी जमाने में उसका नाम 'लल्ल' पड़ा। कश्मीरी में लटकते पेट को लल्ल कहते हैं। कहा जाता है कि लटकता पेट ही उनके तन को ढकने का काम देता था।

लल्लेश्वरी के जीवन का जो समय घूमने में बीता उसमें वह उस ज़माने के प्रसिद्ध पंडितों, सूफियों और मुसलमान प्रचारकों से मिलीं। यही वह जमाना है, जब लल्लेश्वरी के भीतर का कवि जाग उठा और उनकी वाणी वाखों (वाक्यों) के रूप में फूट पड़ी। लल्लेश्वरी की पैनी प्रतिभा ने अपने युग के धर्म को पहचानकर जो संदेश दिया, उससे सभी लोग प्रभावित हुए।

सिद्ध श्रीकण्ठ के अलावा लल्लेश्वरी ने अपने समय के दो बड़े धार्मिक व्यक्तियों से काफी अर्से तक व्यवहार और परमार्थ की चर्चा की। वे दो व्यक्ति थे शाह हमदान और शेख नूरूद्दीन वली। शेख नूरूद्दीन वली को कश्मीर के लोग नुंद ऋषि (नुंद बाबा) के नाम से याद करते हैं। वह कश्मीर में ऋषि-परम्परा के प्रवर्त्तक माने जाते है।

कहते हैं, जब श्रीनगर से कोई ४० मील दूर कैमूह में नुंद-ऋषि १३७४ ई० में सॅदर मोज (माता) के घर पैदा हुए, उन्होंने मां का दूध नहीं पिया। यह बात लल्लेश्वरी को बताई गई। लल्ल ने आकर बालक से कहा---

यिनॅ मंदछ्योख न त चनॅ छुखा मंदछान।
---आते (जन्म लेते) शर्माया नहीं तो पीते क्यों शर्माता है।

कहते हैं, इस बात के सुनते ही बालक नुंदऋषि माँ के स्तन चूसने लगा।

सत्य की खोज करनेवाले संतों की तरह लल्लेश्वरी को भी लोगों का बुरा-भला सुनना पड़ा। लेकिन सच्चे योगियों और भगवान् के भक्तों की ही तरह लल्लेश्वरी भी मान और अपमान से विचलित नहीं हुई। वह न किसी की तारीफ से फूलकर कुप्पा होतीं और न किसी के गाली देने पर बिगड़ जाती। मीरा की तरह लल्लेश्वरी भी अपने शिव के प्रेम में मस्त रहती थीं। जिस हालत में वह घूमती रहती थीं, अनजान लोग और गली-कूचों के बच्चे उसे ऐसी हालत में देखकर चिढ़ाते रहते थे। मगर लल्लेश्वरी इसका कभी बुरा नहीं मनाती थीं।

एक बार वह कपड़े की एक दूकान के सामने से गुज़र रही थीं कि पीछे से बच्चों की एक टोली उन्हें बुरा-भला कहती आई। दुकानदार लल्लेश्वरी को जानता था, उसे बच्चों का बर्त्ताव बहुत बुरा लगा। जब उससे रहा न गया तो दुकान से उठकर उसने बच्चों को डांटा। वे भाग गये, लल्लेश्वरी देखती रही। उसके बाद अचानक वह दूकान के भीतर आई और दूकानदार से कपड़े का एक टुकड़ा मांगा। दूकानदार ने अहोभाग्य मानकर उसे कपड़े का एक टुकड़ा दिया। लल्लेश्वरी ने दूकानदार से कहा "इसके दो बराबर-बराबर टुकड़े कर दो। दोनों का वज़न एक-सा होना चाहिये।" दूकानदार ने वैसा ही किया। लल्लेश्वरी ने कपड़ों के दोनों टुकड़े अपने दो कंधों पर डाले और वहां से चल दी।

रास्ते में चलते हुए जब उसे कोई प्रणाम करता तो वह बायें कंधे पर के कपड़े में एक गिरह लगाती और जब कोई गाली देता तो दायीं तरफ के टुकड़े में एक गांठ बांधती। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। शाम को घूम-फिर कर लल्लेश्वरी फिर उसी दूकानदार के पास आई और उससे कपड़े के दोनों टुकड़े तोलने को कहा। टुकड़े जब तुल गये तो वज़न में दोनों बराबर निकले। इस पर लल्लेश्वरी ने बजाज से कहा---

गाल गॅडिन्यम् बोल पडिन्यम्,
दपिनम् तिह यस युथ रोचे।
सहज कोसमव पूज करिन्यम्,
बो अमलिन्य कस् क्याह मोचे॥

---कोई निन्दा करे या कोई तारीफ करे। जो जिसके जी में आये, कहे। कोई मुझे फूल चढ़ाकर पूजा करे। (इनसे) किसी को क्या हासिल होगा, (क्योंकि) मैं दोष या मैल से रहित हूँ॥

हासा बोल परिन्यम् सासा,
म्य मनि वासा खेद ना हीये।
योदवनय शंकर भॅक्च आसा,
मकुरि सासा मल क्या प्ये ।।

--हजार बार वह मेरी खिल्ली उड़ायें। मेरे मन में उसका जरा भी खेद नहीं है। अगर मैं शंकर भगवान् की भगतिन हों, तो भस्म से शीशे पर मैल काहे को जमेगा अर्थात् राख से तो मन का दर्पण और ज्यादा साफ हो जाएगा।

युस हो मालि ह्यड़ेम गेल्यम् मसखरी कर्यम्,
सु हो मालि मनस खर्यम न ज़ांह।
शिव पनुन यलि अनुग्रह कर्यम्,
लूकॅह हुंद हेड्डन म्य करेम् क्याह ।।

---जो मुझे चिड़ाये, मेरा मज़ाक उड़ाये, वह कभी मेरे मन को बुरा नहीं लगेगा। जब मेरा शिव मुझ पर कृपा करेगा तो लोगों का चिढ़ाना मेरा क्या बिगाड़ सकता है।

लल्लेश्वरी की निगाह बड़ी पैनी और साफ थी। वह चेहरे-मोहरे से ही जान लेती थी कि कौन आदमी किस आदत का है। कहते हैं, जब शेख नूरुद्दीन वली (नुंदऋषि) पैदा हुए तो लल्लेश्वरी वहां आई। बच्चे को देखते ही उसने भांप लिया कि बड़ा होकर यह बालक बहुत बड़ा जोगी बन जायगा। लल्लेश्वरी ने बच्चे की मां का नाम पूछा। पता लगा कि उसका नाम सॅदर है सॅदर कश्मीरी में सागर को कहते हैं। सुनते ही लल्लेश्वरी झट बोली---

सोद्रॅह मंजय छि मोख्तह नेरान।

--सागर ही में से मोती पैदा होते हैं। सचमुच नुंद ऋषि के रूप में कश्मीर को एक अनमोल मोती मिला।

इन्हीं नुंद ऋषि, उनके प्रधान शिष्य बाबा नसरूद्दीन तथा लल्लेश्वरी के बीच एक संवाद बहुत मशहूर है। तीनों संत परमार्थ की चर्चा करते थे---

बाबा नसरूद्दीन ने कहा----

सिर्यस ह्यू न प्रकाश कुने,
गंगि ह्यू न तीर्थ कांह।
बॉइस ह्यू न बांधव कुने,
रनि ह्यू न सुख कांह ।।

- सूर्य जैसा कोई और प्रकाश नहीं, गंगा जैसा कोई तीर्थ नहीं। भाई जैसा कोई बन्धु नहीं और बीवी जैसा कोई सुख नहीं।

नुंद ऋषि ने कहा---

अछ्यन ह्यू न प्रकाश कुने
कोठ्यन ह्यू न तीर्थ कांह।
चंदस् ह्यू न बांधव कुने,
खनि ह्यू न सुख कांह।

—आंखों जैसा कोई प्रकाश नहीं, टांगों जैसा कोई तीर्थ नहीं। जेब के समान कोई बंधु नहीं, और चादर जैसा कोई आराम नहीं।

लल्लेश्वरी बोली---

मयस ह्यू न प्रकाश कुने,
पयस ह्यू न तीर्थ कांह।
दयस ह्यू न बांधव कुने,
भयस ह्यू न सुख कांह ।।

--(ईश्वर के) भक्ति-रस से बढ़कर कोई प्रकाश नहीं, परम ज्ञान जैसा कोई तीर्थ नहीं। शंकर जैसा कोई बंधु नहीं और (प्रभु के) भय से बढ़कर कोई सुख नहीं।

इस बातचीत से जहां यह पता लगता है कि लल्लेश्वरी साधना और ज्ञान में बहुत ऊंची थी, वहां यह भी मालम होता है कि कविता की उनकी प्रतिभा भी बेजोड़ थी।

लल्लेश्वरी ने अपनी अमर वाणी के लिये बुद्ध भगवान की तरह लोगों की भाषा कश्मीरी अपनाई। वह कश्मीरी की सबसे पहली कवयित्री बनी। चूंकि लल्लेश्वरी से पहले की कोई भी कश्मीरी गद्य या पद्य रचना आज तक मिली नहीं है, इससे लल्लेश्वरी को कश्मीरी साहित्य में वही स्थान प्राप्त है, जो संस्कृत में बाल्मीकि को, हिन्दी में चन्द बरदाई को और उर्दू में वली दक्खनी को है।

लल्लेश्वरी के वाखों (वाक्यों) को लोगों ने इतना पसंद किया कि वह आजतक कश्मीर के हर पढ़े-लिखे

ग्रौर ग्रपढ़ की ज़बान पर हैं। कश्मीर के खेतों में काम करने वाला किसान हो या बोझ ढोने वाला मजदूर, बेल-बूटे काढ़ने वाला कारीगर हो या नाव खेने वाला मांझी---सभी में लल्लेश्वरी का कोई न कोई वाख स्वर से गाने की चाह मौजूद है। कश्मीर की संगीत---सभाग्रों का ग्रारम्भ लल---वाक्य से किया जाता है। लल-वाक्य कश्मीरी भाषा के लिये मुहावरे ग्रौर सूक्तियां बने हैं।

लल्लेश्वरी को कश्मीर के सभी हिन्दू ग्रौर मुसलमान 'लल द्यद' (लल माता) के नाम से याद करते हैं परम साधिका होने के कारण हिन्दू उन्हें लल-योगेश्वरी ग्रौर मुसलमान लल-ग्रारिफा कहते हैं।

लल्लेश्वरी का ग्रन्य भारतीय सन्तों के ग्रन्त की तरह श्रद्धा का विषय बना। कहते हैं बिजबिहाडा (व्यजब्रोर) की बड़ी मस्जिद के पास लल का देहान्त हुग्रा। हिन्दू मानते हैं कि उनकी ग्रात्मा ग्रग्नि की शिखा बनकर ग्राकाश में लीन हो गई। मुसलमानों का कहना है कि मस्जिद के पास दफन की गई।

जो हो, इतना ज़ाहिर हैं कि कश्मीर के हिन्दू ग्रौर मुसलमान समान रुप से उनके भक्त हैं। क्यों न हों, लल ने कभी हिन्दू ग्रौर मुसलमानों के बीच भेद नहीं माना। वह कहती हैं :

शिव छुय थलि थलि रोज़ान;
मव जान ह्योंद त मुसलमान।
त्रुक ग्रय छुख त पान पनुन परज़नाव,
सोय छय साहिबस सूँत्य ज़ॉनी ज़ान॥

शिव सब जगह मौजूद है। (इसलिये) हिन्दू ग्रौर मुसलमान को ग्रलग-ग्रलग न जान। यदि तू बुद्धिमान है —ग्रपने ग्रापको पहचान, वही साहिब (शिव) से ज़ान पहचान है।

बाहरी दिखावे की वह हिमायती नहीं थीं। कहते हैं, एक बार वितस्ता के किनारे सिद्ध श्रीकण्ठ स्नान कर रहे थे। उधर से लल्ल गुजरीं। वह सिद्ध गुरु को देखकर थोड़ी दूर घाट पर एक मिट्टी की हंडिया बाहर से धोने लगी उस हंड़िया का ग्रन्दर का भाग गंदगी से भरा था। सिद्ध ने इसपर लल्ल से कहा, "जबतक बर्तन भीतर से साफ नहीं होता, बाहर की सफाई से क्या होगा?" लल्लेश्वरी ने सिद्ध गुरु से कहा, "बाहरी स्नान-मात्र से ही तब तक कैसे शुद्धि होगी जबतक भीतर का मन:प्राण शुद्ध न हों?"

एक बार लल्लेश्वरी एक मंदिर में गई। वहां उनके गुरू शालिग्राम की पूजा कर रहे थे। लल्ल उन्हें बताना चाहती थीं कि भगवान सब जगह हैं। सिद्ध ने जब लल्ल के वहां ग्राने का कारण पूछा तो उसने कहा "मुझे लघु-शंका की हाजत हुई, ढ़की हुई जगह जान कर यहां ग्राई हूं।" सिद्ध ने जल्दी उन्हें मंदिर से बाहर निकाला ग्रौर कहा कि मंदिर में ऐसा करना पाप है। इसपर लल्लेश्वरी ने पूछा, "मुझे ऐसी जगह बताग्रो, जहां मैं पेशाब कर सकती हूं" सिद्ध उन्हें एक तरफ ले जाकर बोला, "यहां" ललद्यद ने वहां से मिट्टी हटाई तो सिद्ध गुरु चकराये। वहां से शालिग्राम निकल ग्राये। दूसरी जगह भी ऐसा ही हुग्रा। तब लल्लेश्वरी ने सिद्ध से कहा---

देव वटा देवर वटा,
हेरि बोन छुँय एकवाट।
पूज कस करख हतो बटा,
कर मनस त पवनस संघाठ॥

--देव भी पत्थर है ग्रौर देवल (मंदिर) भी पत्थर। ऊपर नीचे सब एक पत्थर का बना है। ग्ररे पंडित, तू किसकी पूजा करेगा? ग्रपने मन ग्रौर प्राण को (योग के ग्रभ्यास से) एक कर दे।

एक दिन शाह हमदान, शेख नूरुद्दीन (नुंद ऋषि) सिद्ध श्रीकण्ठ ग्रौर लल्लेश्वरी एक साथ बैठे धर्म की चर्चा कर रहे थे। उसी समय ग्राकाश पर बादल छा गये। साथ ही तेज ग्रांधी चली। शाह हमदान ने कहा "वर्षा होगी" नुंद ऋषि बोले, "नहीं, ग्रोले गिरेंगे।" सिद्ध कहने लगे--"नहीं, बर्फ गिरने वाली है।" तब लल्लेश्वरी ने डांट कर कहा---

'फकुर ग्रय तें मक्र क्या।'

----ग्रगर साधक हो तो यह मक्कारी क्यों करते?

कश्मीरी में मक्र का दूसरा ग्रर्थ है पाला। कहते हैं, लल्लेश्वरी का इतना कहना था कि पाला पड़ने लगा।

इस प्रकार की कई शिक्षा देने वाली घटनाएें लल्ले-श्वरी के जीवन के साथ जुड़ी हुई हैं।

काश्मीरी काव्य को ललद्यद की देन

शशिशेखर तोषाखानी

प्रत्येक देश की साहित्यिक अभिव्यक्ति में नारी का अपना एक अलग स्वर रहा है। वह सदा उसे अपनी करुणा, मधुरिमा और सुकुमारता से अनुरंजित करती आई है। पुरुष ने जहां चिन्तन के गम्भीर क्षण प्रदान करके साहित्य को अनुप्राणित किया है वहां नारी ने उसे अपने अश्रु दान से सिंचित और पल्लावित किया है। कश्मीरी साहित्य इस बात का अपवाद नहीं है। कश्मीरी साहित्य की गति और प्रगति में नारियों का भी काफी महत्वपूर्ण हाथ रहा है। यों तो कश्मीर की साहित्यिक चेतना की अभिव्यक्ति का विकसिततम माध्यम पद्य रहा है क्योंकि इस भाषा में गद्य-रचना प्रायः न्यून ही है। कश्मीरी काव्य को लल्लेवरी, हब्बाखातून और अरिणमाल ने जो कुछ योगदान दिया है वह उसकी अमूल्य निधि है। वस्तुतः कश्मीरी काव्य के विकास और उसे आज की उन्नत अवस्था तक पहुंचाने का श्रेय बहुत कुछ इन्हीं तीन कवयित्रियों को मिलना चाहिये। यदि हम इन की काव्य-रचना का और उस युग की परिस्थितियों का जिसमें कि इन्होंने लिखा है थोड़ा बहुत अनुशीलन करें तो हम इनकी देन और इनकी सृजन शक्ति के महत्व का अनुमान लगा सकते हैं।

कश्मीरी कवित्रियों की इस मूर्ति में सबसे प्रथम जो नाम हमारी जिह्वा पर नाच उठता है, वह है योगिनी लल्लेश्वरी का; जिन्हें कि लक्ष-लक्ष कश्मीरी जनता स्नेह और आदर के वशीभूत होकर 'ललद्यद' के नाम से पुकारती है। हम कश्मीर के इतिहास में तेरहवीं और चौदहवीं शताब्दी को साहित्यिक-पुनर्जागरण का युग कह सकते हैं। यह वह समय था जबकि संस्कृत की प्राचीन परम्परा का अवसान हो रहा था और फारसी विचार संस्कृति ने अपना प्रभाव जमाना आरम्भ किया था। फिर भी, अतीत की प्रेरणा अभी पूर्णरूपेण मृत नहीं हुई थी। लल्लेश्वरी काश्मीरी साहित्य के इसी पुनर्जागरन-युग की सच्ची प्रतिनिधि थीं। उनके काव्य का मूल स्वर दार्शनिक रहा है। इसका कारण यह है कि शैशव से ही उनकी रूचि दर्शन और रहस्यवाद के प्रति रही थी। माता पिता ने परम्परानुसार लल्लेश्वरी का विवाह तो कर दिया, परन्तु पतिगृह में वह सुखी न रह सकीं। जैसे-तैसे पति, सास और समाज की क्रूरताओं को काफी देर सहने के पश्चात् उन्होंने गृह-त्याग किया और कश्मीर के प्रसिद्ध संत श्रीकण्ठ से कश्मीर-शैवधर्म की दीक्षा ली। दिव्यानन्द से पुलकित होकर अब ललद्यद घर-घर और गांव-गांव शैव-दर्शन से ओत-प्रोत पद्यों को गाती हुई घूमने लगी। मीरा ही की भांति उन्होंने लोक-लाज और कुल-कीर्ति को तिलांजलि देकर अपने 'प्रियतम' की गैल गही। किन्तु मीरा और 'ललद्यद' में काफी भेद है। 'ललद्यद' ज्ञान-मार्ग की पथिका होने के कारण निगुण की उपासिका थीं, जबकि मीरा भगवान कृष्ण की रूप-माधुरी की मतवाली होकर उनके सगुण रूप की आराधिका थी। यदि मीरा में अनुभूति की मार्मिकता है, तो लल्लेश्वरी में चिन्तन और मनन का संगम। हिन्दी कवियों में से कबीर और महादेवी का स्वर लल्लेश्वरी के स्वर से मिलता है। कबीर और लल्लेश्वरी में तो असाधारण समानता है।

लल्लेश्वरी कश्मीरी-काव्य की प्राचीनतम शैली, जिसे 'वाख' या 'वाक्य' की संज्ञा दी गई है, की प्रतिपादिका और प्रथम प्रयोक्ता हैं। उनके पश्चात् यद्यपि इस शैली में नुंद-ऋषि के पदों के अतिरिक्त अधिक काव्य-रचना नहीं हुई है फिर भी इसका अपना ऐतिहासिक महत्व है। लल्लेश्वरी के 'वाक्यों' में हमें कश्मीरी भाषा का प्राचीनतम रूप देखने को मिलता है। इस प्रकार वस्तुतः 'वाक्य' शैली का निर्माण ललद्यद के काव्य की विशिष्ट देन है।

शैव धर्म की अनुयायी होने के कारण लल्लेश्वरी ने मानव को यही संदेश दिया है कि अपनी इच्छा, तर्क और

भावना को ईश्वर को अर्पित करके उससे एकाकार हो जाना ही मानव-जीवन का मुख्य लक्ष्य है। उसके अनुसार स्वर्गिक सुख और परमानन्द प्राप्ति का एक मात्र उपाय अपने को भगवान में विलीन कर देना ही है। किन्तु ललद्यद ने केवल उपदेश ही नहीं दिये हैं। स्वयं भी उनका अनुसरण किया है। योग-मार्ग की वे काफी ऊंची साधिका थीं :—

भोर होते ही में उठी और अपने पगले (मन) को
(ज्ञान का) गीत सुनाया।
उसकी पीड़ा को मैंने शिव के प्रेम से बहलाया !
और मैंने इस अनुभूति को प्राप्त करने का यत्न किया
कि "मैं लल्ल हूं"
ऐसा करने पर मैंने अपने प्रियतम को जगाया
और निज को उसमें विलीन कर दिया ;
अतः दसों (इंद्रियों) की शुद्धि हो गई।

किन्तु ललद्यद के पद्यों में जो बात अत्यन्त महत्व की है वह है उनका कबीर की भांति धार्मिक बाह्याडंबर और अंधविश्वासों की निन्दा करना। सच्ची साधना द्वारा जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाने में ही उनका विश्वास था। इसी लिए वे कहती हैं :—

दीव वटा दीवर वटा
हेरि ब्रोन छु एकवाट।
पूज़ कथ करख हूत बटा,
कर मनस त पवनस संघाठ॥

जिसका मैंने यों अनुवाद किया है :—

पूजता किसे अरे नादान ?
पाहन है यह देव, कि देवालय केवल पाशाण !
दोनों पाहन हैं 'पंड़ित ! तू धरता किसका ध्यान?
मन-आत्मा कर एक, अर्चना का यह सत्य निधान !
मूढ़ रे बाकी सब अज्ञान !
पूजता किसे अरे नादान ?

ललद्यद के पद्यों में एक और महत्व की बात है। वह यह है कि उनमें इन्होंने शैव-दर्शन के गूढ़तम रहस्यों को सरल, जन-साधारण द्वारा समझी जाने वाली भाषा में प्रतिपादित किया है इसी बात में उनकी लोकप्रियता और स्थाई महत्व का रहस्य निहित है। उन्होंने अपने विचारों को जनसाधारण की दैनिक अनुभूतियों के पैमाने से उक्तियों द्वारा सजाया है। आज यद्यपि लल्लेश्वरी का कंठ स्वर हमें सुनाई नहीं देता। परन्तु उसकी प्रतिध्वनि बराबर उनके लोकप्रिय पदों में गूंजती है जिनके द्वारा उन्होंने जनता को दर्शन के गंभीर सिद्धान्तों का सरल भाषा में बोध कराया है। लल्लेश्वरी की प्रतिभा सार्वदेशिक और सार्वकालिक है। उनका संदेश 'बहुजनहिताय' है। कश्मीरी काव्य में वे अपनी उक्ति की सबलता, उपमानों की लघुता और गम्भीर अंतर्दृष्टि तथा मनुष्य की आत्मा के वातायन खोलने की शक्ति के लिये अद्वितीय हैं। आज भी लक्ष-लक्ष कश्मीरी जनता उनके वाक्यों को गाती रहती है।

———

ललेश्वरी के चार प्रतिनिधि 'वाख'

शशिशेखर तोषाखानी

मूल कश्मीरी

आयस ति स्योदुय त गछ़ ति स्योदुय
स्यदिस हो'ल कर्यम् क्याह ?
ब तस आॅसस आगरय व्यद'य
व्यदिस तॅ व्यन्दिस कर्यम् क्याह ।। १ ।।



अन्दरिय आयस चन्दरय गारान
गारान आयस हिह्यन हिह्य ।
चॅय नारान चय अथॅ दारान
चॅय मारान यिम कम विह्य ।। २ ।।



गगन चय भूतल चय
चय द्यन पवन त राथ ।
अर्घ चन्दुन पोष पोन्य चय
चल सकल तय लाग्यज़िय क्याह ।। ३ ।।



लल बु लूसस छांडान त ग्वारान
हल म्य क्वरमस रसान शतिय ।
वुछुन ह्योतमस तॉर्य डीठ्यमस वरन
म्यति कल गनेयि ज़ि ज़ोगमस तॅतिय ।। ४ ।।

हिन्दी पद्यानुवाद

सजनि ! मैं प्रिय की चिर पहचानी
प्रियतम की नगरी की मैंने सीधी गैल गही
डिगा सकेगा मुझ सरला को कोई कुटिल कहीं ?
मैं उनकी अपनी युग-युग से प्यारी सदा रही
बाधा कौन ? कि मैंने प्रिय की सरल राह ही जानी
सजनि ! मैं प्रिय की चिर पहचानी ।। १ ।।



खोज फिरी मैं अपने शशि को मन के नील गगन में !
अन्दर खोज, चली मैं बाहर, हेर चुकी पथ सारे
सोचा, मुझ सा कौन ? कि देखा सभी कहीं तू प्यारे
तू ही जग-पालक, तू ही भिक्षुक बन हाथ पसारे
अदभुत यह व्यापार ! कि तू ही मुस्का रहा मरण में ।
खोज फिरी मैं अपने शशि को मन के नील गगन में ।।२।।



देवा फिर पूजा कैसी आज ?
तू ही पवन, गगन-भूतल तू, तू ही दिन तू रात
तू ही अर्घ्य-पुष्प-जल चन्दन, सब कुछ तू ही तात
व्यर्थ आरती, व्यर्थ अर्चना की यह भ्रममय बात !
व्यर्थ ये पूजा के सब साज !
देव ! फिर पूजा कैसी आज ? ।।३।।



सखि री ! मैं खोज थकी घर प्रिय का
झेल हजारों कष्ट, अन्त में मिली कंत की नगरी
झाॅंका मैंने बन्द द्वार थे, कांपे उत्सुक पग री !
कच्ची मेरी प्रीत न समझे किन्तु कभी यह जग री
बैठ गई मैं दर पर प्रिय के, नेह जताने हिय का
सखि री ! मैं तो खोज थकी घर प्रिय का ।।४।।

लल्लेश्वरी

महेन्द्र रैणा

कश्मीर की अपूर्व सौंदर्य छटा में संगीत, कविता और कला की माधुरी यों सम्मिश्रित है जैसे शिव और भक्ति, भाव और शब्द, आकाश और उसकी नीलिमा एक स्वर में लयबद्ध हो गये हों। कश्मीरी की आदि कवयित्री लल्लेश्वरी ने इसी का अनुभव किया और अपने 'वाखों' में इन्हीं अनुभूतियों को इस प्रकार मुखरित किया कि सदियों बाद आज भी कश्मीर की घाटी उन्हीं 'वाखों' के संगीत को अपने हृदय की धड़कनों में बसाये हुए है।

लल्लेश्वरी ने योग-दर्शन के उच्च सिद्धान्तों और अकाट्य सत्यों को कश्मीरी भाषा में समोया है। उसी ने सर्व प्रथम कश्मीरी कविता का प्रारम्भ किया। इतिहास में कहीं-कहीं इस बात की चर्चा है कि लल्लेश्वरी से पहले भी कश्मीरी साहित्य का अस्तित्व था। कल्हण की 'राजतरंगिणी' में, जो संस्कृत भाषा में लिखी गई है, कई शब्द शुद्ध कश्मीरी भाषा के मिलते हैं। इसके अतिरिक्त कश्मीर के लोग संस्कृत को भी देवनागरी लिपि के बजाए शारदा लिपि में लिखा करते थे और शारदा लिपि लल्लेश्वरी से बहुत पहले की है। महात्मा श्रीकंठ ने अपनी एक पुस्तक में कश्मीरी भाषा में भी कुछेक वाक्य लिखे हैं। कुछ भी हो सत्य यही है कि कश्मीरी कविता का आरम्भ लल्लेश्वरी ने किया। वही इसकी आदि कावयित्री है।

लल्लेश्वरी के काव्य पर योग-दर्शन, शैव-दर्शन तथा श्रीमद् भगवत् गीता का पर्याप्त प्रभाव है। इसके काव्य में कोई ही ऐसी पंक्ति होगी जिसमें इन दर्शनों का प्रभाव पड़ा दिखाई न देता हो; परन्तु इसके बावजूद उसे न केवल अपने समय के कवियों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है वरन् अब भी जब कि कश्मीरी कविता में कई नए प्रयोग हुए हैं, लल्लेश्वरी की कला तक कोई नहीं पहुंच पाया। लल्लेश्वरी के समसामयिक कई कवि थे, जिन में से बाबा नसरूद्दीन और शेख नूरूद्दीन, इसी रंग में रंगे हुए थे। अन्तर केवल इतना था कि उनपर योग-दर्शन और शैवमत के अतिरिक्त इस्लाम का प्रभाव भी था। एक बार जब ये तीनों एक स्थान पर बैठे हुए थे, तो बाबा नसरूद्दीन बोल उठे :----

(सूर्य-सा प्रकाश किसी में नहीं; गंगा सा महातीर्थ कोई अन्य नहीं; भाई सा नाता कोई और नहीं; और पत्नी जैसा सुख कोई नहीं)।

बाबा नसरूद्दीन के पद्य सुनकर शेख नूरूउद्दीन (जिन्हें सामान्यतः नुन्द ऋषि भी कहा जाता है) बोल उठे :---

(आंखों जैसी ज्योति किसी में नहीं; घुटनों जैसा तीर्थ कोई नहीं; अपनी जेब के बराबर कोई नाता नहीं और खाने-हँसने के बराबर कोई सुख नहीं)।

लल्लेश्वरी भी पास बैठी थी, बाबा नसरूद्दीन और शेख नूरूद्दीन के पद्य सुनकर कह उठी :---

(शिव की प्रेम-मदिरा के समान कोई ज्योति नहीं; शिव की खोज के तुल्य कोई तीर्थ नहीं; स्वयं शिव-सा कोई नातेदार नहीं और शिव के समान संसार में कोई सुख नहीं।)

इन तीनों पद्यों से एक बात स्पष्ट हो ही जाती है, कि लल्लेश्वरी अपने समसामयिक कवियों के समक्ष न केवल ज्ञान, योग और दर्शन में बढ़ी हुई थी, वरन् वह उन से उच्चतर कोटि की कवयित्री भी थी, उस के ऐसे 'वाखों' में न केवल उच्च विचार तथा शिव पर पूर्ण विश्वास है, वरन् काव्य-सौंदर्य भी दर्शनीय है।

लल्लेश्वरी के दर्शन के विषय में जिसे उसने काव्य विषय बनाया, और जिस में उसका सर्वस्व रंगा हुआ था, कुछ कहना बड़े साहस का काम है; फिर भी कुछ एक मोटी-मोटी बातें कहने का साहस करूंगा ही।

लल्लेश्वरी ने सब से अधिक जिस बात पर ज़ोर दिया, वह है अद्वैतवाद अर्थात् इस संसार का कण-कण 'एक' ही का अंश है। पेड़, फल, फूल, वन-पर्वत, नदियां, मैदान, पत्थर, धरती, जलवायु अर्थात् प्रत्येक वस्तु 'एक' ही के विभिन्न अंश हैं। इन सबकी आत्मा उसी 'एक' से मिली हुई है। चूंकि ललद्यद शैव मतावलम्बी थी और शैव मता-

वलम्बी प्रत्येक उस वस्तु, जिसे देखा, सुना, छुआ, सूँघा अथवा अनुभव किया जा सके, में शिव की स्थापना मानते हैं, इसलिये उसने भी इसी विचार को इस प्रकार प्रकट किया है :---

(मेरे लिये तो ऊपर भी तुम हो, नीचे भी तुम हो। तुम्हें ढ़ूँढते-ढ़ढ़ूँते मेरा सारा दिन व्यतीत हो गया। मैंने ज्ञान के भीतर भी तुम्हें देखा है। मैंने तुम्हें और अपने आप को भली-भांति देख लिया है)।

सारे ब्रह्मांड, मनुष्य के जन्म-मरण, और स्वयं मनुष्य को उसने शिव के रूप में यों देखा :---

(हम पहले भी थे, हम आगे भी होंगे। हमने अतीत से भविष्य तक सब कुछ देखा। हम जो शिव हैं, हमारे लिये जन्म लेने और मरने का क्रम कभी समाप्त नही होगा। जिस प्रकार सूर्य के आने जाने का क्रम कभी समाप्त नहीं होता)।

लल्लेश्वरी ने लोगों को भी उसी (शिव) पथ पर चलने की सीख दी। दैनिक जीवन के सामान्य उदाहरणों से उसने जनता को 'एक' होने को कहा :—

(शिव ही ब्रह्माण्ड के कण-कण में रमा है। इसलिये हे मनुष्य ! तू हिन्दू और मुसलमान को अलग-अलग न समझ। यदि तू बुद्धिमान है तो अपने आप को पहचानने का यत्न कर। 'साहब' से जान पहचान करने का वही एक रास्ता है)।

हिन्दू मुस्लिम एकता की यह शिक्षा न केवल लल्लेश्वरी ने कश्मीरियों को दी वरन उसने समसामयिक कवियों बाबा नसरूद्दीन तथा शेख नुरूद्दीन और अन्य हिन्दू मुस्लिम कवियों तथा सूफियों ने भी लोगों को इसी राह पर चलने को कहा। इन्हीं पूज्यनीय महानुभावों की शिक्षा के कारण ही कश्मीर में एक नये धर्म, नई शिक्षा तथा नए सिद्धान्त का उदय हुआ जिसमें शैवमत तथा इस्लाम का सुन्दर सामंजस्य है। यही कारण है कि अब यहां हिन्दुओं तथा मुसलमानों के पुण्य स्थान साथ-साथ हैं। वास्तव में उस समय दोनों जातियां शिव की अमिट और अटल शक्ति को अविभाज्य समझती थीं। और दोनों अपने अपने पुण्य-स्थानों में कोई अन्तर नहीं समझती थीं। फिर भी बदलते हुए समय के प्रभावों को स्वीकार करना ही पड़ता है।

यहां यह कहना आवश्यक है कि लल्लेश्वरी के दर्शन और इस्लाम के सूफीमत में बहुत कम अन्तर है। दोनों एक दूसरे के बहुत निकट हैं। इसके साथ ही यदि हम भक्त कबीर के दोहे पढ़ें तो वे लल्लेश्वरी के वाखों से बहुत ही मेल खाते हुए दिखाई देंगे। इसका कारण यही है कि दोनों भारतीय संस्कृति और भारत के विभिन्न दर्शनों से प्रभावित थे।

लल्लेश्वरी सारे ब्रह्माण्ड को शिव का बाह्य रूप समझ कर योग और भक्ति साधना में रत रही। एक ओंकार का उच्चारण करती हुई आगे बढ़ती गई और अधिकाधिक रहस्यों तथा सत्यों को प्रकट करती रहीं :---

"मैंने हर समय अपने मन को ओंकार पढ़ाया। शिव तो स्वयं उसे पढ़ रहा था और स्वयं ही सुन रहा था। जब 'सोऽहम्' शब्द से मैंने अहं समाप्त कर दिया तो फिर मैं लल्लेश्वरी उसी अखण्ड प्रकाश में विलीन हो गई।"

"मैंने एक शब्द ओम् पढ़ा। मैंने उसे अपने मन में स्थान दिया। उसे मैंने मन की शिला पर संवारा-निखारा, और मैं जो पीतल थी, स्वयमेव सोना बन गई।"

लल्लेश्वरी ने बारम्बार इस सत्य को प्रगटाया कि केवल शास्त्राध्ययन, गीता-वाचन अथवा शिव-वंदना ही एक योगी के लिये पर्याप्त नहीं। उसे आत्म-ज्ञान के लिये बहुत कुछ करना आवश्यक है।

"पढ़ाना आसान है, और आचरण कठिन। मित्र (शिव) को खोजना जोखिम का काम है। जब मैंने शिव को पाने के लिये योगाभ्यास प्रारम्भ किया तो मुझे समस्त शास्त्र भूल गये और जो सच्चिदानन्द शिव है उसका मिलना फिर मेरे लिये निश्चित हो गया।"

"वह जो गुरु की बात को प्रेम ग्रहण करे, और उसपर विश्वास करे और जो ज्ञान की लगाम से मन रूपी अश्व को अपने अधीन करे, वह अपनी अनुभूतियों को संयत रखकर अलौकिक आनन्द प्राप्त करेगा। तब उसे कौन मारेगा और कौन किस को मारेगा।"

लल्लेश्वरी स्मारक–एक सिंहावलोकन

चमनलाल सपरू

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि 'कॉशुर-समाचार' अपना नव-वर्षांक लल्लेश्वरी की स्मृति में प्रकाशित कर रहा है। इस अवसर पर मैं कश्मीर में लल्लेश्वरी की स्मृति में हुए कार्य का विवरण प्रस्तुत कर रहा हूं।

लल्लेश्वरी का व्यक्तित्व इतना महान् है कि कश्मीर की इस विभूति के व्यक्तित्व एवं कृतित्व ने न केवल देशीय अपितु विदेशी विद्वानों को भी आकृष्ट किया है। मेरे विचार में लल्लेश्वरी एक मात्र कश्मीरी महान् साहित्य-सेविका हैं, जिन पर व्यक्तिगत रूप से अधिक से अधिक पुस्तकें लिखी गई हैं। यहां पर मैं लल्लेश्वरी के जीवन एवं साहित्य पर शोध कार्य करने वालों की जानकारी के लिए "लल्ल-साहित्य" की सूची प्रस्तुत करता हूँ।

लल्लेश्वरी के सम्बन्ध में प्रकाशित साहित्य

1. The Word of Lalla : (Sir) Richard Temple.
2. Lalla Vakyani : (Sir) George Grierson.
3. Life & Sayings of Lalleshwari : Pt. Anand Kaul (Bamzai)
4. The Flame of Love : T. L. Vaswani.
5. Lal Ded : Her Life--Sketch and Selected Sayings (1956) : Janki Nath Bhan.

६. लल्ल वाक्याणि (संस्कृत पद्यानुवाद) : राजानक भास्कराचार्य

७. लल्ल-वाख (दो भाग) (देवनागरी तथा फारसी लिपि में) सं० पं० सर्वानन्द चरागी तथा पं० आफ़ताब कौल वांचू

८. लल्लेश्वरी रहस्य उपनिषद् (उर्दू) (दो भाग) पं० गोपी नाथ कौल

९. लल्लेश्वरी (सं० जीवनी) : श्री शशिशेखर

१०. लल्लेश्वरी (सं० जीवनी) : पं० शम्भुनाथ भट्ट 'हलीम'

११. लल्ल वाख : पं० जिया लाल जलाली

१२ लल्ल द्यद (उर्दू पद्यानुवाद) : पं० नन्दलाल कौल 'तालिब'

१३. दिव्य ज्योति : पं० श्यामलाल वली तीर्थ 'कश्मीरी'

१४. लल्लेश्वरी और कबीर (अप्रकाशित शोध प्रबन्ध) : डॉ० मोहनी कौल

१५. लल्ल योगेश्वरी (उर्दू) : पं० राम ज मल्ला

इसके अतिरिक्त विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में समय-समय पर लल्लेश्वरी के व्यक्तित्व पर विभिन्न विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं तथा लल्लेश्वरी के चुने हुए वाखों के पद्यानुवाद भी प्रकाशित हुए हैं। अनुवाद कर्त्ताओं के नाम इस प्रकार हैं: डॉ० हरिवंश राय बच्चन ('भाषा अपनी-भाव पराये में' संकलित) सर्वश्री दुर्गा प्रसाद काचरू, शशिशेखर तोषखानी, पृथ्वी नाथ 'पुष्प', गोपी नाथ कौशिक, पृथ्वी नाथ मधुप, शम्भुनाथ भट्ट 'हलीम', जानकी नाथ भान।

लल्लेश्वरी स्मृति दिवस

लल्लेश्वरी जैसी दिव्य-ज्योति का स्मृति-दिवस प्रति वर्ष मनाने का बीड़ा सर्वप्रथम कश्मीर हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने उठाया। इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय कार्य करने वालों के नाम इस प्रकार हैं :— सर्वश्री अमरनाथ सावनी, जियालाल कौल जलाली, स्व० दुर्गा प्रसाद काचरू, रूप नारायण पिशन, स्वरूप नारायण पिशन, सोमनाथ दर, शशि शेखर, मोहन निराश, रतनलाल शान्त, पृथ्वीनाथ मधुप, पृथ्वीनाथ साईल, गु.लाम रसूल मुश्ताक, पं० जिया लाल रैणा, पं० दीना नाथ जलाली आदि।

सर्व प्रथम लल्लेश्वरी-दिवस वर्ष १९५४ ई० में बड़े विशाल पैमाने पर शिवालय, श्रीनगर के विशाल प्रांगन में बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। कश्मीर के प्रसिद्ध विद्वानों ने भाषण किये और सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविताओं द्वारा लल्ल-द्यद को श्रद्धाँजलि अर्पित की। इस के अतिरिक्त प्रमुख कश्मीरी संगीतज्ञों ने लल्लेश्वरी के चुने

हुए वाखों को गाया। लल्लेश्वरी का स्थायी स्मारक बनाने के लिये सरकार से अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव पारित हुआ। इस अवसर पर कश्मीर हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से स्व० पं० दुर्गा प्रसाद काचरू की लल्लेश्वरी के सम्बन्ध में एक पुस्तिका का प्रकाशन भी हुआ।

इस प्रकार उपर्युक्त पद्धति पर लल्लेश्वरी समारोह समिति का प्रतिवर्ष निर्वाचन होकर यह दिवस मनाया जाता रहा। इन समारोहों की सब से बड़ी विशेषता यह होती थी कि हज़ारों नर-नारी बड़े उत्साह के साथ इन में भाग लेते रहे और कश्मीर के दो महापुरुष स्व० मास्टर शंकर कौल और स्व० मास्टर ज़िन्दा कौल स्वयं इन समारोहों में उपस्थित होकर प्रायः इनकी अध्यक्षता किया करते थे।

हर्ष का विषय है कि कश्मीर से बाहर भी भारत की राजधानी दिल्ली में कश्मीरी साहित्यकारों के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच, कश्मीरी बज़्मे अदब ने ६ मई, १९५६ को लल्लेश्वरी दिवस मनाया। यह महोत्सव पं० हृदय नाथ कुंज़रू के सभापतित्व में सप्रू हाउस में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर श्री जानकी नाथ भान ने लल्लेश्वरी पर एक खोजपूर्ण निबन्ध पढ़ा था और एक पुस्तिका भी प्रकाशित की थी। भाषणों के अतिरिक्त लल्ल संगीत का आयोजन श्री मोहन लाल ऐमा की देख-रेख में किया गया था।

नंगय नहीं नोंगुय

मास्टर शंकर कौल कश्मीर के सन्तों एवं सूफियों की कविताओं के अधिकारी टीकाकार थे। उनका लल्लेश्वरी दिवस पर भाषण सुनने के लिए लोग दूर दूर से आते थे और मंत्र मुग्ध होकर उनका भाषण सुनते थे। मुझे याद है किसी वक्ता के द्वारा लल्लेश्वरी के एक वाख की यह पंक्ति "तवय ललि ह्यो'तुम नंगै नच़ुन" सुनकर वह क्रुद्ध होकर इस प्रकार बोले :—

यह बिल्कुल एक भ्रांति है कि लल्ल योगेश्वरी बिल्कुल नंगावस्था में घूमती थी और न ही उपर्युक्त पंक्ति शुद्ध है। शुद्ध पाठ इस प्रकार है :—

"तवय ललि ह्यो'तुम नों'गुय नच़ुन"

'नोंगुय' शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने बताया था कि इसका अर्थ है विकास और उल्लास को प्राप्त होना। पं० शंकर कौल ने बताया कि कश्मीर की ऊंची-ऊंची चोटियों पर चढ़ते हुए मैंने एक जंगली फूल देखा है जिसको 'नोंगुय' कहते हैं। यह फूल जब हाथ में लिया जाता है तो डंठल को दो उंगलियों के बीच में पकड़ा जा कर ज़ोर से उंगलियों के सहारे फूल को जब झटका देकर अलग किया जाता है तो फूल नाचते हुए ऊपर चला आता है। चित की इसी अवस्था से लल्लेश्वरी का अभिप्राय है 'नोंगुय नच़ुन'।

कश्मीर हिन्दी साहित्य सम्मेलन में कई कारणों से गतिरोध उपस्थित हुआ और लल्लेश्वरी-स्मृति दिवस मनाने की परम्परा सुधार समिति के एक प्रमुख कार्यकर्ता पं० श्याम लाल वली 'तीर्थ-कश्मीरी' के प्रयत्नों से १९६३ में लल्लेश्वरी समारोह समिति का पुनर्गठन हुआ। इन पंक्तियों के लेखक को भी उक्त समिति में प्रचार मंत्री के रुप में मनोनीत किया गया। उक्त समिति की ओर से २० अक्तूबर, १९६३ को बड़े पैमाने पर लल्लेश्वरी दिवस मनाया गया।

इस वर्ष के समारोह की एक विशेषता यह थी कि पं० दीना नाथ 'नादिम' के सुझाव पर उस दिन प्रातः पांपुर में लल्लत्राग पर एक समारोह हुआ। उक्त समारोह की अध्यक्षता वहां के तत्कालीन विधान सभा सदस्य श्री जीलानी ने की। आपने वहां समयोचित भाषण करके श्रोताओं को मन्त्र मुग्ध कर दिया। पं० राम जी मल्ला के नेतृत्व में श्रीनगर से गई हुई पार्टी ने लल्लत्राग में दूध और पुष्पांजलि चढ़ाकर माता लल्लद्यद को स्मृति को ताज़ा किया। आरम्भ में श्रीनगर से आये हुए लल्ल भक्तों ने लल्लद्यद के गुरु सिद्धमोल के मन्दिर में जाकर भगवान शंकर की उपासना के अतिरिक्त आचार्य सिद्ध मोल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कुछ स्थानीय पत्र-पत्रिकाओं ने विशेषांक भी प्रकाशित किये और सार्वजनिक सभा में लल्लेश्वरी की स्मृति में एक स्थायी स्मारक बनाने के लिए

सरकार एवं जनता से पुनः अपील की गई। १९६३ के बाद लल्लेश्वरी दिवस मनाने का फिर कोई प्रयत्न नहीं किया गया।

लल्ल-आध्यात्म प्रचारालय

पं श्यामलालवली 'तीर्थ-कश्मीरी' की प्रेरणा से गणेश मन्दिर प्रवन्धक समिति, गणपतयार, श्रीनगर के तत्वावधान में एक संस्थान उपर्युक्त नाम से गणपतयार में स्थापित किया गया। इस संस्थान की ओर से प्रति सप्ताह एक बैठक आयोजित हुआ करती थी, जहां "लल्ल साहित्य" का पठन-पाठन हुआ करता था। इस संस्था की ओर से एक पत्रक भी प्रकाशित हुआ था और एक पुस्तकालय की स्थापना भी की गई थी। श्री तीर्थ कश्मीरी के अतिरिक्त इस संस्था के सक्रिय सदस्यों में श्री अमर चन्द वली एवं श्री राजनाथ ज्योतिषी का नाम उल्लेखनीय है। यह संस्था भी अब निर्जीव हो गई है।

लल्लद्यद मेमोरियल हाई स्कूल

श्री दीनानाथ 'नादिम' के सुयोग्य नेतृत्व में "कश्मीर हिन्दू एजूकेशनल स्कूलज़" के तत्वावधान में बड़ीयार में महिलाओं के लिए एक हाई स्कूल की स्थापना कुछ वर्ष पूर्व हुई है और उक्त स्कूल को लल्लद्यद के पावन नाम से स्मरण किया जाता है। मेरी राय में इस समय मात्र इस स्कूल के अतिरिक्त लल्लेश्वरी के नाम पर और कोई स्मारक नहीं है।

लल्लेश्वरी पर शोध-प्रबन्ध

यह एक दैव-योग ही समझिये कि लल्लेश्वरी पर पहला शोध-प्रबन्ध लिखने वाली एक महिला ही हैं और विशेष बात तो यह है कि जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय की ओर से किसी भी विषय में पहला शोध-प्रबन्ध लल्लेश्वरी पर ही स्वीकृत हुआ है। लल्लेश्वरी (जो कश्मीरी भाषा की आद्य-कवयित्री है) पर यह पहला शोध-प्रबन्ध लिखने का श्रेय डॉ० माहिनी कौल को है। डॉ० मोहनी कौल के इस शोध-प्रबन्ध के प्रकाशन की व्यवस्था हो रही है और सम्भवतः यह प्रबन्ध यथा शीघ्र प्रकाशित होगा। डॉ० मोहनी कौल कश्मीर विश्वविधालय के स्नातोत्तर हिन्दी विभाग में प्राध्यापिका हैं।

पं० अमरनाथ सप्रू और पं० रामजी मल्ला

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्याालय के कार्यालय-सुपरिटेंडेंट स्व० अमरनाथ सप्रू ने भी लल्लेश्वरी के वाखों की विशद खोज की हे। लेकिन उनका कार्य अप्रकाशित ही रहा।

स्व० पं० रामजी मल्ला लल्लेश्वरी के परम भक्त थे। उनका दावा था कि उनके पास लल्लेश्वरी के प्रकाशित वाखों का एक भण्डार मौजूद है किन्तु उसके प्रकाशन की व्यवस्था न हो सकी। उसमें कुछ चुने हुए वाख पं० जिया लाल कौल जलाली के सत्प्रयत्नों से प्रकाशित हुए। किन्तु उनमें से अधिकांश की प्रामाणिकता संदिग्ध है। मुझे ज्ञात हुआ है कि पं० राम जी मल्ला के संग्रहीत वाखों को अब पं० मुकुन्द जी राज़दान ने सुरक्षित रखा है। पं० राम जी मल्ला प्रति वर्ष माँ लललेश्वरी का दिवस अपने निवास स्थान पर श्रद्धा से मनाते रहते थे।

लल्लेश्वरी का चित्र

यह दुर्भाग्य की बात है कि लल्लेश्वरी का कोई प्रमाणिक चित्र उपलब्ध नहीं हैं। किन्तु कुछ कश्मीरी कलाकारों ने अन्तःसाक्ष्य एवं बहिसाक्ष्य के आधार पर उनका चित्र बनाने का प्रयत्न किया है। कश्मीर के प्रसिद्ध चित्रकार श्री मोहन रैणा ने कश्मीर हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा श्री दुर्गा प्रसाद काचरू की पुस्तिका के आवरण-पृष्ठ पर लल्लेश्वरी का भावपूर्ण मुद्रा में एक रेखा-चित्र बनाया है।

पं० रामजी मल्ला द्वारा प्रकाशित पुस्तिका 'लल्लेश्वरी' में जो चित्र मुद्रित हैं, वह योगेश्वरी के व्यक्तित्व के अनुरूप नहीं।

१९६३ ई० में आयोजित 'लल्लेश्वरी-जयन्ती' के अवसर पर स्व० पं० काशी नाथ भान ने एक विशाल तैल-चित्र बनाया था। इसमें लल्लेश्वरी को शिवस्वरूपा, भड़कीली वेश-भूषा में एक दहकते 'तन्दूर' में से निकलते हुए दिखाया गया है। उक्त चित्र शिवालय श्रीनगर में समाज़ सुधार समिति के कार्यालय में मौजूद है।

श्री बंसी पारिमू ने मुझे लल्लेश्वरी का एक चित्र बनाने का आश्वासन दिया था। उक्त चित्र लल्लद्यद के :—

आयस स्यो'दुय गयस न स्यो'दुय,
स्य मंज स्वथे लूसुम दोह।
वुछुम चन्दस हार न अथे,
अथ नावतारस दिम क्या बोह ॥

के आधार पर बनाने की हमने रूपरेखा बनाई थी। किन्तु बंसी जी ने अभी इस संकल्प को साकार रूप नहीं दिया है।

कश्मीरी कवियों को श्रद्धांजलि

कश्मीर के निम्नलिखित कवियों ने अपनी कविताओं द्वारा-लल्लद्यद को भावभीनी श्रद्धांजलियां अर्पित की हैं: सर्वश्री अमरचन्द वली, दीनानाथ 'अलमस्त', प्रेमनाथ 'प्रेमी', सर्वानन्द प्रेमी, शम्भुनाथ 'केवल', ग़ुलाम रसूल 'मुश्ताक', पृथ्वी नाथ साईल, नारायण जू 'अन्का', श्याम लाल वली 'तीर्थ-कश्मीरी', आदि।

लल्लेश्वरी का स्थायी स्मारक

लल्लेश्वरी का यथोचित स्थायी स्मारक बनाने के लिए मेरे कुछ सुझाव इस प्रकार हैं:

१. पाँपुर में एक हाल का निर्माण किया जाये जिसमें लल्लेश्वरी के प्रामाणिक वाख़ दीवारों पर खुदे हुए हों।

२. पाँपुर के गर्वनमेंट-गर्लज़ हाई स्कूल का नाम लल्लद्यद के नाम पर रखा जाये।

३. लल्लत्राग को सुरम्य एवं सजीला बनाने के लिए उस के चारों ओर एक पार्क बनाई जाये।

४. लल्लद्यद के गुरू स्यद्धमोल के नाम से प्रसिद्ध पाँपुर के प्राचीन शिवमन्दिर का जीर्णोद्धार किया जाये।

५. श्रीनगर में लल्लद्यद के नाम पर एक संस्थान की स्थापना हो और उनके नाम पर एक स्मृति ग्रंथ के प्रकाशन की व्यवस्था हो।

६. नेश्नल बुक ट्रस्ट लल्लेश्वरी की जीवनी और 'वाखों' का संकलन हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में प्रकाशित करे।

७. साहित्य अकादमी लल्लद्यद के प्रामाणिक वाखों का भारत की चौदह प्रमुख भाषाओं में अनुवाद कराये।

८. लल्लद्यद की एक भव्य काँस्य मूर्ति श्रीनगर के लाल चौक में स्थापित की जाये और उसके नीचे निम्नलिखित वाख उर्दू, हिन्दी और अंग्रेज़ी में अनुवाद सहित खुदा हुआ हो :—

शिव छुय थलि थलि रोज़ान,
मो ज़ान ह्योंद तॅ मुसलमान।
त्रुकै छुख पान पनुन परज़ान,
सो'य छय साहिबस सॅत्य ज़ानी ज़ान ॥

लल्ल-द्यद की सहनशीलता और चार प्रश्न

रमेश बाँगनू

सहनशीलता

लल्लेश्वरी की भक्ति किसी से छिपी नहीं। वह तो परंब्रह्म के प्रेम में शुरु से रत थी। इसलिए विवाहोपरान्त जीवन में एक नया मोड़ आने पर भी वह शिव भक्ति न भूल पाई। उसकी भक्ति सच्ची थी, उसको वास्तविक लग्न थी, वह तो अपने परंब्रह्म 'शिव' के प्रेम में ही लीन हो चुकी थी। अपनी भक्ति के कारण ही वह हमेशा-हमेशा के लिए अमर हो गई।

उसकी यह अगाध लीनता व भक्ति उसकी सास को फूटी कौड़ी भी न भाती थी। वह उससे असाध्य काम करवाती थी। वह तो सदैव उसको भिन्न-भिन्न प्रकार से कष्ट देने के लिए तत्पर रहती थी यहां तक कि उसकी सास उसको खाने की थाली (टूर) में बट्टे (काजवठ) को चारों ओर से चावल के दानों से ढ़क कर रख देती थी (यह दिखाने के लिए कि वह उसको कितना चावल परोसती थी) और उसकी वह सहनशील बहू उन दानों को खाकर बट्टा (काजवठ) धो-धाकर लौटा देती थी। इसी तरह का क्रम काफी समय तक रहा।

एक बार लल्ली के घर में कोई उत्सव था। अच्छे-अच्छे पकवान पक रहे थे, लेकिन लल्ली को तो उसकी सास ने पनहारिन बना रखा था। उसको पकवानों से क्या वास्ता। वह तो रसःस्वाद से तृप्त हो चुकी थी। वह कर्मयोगिनी थी। पानी भरने वाली अन्य सखियों ने लल्ली से मज़ाक में कहा कि आज तो खूब पकवान खाने को मिलेंगे। उस कर्मयोगिनी नें उत्तर में कहा था-: हमारे यहां बड़ा दिन हो या छोटा, मुझे क्या ! मुझे तो वह बट्टा (काजवठ) ही खाने को मिलेगा।

यही वह लल्लेश्वरी थी, जिसकी सहनशीलता, अगाध प्रेम और भक्ति को देखकर देवता लोग भी सिहर उठे थे। ऐसी स्थिति उसने अपने आपको यह कहकर पाई थी :

"लल्ली, सब समझ कर, शान्त होकर मूढ़ जैसी रह, सब सुनकर बहरी और सब देखकर अन्धी बन जा। ज्ञानानुभवियों का कथन है कि ऐसी स्थिति को प्राप्त करना चाहिये"।

चार प्रश्न

माता लल्लेश्वरी बाबा सिद्धनाथेश्वर गुरु की शिष्या थीं। उन्हों ने अपने गुरु से चार प्रश्न पूछे थे और उनके उत्तर गुरु महाराज ने यों दिये थे:--

प्रश्न (१) : निद्रा में गहरा डूबा हुआ कौन, और जागने वाला कौन ?

उत्तर : बहिर्मुख मन प्रपंच व्यवहार में डूब जाना ही निद्रा है और मन का अन्तर्युक्त होकर ज्ञान में, अपनी आत्म-स्थित्ति में मग्न होकर एकीभूत, एकाकार हो जाना ही जागृति है।

प्रश्न (२) : सतत् क्षरणशील रहने वाला सरोवर कौन सा है ?

उत्तर : कर्मेन्द्रियां (वाक्, पाणि, पाद, उपस्थ आदि) अपने-अपने विषय की अभिलाषा से ललचाती रहती हैं। शिवयोगी को इन्द्रियों को जीतकर मन को साक्षात्कार के मार्ग में सावधानी से जागृत रखना चाहिये।

प्रश्न (३) : मानव के पास शिव को समर्पित करने योग्य क्या है ?

उत्तर : जीवात्मा-परमात्मा में ऐक्य पाने वाला ज्ञान शिवार्पण करने योग्य है। लल्ली ! तू उसे अपने को देकर निश्चिन्त हो जा।

प्रश्न (४) : स्वयं को आखिर में समा देने का अति उन्नत स्थान कौन सा है ?

उत्तर : परमपद, शिवतत्व, लल्ली, तेरी आत्म-स्थिति, वस्तुतः तत्व दृष्टि से विमर्श करने से इस जीवात्मा को किसी प्रकार का बंधन बाध्य नहीं कर पाता, क्योंकि आत्मा निर्मल, शुद्ध, निर्विकार है। जन्म-मरण, सुःख-दुःख----ये सब जीवात्मा की संसार-यात्रा में होनेवाली घटनाएँ हैं। इनका लक्ष्य परंब्रह्मप्राप्ति----अध्यात्मस्थिति है।





लल्ल-द्यद : एक परिप्रेक्ष्य

ब्रजकृष्ण बली

लल्लेश्वरी के जीवन के विषय में कई किंवदन्तियां तथा आख्यान प्रचलित हैं। इतिहासकारों ने कई साक्ष्यों के आधार पर उसका जन्म काल सन् १३३५ ईस्वी माना है। उस समय उदयन देव के हाथ में कश्मीर का शासन था जो आक्रमणकारी मुसलमानों के प्रभाव से लड़खड़ाने लगा था। सारे भारत देश की तरह कश्मीर का राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक वातावरण अस्तव्यस्त था। बुलबुल शाह के हाथों रिन्चन और उसके साथियों के इस्लाम की दीक्षा लेने पर जनमन आक्रान्त और भयभीत हुआ था। इसी समय तैमूर के अपकर्मों से पीड़ित होकर मीर सय्यद अली हमदानी के नेतृत्व में अनेक लोग ईरान छोड़कर कश्मीर में शरण लेने आये। यद्यपि सय्यदों के विचारों और उपदेशों का कश्मीरी जनता ने हार्दिक स्वागत किया किन्तु उनकी इस्लाम को स्थिर और दृढ़ बनाने की आकांक्षा की काफी प्रतिक्रिया हुई। इसका परिणाम यह हुआ कि हिन्दुत्व में परस्पर द्वेष भाव वृद्धि को प्राप्त होता गया। दो भिन्न धर्मों और संस्कृतियों की आपस में मुठभेड़ हुई। जनता असमन्जस में पड़ गई। दो भिन्न आदर्शों का परस्पर संघर्ष होने लगा। लोग किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो गये। अन्धकार की घटा छाने लगी। जनता भंवर में चकरा गई। इसी भंवर में से, काई में से श्वेतकमल जैसी एक परम ज्योति निकली, जो लल्ला योगेश्वरी नाम से विख्यात हुई।

आज की जनता उसी ज्योति को ललद्यद के नाम से जानती है। ललद्यद ने क्या किया कि जो दोनों धर्मों में उच्च व उदात्त था उसका स्वागत और जो जो मानव की आध्यात्मिक व आधिभौतिक उन्नति में बाधक था उसका निराकरण किया। ललद्यद का जन्म एक ब्राह्मण घराने में हुआ, जो पुराणाधिष्ठान नामक ग्राम में स्थित था। यह ग्राम आजकल श्रीनगर के पास ही पांद्रेठन नाम से विख्यात है। शैशवावस्था से ही लल्ला के बौद्धिक चमत्कार का आभास प्राप्त हुआ था किन्तु किसी ने उसको सराहा नहीं। छोटी आयु में ही उसका विवाह पाम्पोर के एक ब्राह्मण लड़के के साथ हुआ जहां पर उसकी सास तथा पति ने उसके साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार किया। जीवन का पता उसके वाक्यों तथा स्मृति सुरक्षित कश्मीरी उक्तियों में प्राप्त होता है। लगता है इस तरह के अस्वस्थ वातावरण और निर्दय व्यवहार से लल्ला के हृदय पर भारी आघात पहुंचा, उसने अत्याधिक चोट खाई। आदिकवि वाल्मीकि की तरह लल्ला का शोकग्रस्त हृदयकमल कवित्व में खिल उठा। निस्सन्देह लल्ला भी कश्मीरी भाषा की आदि कवियित्री है। जो स्थान संस्कृत में वाल्मीकि को तथा हिन्दी में चन्दबरदाई को प्राप्त है वही स्थान कश्मीरी में कवयित्री लल्ला को भी प्राप्त है। हिन्दू हो या मुसलमान, सभी आदर, सम्मान व भक्ति से उसके प्रति नतमस्तक हो जाते हैं।

अपने भावों, विचारों, उपदेशों तथा सिद्धान्तों को प्रकट करने के लिए लल्ला ने कश्मीरी भाषा को ही अपना माध्यम बनाया। भगवान् बुद्ध की तरह उसने भी सर्व साधारण की भाषा को अपनाया ताकि जनता जनार्दन जाग उठे, उसका उत्थान हो, अन्धकार से परम् प्रकाश को प्राप्त हो। लल्ला का सन्देश केवल शिष्टवर्ग के लिये ही नहीं अपितु जन-जन के लिए है। अत:एव संस्कृत भाषा को न अपनाकर जनगण प्रचलित भाषा कश्मीरी को ही उसने अपनाया। दार्शनिक व बौद्धिक क्षेत्र को उसने एक नया मोड़ प्रदान किया, एक नई दिशा दिखा दी। उसने एक नया क्रान्तिकारी कदम उठाया और आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रदर्शन किया। लल्ला की उक्तियां लोगों की दैनिक भाषा में व्यवहृत होने वाली लोकोक्तियां बनीं। लल्ला के वचन

कश्मीरी भाषा के मुहावरे बन गये। हर्ष व विषाद, दुख व सुख, के समय लल्लवाख लोगों के लिये प्रेरणास्रोत सिद्ध हुए।

लल्लद्यद का कवित्व उसके पद्यों में निबद्ध है। इन पद्यों को "लल्लेश्वरी वाक्यानि" या 'लल्लवाक्य' से जाना जाता है। प्राचीन काल में और मध्ययुग में भी पद्यों को पत्रबद्ध करने का ज्यादा रिवाज नहीं था। अतः लल्ल-वाक्यों की उस समय की पत्रबद्ध कोई प्रति प्राप्त नहीं हुई है। जो कुछ प्राप्त हुआ है वह पण्डितों के कुलपरम्पराचारक्रम से प्राप्त हुआ है। सबसे पहले राजानक भास्कराचार्य ने लल्लवाक्यों का संस्कृत में पद्यानुवाद किया है किन्तु यह अनुवाद साठ वाक्यों अर्थात् पद्यों का ही है। इस समय जो पद्य प्राप्त हैं वह एक सो से भी अधिक हैं। पत्रबद्ध न होने के कारण, हो सकता है कुछ पद्य प्रक्षिप्त हों।

ललद्यद को लल्लायोगेश्वरी नाम से पुकारा गया है। इसका अभिप्राय है कि वह एक योगिनी थी। योग का लक्षण योगसूत्र में कहा गया है "योगश्चित्तवृत्ति निरोधः"। अर्थात् मानव की चित्त वृत्ति का निरोध ही योग है। चित्त प्रकृति का एक अंग माना गया है। पुरुष का प्रकृति के बन्धनों से छुटकारा पाना योग का ध्येय है। छुटकारा मानसिक तथा शारीरिक अभ्यास से प्राप्त हो सकता है। अभ्यास से ही पुरुष और प्रकृति के बीच विवेक बुद्धि प्राप्त हो सकती है, इसी का नाम कैवल्यावस्था या मोक्ष है। उसी अवस्था को लल्ला प्राप्त हुई थी।

ललद्यद को कश्मीर शैवसंप्रदाय का पूरा-पूरा ज्ञान प्राप्त था। शैव प्रक्रिया की बहुत ही गहरी जानकारी थी। न केवल जानकारी ही अपितु उसकी अनुभूति भी परम् सीमा की थी। त्रिकदर्शन पर अडिग विश्वास था। उसके वाक्यों में स्थान-स्थान पर शैवदर्शन के सिद्धांतों की झलक मिलती है। केवल यह कहना पर्याप्त नहीं होगा कि ललद्यद परम विदुषी धर्मनिरपेक्ष पाण्डित्यपूर्ण कवयित्री थी। वह इससे अत्यधिक उच्च पद को प्राप्त थी। शैवशास्त्र की पारिभाषिक शब्दावली में यदि यह कहा जाय कि उसको 'शक्तिपात' प्राप्त था तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी। वह उस पद को प्राप्त थी जिसका वर्णन भगवद्गीता में इन शब्दों में किया गया है :

"यं प्राप्य न निवर्तन्ते तद्धाम परमंनम।"

ललद्यद का अद्वैत में विश्वास है उसका अद्वैत केवल पारमार्थिक ही नहीं बल्कि व्यावहारिक भी है--पारमार्थिक अद्वैत से अभिप्राय है परमात्मा एक है जो निर्गुण, निराकार, निरंजन है। व्यावहारिक अद्वैत से प्रयोजन है व्यवहार में द्वैतभाव न होना अर्थात् समत्व बुद्धि से व्यवहार करना व समत्व भाव ही योग है। "समत्वं योग उच्यते" गीता की इस उक्ति की छटा ललद्यद की कविता में स्थान-स्थान पर प्राप्त होती है।

ललद्यद का धर्म मानव धर्म है। वह कबीरदास की तरह पत्थरपूजा, तीर्थाटन, जातिपाति के विरुद्ध है। उसका परमात्मा हर जगह, हर स्थान पर, हर नर-नारी में रहता है। उसका धर्म किसी विशेष जाति का नहीं, किसी विशेष वर्ग का नहीं, किसी विशेष देश अथवा काल का नहीं। वह मानव में आस्था रखती है। वह मानव की शाश्वत शक्ति में विश्वास रखती है।

ललद्यद ने अभ्यास पर काफी बल दिया है किन्तु यह अभ्यास केवल योगाभ्यास ही नहीं है। मानव का मानव से सदाचार, सद्बुद्धि, सद्वचन का प्रयोग एवं अभ्यास परमश्रेय है। संसार के मूलभूत तत्वों को समझने के लिए श्रेष्ठ मार्ग वही है। "यह संसार परित्याग और वैराग्य की पराकाष्ठा है। यही पूर्ण समर्पण है।" ललद्यद के इन शब्दों की छाप कबीरदास में पाई जाती है :

सबसे हिलिये सबसे मिलिये, सबका लीजिये नाम।
हांजी-हांजी सबसे कहिये, बसिये अपने गाम॥

सचमुच महापुरुषों के विचार सदा समान होते हैं।

ललद्यद सांसारिक निन्दा एवं स्तुति, सुख एवं दुःख, विषाद एवं हर्ष के प्रति तटस्थ है। वह इनसे कोसों दूर है। उसने विशुद्ध ज्ञान रूपी अमृतपान जो किया है। ललद्यद की उक्तियों से पता चलता है कि ललद्यद सांसारिक कीर्ति की उपेक्षा करती थी क्योंकि वह नश्वर है। वह ज्ञान रूपी विशुद्ध पद को प्राप्त हुई थी जो सांसारिक विषयों से परे है उसको न केवल कीर्ति या प्रशंसा की उपेक्षा थी अपितु निन्दा की भी कोई चिन्ता न थी। कोई उसकी निन्दा करे अथवा स्तुति किन्तु उससे क्या लाभ किसी को।

ललद्यद के अनुसार खाना-पीना या वेशभूषादि मानव के मन का परिचय नहीं दे सकता है। इनसे मन की शान्ति नहीं हो सकती है। जो झूठी आशाओं तथा भ्रम का परित्याग करते हैं वही उच्च पद को प्राप्त कर सकते हैं।

लल्लद्यद का विश्वास है कि केवल मात्र तपस्या अर्थात् इन्द्रियों के शमन और दमन से आत्मज्ञान प्राप्त नहीं होता और न इच्छामात्र से मुक्तिद्वार खुलता है। यदि कोई उपाय है तो वह यही है कि "लोभ को नष्ट करो और आत्मा का विचार करो। वह तुम्हारे पास ही है, दूर कहीं उसका अन्वेषण मत करो।"

परमात्मा को स्वात्म में समझकर ही परमात्मा की प्राप्ति होती है और जीव का व्यक्तित्व उसी में लय होता है। सारा प्रपञ्च उसी में लीन होकर केवल मात्र वही रहता है। 'पूर्णमेवावशिष्यते' उपनिषद् की इस उक्ति की झलक ललद्यद के वाक्यों में मिलती है।

परमात्मा सर्वव्यापक है। जड़ हो या चेतन, स्थूल या सूक्ष्म, वह सर्वत्र विद्यमान है। मानव चाहता है परमात्मा की पूजा करे, किन्तु प्रश्न है कि किससे करे। पूजा की सामग्री में भी वही विद्यमान है, तो पूजा निमित्त क्या प्रदान किया जाय। यदि कुछ प्रदान किया जाय तो उसका अभिप्राय हुआ परमात्मा को परमात्मा प्रदान किया जाय।

ललद्यद के जीवनकाल में ही उसकी आध्यात्मिक अनुभूति व उपलब्धि की ख्याति सर्वत्र फैली थी। लल्ला प्रसिद्ध हो चुकी थी। लल्ला को लोग शिव-स्वरूप मानने लगे थे। लल्ला ने शैवदर्शन का प्रचार व प्रसार जनसाधारण की भाषा में किया। अतः जन-जन तक उसके उपदेशों व वाक्यों के पहुंचने में देर न लगी। उसको समझने में लोगों को कठिनाई न हुई। इसके वाक्यों का हार्दिक स्वागत हुआ। लोग जाग पड़े। लोग लल्ला के वाक्यों को प्राप्त करके बोधयुक्त हुए। यही है लल्ला का धर्म, दर्शन, उपदेश व व्यवहार मार्ग। जब लल्ला ने अपने चित्त का मल जला दिया, हृदय स्थिति आकांक्षाओं को नष्ट किया, तभी लल्ला का नाम विख्यात हुआ :—

मल व्वन्दि ज़ोलुम्,
जिगरे मोरुम्।
त्यालि लल्ल नाव द्राम्,
यलि दल्य त्राविमस तती॥

भाद्र पूर्णिमा की देन

रमेश मोहन मल्ला

अगर फिरदौस बरोये ज़मीं अस्त।
हमीं अस्तो, हमी अस्तो, हमीं अस्त ।।

फ़ारसी के एक शायर ने यह शेर कश्मीर के बारे में कहा था, जिस का अर्थ है कि यदि भूमि पर कहीं स्वर्ग है तो वह यहीं है, यहीं है, यहीं है । यह तो सत्य है कि कश्मीर को भूमि का स्वर्ग माना जाता है । कश्मीर की इस स्वर्ग-समान भूमि पर समय-समय पर ऐसे महान् देवी देवताओं का अवतरण हुआ जिन्होंने लोगों को अपने विचारों द्वारा संसार में रह कर भी भगवान् से दूर न होने दिया । इन महान् देवी-देवताओं में हिन्दू-मुसलमान दोनों तरह के लोग थे तथा दोनों ने अपने अपने भक्तों को एक परंब्रह्म, अल्हा, के बारे में बताया कि ये सब उसी के अलग-अलग नाम हैं परन्तु वह वास्तव में एक है ।

शिव छुइ थलि थलि रोज़ान,
मौ ज़ान ह्योन्द त मुसलमान,
त्रुक ऐ छुख त पान पर्ज़ान,
सोइ छै साहिबस सीत ज़ानी ज़ान ।

(अर्थ : भगवान् कण-कण में रहता है । हिन्दू तथा मुसलमान में भेद न कर । यदि तू चतुर है तो अपने मन में झाँक । वही सच्चे परमात्मा से तेरा साक्षात्कार है ।)

ये शब्द उसी प्रातःस्मरणीय देवी के हैं जिस को कश्मीर का हर व्यक्ति ललद्यद (लल्लेश्वरी) के नाम से जानता है । इस देवी का जन्म १४ वीं शताब्दी ईस्वी में पाम्पोर के पास के गांव समपुर में एक ब्राह्मण के घर में हुआ था । चांद अपने पूर्ण यौवन में था तथा उस दिन भाद्र मास की पूर्णिमा थी । घर वालों ने इसका क्या नाम रखा था, इस बात का पता नहीं किन्तु १३-१४ वर्ष की आयु में जब इनका विवाह पद्मपुर (वर्तमान पाम्पोर) में हुआ तो ससुराल वालों ने इसका नाम पद्मावती रखा । पद्मावती की विशेष बात यह थी कि ग्रहस्थ में रह कर भी आप ब्रह्मचारिणी का सा जीवन बिताने लगीं । इन की सास तथा पति ने इन को अनेकों कष्ट तथा यातनायें दीं परन्तु आप अपनी क्रिया चर्या से कभी विचलित न हुई आप सब कुछ सहतीं पर मुँह से एक बात न निकालतीं और मौन रहतीं तथा भगवान शिव की उपासना करतीं । एक बार की बात है कि पद्मावती के ससुराल वालों के यहाँ कोई बड़ा उत्सव था । जब पद्मावती नदी पर नहाने गई तो किसी ने पूछा :---

यारबल काकन्यव प्रुच्छ तस लल्ये,
ललद्यद तोह्य अज़ मारिव कठ ।
तिम होण्ड मारितन किन कठ,
ललि हुण्द नलवट कौतसना चले ।।

(अर्थ :--नदी पर आई हुई स्त्रियों ने पूछा कि आज आप के घर में बहुत से बकरे मारे गये (अर्थात् दावत आदि हुई) परन्तु लल्लेश्वरी ने उत्तर दिया कि मेरे लिये तो वही वट्टा 'काजिवठ' है ।)

अतः स्पष्ट है उसके लिये तो वे ही दुःख थे । अन्त में लल्लद्यद ने ससुराल से तंग आकर घर छोड़ दिया तथा स्यदमोल को गुरु मानकर उन्ही के घर रहने लगीं । कुछ ही दिनों में भगवान के रंग में इस तरह रंग गई कि अपने बारे में सारी सुध-बुध खो बैठी । अब वह सड़कों और अन्य स्थानों पर नंगी नाचने लगीं । कई लोगों ने उन्हे पागल कहा, परन्तु कुछ समझदार व्यक्तियों ने उनसे यही कहा कि इस तरह नंगा रहना ठीक नहीं उन्होंने उन्हें वस्त्र आदि भी दिये परन्तु ललद्यद ने उन्हें लेना स्वीकार न कर अपने पेट की चमड़ी को खींच दिया जिससे शरीर का अगला भाग ढ़क लिया और अपने सिर के बालों द्वारा आगे और पीछे का भाग ढ़क दिया (कश्मीरी में ऐसे लटके मांस को लल कहते हैं) और तभी से आपका नाम लोगों ने ललद्यद रखा ।

इस महान् देवी के वचन लोगों के लिए ज्ञान का प्रकाश थे और यह प्रकाश सदा के लिये चमकता रहेगा। इन के कहे हुए वचन काव्य रस से भरपूर तो हैं ही किन्तु शिक्षाप्रद भी बहुत हैं। इन के पद श्रीमद्भगवदगीता, शंकर भाष्य, गीता रहस्य, गीता ज्ञानेश्वरी, वेदान्त, योग दर्शन, तत्वबोध, दीवान-ए-हाफ़िज़ (फारसी), कबीर शब्दावली आदि से मेल खाती हैं और उनका अर्थ भी गंभीर एवं सारगर्भित हैं। उदाहरणार्थ ---

लल्लेश्वरी :--- दम दम मन ओम्कार परनोवम्,
पानय पोरुम पानय बूज़ुम ।
सोsहम् पदस अहं गोलुम्,
तेल्गीय लल ब वाचस प्रकाशस ॥

फ़ारसी :--- दम्-ब-दम् रा गनी दानम हमदो शबोदम,
वाकिफ़े दम् बाश दम रा दम बदम ।

गीता :--- बन्द कर के बन्द सारे, रोककर अपने ख्याल,
थामकर दिलको समाधीमें हासिल कर कमाल
याद में मेरी जो अर्जुन छोड़ता है प्राण को
करवहं लेता है हासिल मंजिल-ए-इरफ़ान को

(उर्दू अनुवाद अध्याय-८
श्लोक १३-१४)

या

लल्लेश्वरी :--- दमा-दम कोरमस दमन हाले,
प्रज़ल्योम दीप त ननेयम ज़ात ।
अन्दरयुम प्रकाश न्यबर छोटुम
घटि रोटुम त करमस थफ ॥

कबीर :--- ज्यों तिलमाही तेल है ज्यों चकमक में आग
तेरा साई तुझ में है जाग सके तो जाग॥

इसी प्रकार से इन की अमर वाणी शताब्दियों से गूंजती चली आ रही है और सदा कश्मीरी भाषा जानने वालों को अपने प्रकाश से प्रकाशित करती रहेंगी। लल्लद्यद अमर है और अब भी अन्धकार के इस युग में हमें प्रकाश दिखा रही है और भविष्य में भी प्रकाश दिखाती रहेगी।

संक्षिप्त समाचार

राजधानी से

पद्मश्री सुभूषित डा० धर

डा० मोतीलाल धर, निदेशक, केन्द्रीय औषधि-अनुसन्धान संस्थान, लखनऊ, इस वर्ष गणतन्त्र-दिवस पर पद्मश्री से सम्मानित किये गये। बिरादरी के लिए यह गौरव का विषय है।

पुलिस पुरस्कार

श्री आग़ा इनायत अली, पुलिस पर्यवेक्षक, कश्मीर, इस वर्ष गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पुलिस पदक से पुरस्कृत किये गये।

सर्वभाषा कवि सम्मेलन

श्री राधाकृष्ण 'मसरत' ने इस वर्ष गणतन्त्र-दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित सर्वभाषा कवि सम्मेलन में कश्मीरी भाषा का प्रतिनिधित्व किया।

साहित्य अकादमी पुरस्कार

श्री मोहिउद्दीन हाजिनी की कश्मीरी कृति १९७० के साहित्य अकादेमी पुरस्कार के लिये चुनी गई है।

डा० काचरू भारत में

डा० ब्रज बिहारी काचरू, अध्यक्ष, भाषा शास्त्र विभाग, इलिनोई विश्वविद्यालय, अमरीका, हाल ही में अनुसन्धान कार्य के लिए भारत आये थे। डा० काचरू तेहरान और इज़राइल की ओर २६ जनवरी को पुनः प्रस्थित हुए।

भट्ट साहिब मध्य प्रदेश में

श्री बालकृष्ण भट्ट (विनोबा पुरी), लेखा अधिकारी, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम, नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के ज़िला भन्सी के अन्तर्गत बलाइडेला भेज दिये गये हैं।

जुत्शी साहिब राजधानी में

श्री एम० के० जुत्शी, सुपुत्र पं० रामचन्द्र जुत्शी, बम्बई से दिल्ली तबदील होकर आये हैं। जुत्शी साहब नई दिल्ली स्थित Hoechst में डिप्टी मैनेजर नियुक्त हुए हैं।

जम्मू से

अभिमन्यु कला केन्द्र का चुनाव

जम्मू स्थित अभिमन्यु कला केन्द्र का चुनाव १ जनवरी

कैप्टिन काचरू को बधाई और साधुवाद !

इम्तिहान की घड़ियों में गज़ब का धैर्य और मनोबल

राजधानी में रहने वाली समस्त कश्मीरी बिरादरी के लिये २ फरवरी १९७१ का दिन हर्षोल्लास का दिन था जब कैप्टिन मोहन कृष्ण काचरू तथा उनके सहयोगी और अन्य यात्री-गण लाहौर (पाकिस्तान) से सुरक्षित स्वदेश लौट आये। कैप्टिन काचरू का फोक्कर फ्रेन्डशिप विमान ३० जनवरी १९७१, को श्रीनगर से जम्मू आते हुए अपहृत किया गया था और ज़बरदस्ती लाहौर में उतारा गया था। परेशानी के क्षणों में कैप्टिन काचरू तथा उनके अन्य सहयोगियों ने जिस बहादुरी तथा सूझबूझ का प्रदर्शन किया तथा विमान के यात्रियों की जीवन-रक्षा की, उसपर हमें क्या, सारे देश को गर्व है।

१९७१ को सम्पन्न हुआ। कार्यकारिणी परिषद् का गठन इस प्रकार हुआ :-

श्री महाराजकृष्ण कौल ... अध्यक्ष, जम्मू कश्मीर
,, अशोक कुमार खर ... सभापति, जम्मू प्रान्त
,, सतीशकुमार राज़दान ... महासचिव
,, बन्सीलाल राज़दान ... उपसभापति
,, जवाहर लाल राज़दान .. कोषाध्यक्ष

इनके अतिरिक्त कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य इस प्रकार चुने गये :-

सर्वश्री मोहन सप्रू, उपेन्द्र चून्नू, आर.एल. तिक्कू, चान्दनारायण, बन्सीलाल कौल, रोशन लाल, राधाकृष्ण, पुरुषोत्तम मल्होत्रा, एम.एल. तिक्कू, बी.जे. आरू, ए.के. बख्शी, आर. के. राज़धान, आर. के. मचामा, जे. एल. कौल, एवं एस. सी. धर।

उधमपुर से

शारिका भवन प्रतिष्ठान

उधमपुर स्थित कश्मीरी पण्डित सभा, जिसका जन्म नवम्बर १९६४ में हुआ, कई सिद्धियों एवं उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ रही है। अपनी बिरादरी के सदस्यों की देखभाल और उनका कल्याण सभा का परम ध्येय रहा है। सदस्यों के प्रयत्नों से जम्मू श्रीनगर राजपथ पर दो कनाल ज़मीन का टुकड़ा प्राप्त किया गया है। वहां पर शारिका मन्दिर और धर्मशाला बनवाने का विचार है। मन्दिर की नींव और भित्तिमूल डाल दिये गये हैं परन्तु धनाभाव के कारण निर्माणकार्य रुका हुआ है। इसके अतिरिक्त एक गोष्ठी-शाला का निर्माण हुआ है जिसका नाम शारिका-भवन रखा गया है। शारिका-भवन का 'प्रवेश समारोह' एवं शारिका माता की मूर्ति स्थापना समारोह ५ दिसम्बर को बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ।

वार्षिक चुनाव

कश्मीरी पण्डित सभा की कार्यकारिणी समिति का वार्षिक चुनाव डा० बी० एल काव की अध्यक्षता में ५ दिसम्बर को हुआ। चुने गये व्यक्तियों के नाम इस प्रकार हैं :—

श्री सर्वानन्द तिक्कू ... सभापति
,, सोमनाथ मलिक ... उपसभापति
,, अमरनाथ त्रिछल ... सचिव
,, पुष्करनाथ मीरखुर ... सहायक सचिव
,, द्वारकानाथ धर ... कोषाध्यक्ष
,, मधुसूदन ... सहायक कोषाध्यक्ष
,, मोतीलाल बकाया ... संचालक
,, नाथजी कौल सुम्बली ... सदस्य
,, सोमनाथ हाक ... ,,
,, ए. के. मल्ला ... ,,
,, हीरालाल कौल ... ,,

पाणिग्रहण संस्कार

★ श्रीमती तथा श्री त्रिलोकी नाथ लंगर (आकाशवाणी) की सुपुत्री मोहिनी का श्रीमती दुर्गा मिश्र तथा डा० यू० मिश्र के सुपुत्र, सौमेन्द्र, के साथ ३१ जनवरी १९७१ को नई दिल्ली में।

★ श्रीमती तथा प्रो० श्यामलाल पंडित की सुपुत्री, आशा का श्रीमती तथा श्री अर्जुनदेव राज़दान (स्टेट बैंक) के सुपुत्र, डा० अवतार कृष्ण के साथ ३१ जनवरी १९७१ को नई दिल्ली में।

★ श्रीमती एवं श्री एम०एन० जुत्शी की सुपुत्रियों, महालक्ष्मी तथा आशा का श्रीमती प्रेम तिक्कू के सुपुत्र रमेश तथा श्री डी.एन. भान के सुपुत्र भूषण के साथ, क्रमशः ३ दिसम्बर १९७० को नई दिल्ली में।

★ श्रीमती एवं श्री त्रिलोकीनाथ चन्ना की सुपुत्री, नन्सी का श्री एम० सी० भाटिया के सुपुत्र, हरीश के साथ ३० नवम्बर १९७० को नई दिल्ली में।

★ श्रीमती एवं श्री त्रिलोकीनाथ धर (लोक सभा) की सुपुत्री, सविता, का श्रीमती व श्री डी० एन० रैणा के सुपुत्र, ओम् जी के साथ १६ जनवरी १९७१ को नई दिल्ली में।

★ श्रीमती एवं श्री राधाकृष्ण खोडा (शक्तिनगर) के सुपुत्र, प्यारेलाल का श्रीमती एवं श्री केशव नाथ कौल (मालवीय नगर) की सुपुत्री, प्रेमा जी के साथ १२ दिसम्बर १९७० को नई दिल्ली में।

★ श्री नन्दलाल ब्रडू (गौतम नगर) की सुपुत्री, रेखा का श्री राधाकृष्ण भट्ट (लाजपतनगर) के सुपुत्र, विजय के साथ ३० जनवरी को नई दिल्ली में।

★ श्री टी० एन० कौल (टाइम्स ग्राफ इण्डिया) की सुपुत्री सरला का श्री डी० एन० ग्रम्बारदार (रामाकृष्ण पुरम) के सुपुत्र, देशभूषण के साथ ३१ जनवरी को नई दिल्ली में।

हमारी कामना है कि नव विवाहितों का दाम्पत्य जीवन सुखमय तथा समृद्धिशाली होवे।

यज्ञोपवीत संस्कार

श्री टी० एन० कौल (टाइम्स ग्राफ इण्डिया) के सुपुत्रों, विनोद, रमेश तथा नवीन का यज्ञोपवीत संस्कार २९ जनवरी को नई दिल्ली में संपन्न हुग्रा।

हमारी हार्दिक शुभ कामनाएं।

शोक समाचार

● श्री दीनानाथ जुत्शी का देहान्त ७ दिसम्बर को श्रीनगर में हुग्रा। वह श्री ब्रद्रीप्रसाद जुत्शी (तिमारपुर) के पिता, तथा विंग कमाण्डर पृथ्वीनाथ जुत्शी एवं श्री जानकी नाथ जुत्शी के भाई ग्रौर श्री मोहन लाल कौल (रामकृष्णपुरम्) के ससुर थे।

● श्री त्रिलोकी नाथ चन्ना (सरोजनी नगर) के पूज्य पिता पं० दीनानाथ चन्ना का नई दिल्ली में १२ दिसम्बर १९७० को देहावसान हो गया। वे ग्रजमेर के श्री एम० एल० तोषखानी के ससुर थे।

● डा० निरंजन नाथ तोषाखानी का देहावसान १८ दिसम्बर १९७० को श्रीनगर में हुग्रा। वह श्री पृथ्वी नाथ भट्ट (रामकृष्णपुरम) के ससुर तथा श्री सोमनाथ तोषाखानी, चीफ इन्जीनियर, कश्मीर, के पिता थे।

● श्री पंडित परमानन्द भट्ट, भूतपूर्व ग्रकाउन्टेन्ट जनरल, जम्मू व कश्मीर राज्य, एवं संस्थापक रूपादेवी शारदापीठ श्रीनगर, का देहान्त २९ दिसम्बर १९७० को श्रीनगर में हुग्रा। वह श्री पृथ्वीनाथ भट्ट (रामकृष्णपुरम्) के पिता थे।

● पण्डित विश्वम्भर नाथ कौल ग्रदालती का देहावसान ३ जनवरी को नई दिल्ली स्थित सफदरजंग हस्पताल में हुग्रा। वह डा० ग्रमरनाथ कौल ग्रदालती, प्रिंसिपल, शिक्षा महाविद्यालय, गवालियर एवं श्री भूषणलाल कौल (टीकम गढ़, मध्यप्रदेश) के पिता तथा सर्वश्री ग्रर्जुन नाथ कौल (सरोजनी नगर), जानकीनाथ धर (फोरिस्ट विभाग-कश्मीर) एवं ब्रज पटेल धर (पोस्ट व टेलिग्राफ, श्रीनगर) के ससुर थे।

● पण्डित शम्भुनाथ कौल ज्योत्षी की धर्मपत्नी का देहान्त २३ जनवरी को श्रीनगर में हुग्रा। वह श्रीमती जयकिशोरी कौल (किदवई नगर) तथा डा० ग्रो० एन० कौल (बिलासपुर) की माता थीं।

● पण्डित प्रेमनाथ काज़ी की धर्मपत्नी का देहावसान २० जनवरी को भूपाल में हुग्रा। वह श्री पुष्करनाथ काज़ी (सुपरट० इन्जीनियर, भूपाल) एवं श्री रत्नलाल काज़ी (हौज़ खास) की माता थीं।

शोक संतप्त परिवारों के साथ हमारी हार्दिक सहानुभूति है। दिवंगत ग्रात्माग्रों को परम शान्ति व परम-धाम प्राप्त हो।

पुनीत स्मृति में

डा० ग्रमरनाथ कौल ग्रदालती (ग्वालियर) ने ग्रपने स्वर्गीय पूज्य पिता श्री विश्वम्भर नाथ कौल की पुनीत स्मृति में रु० १००/- कश्मीरी सहायक समिति के भवन निर्माण कोश को प्रदान किये हैं। समिति इस उदारता के लिए डा० साहब की कृतज्ञ है।



